राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 08 दिसंबर 2025
वर्ष 07, अंक 69, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

स्वास्थ्य विभाग में तैनात 150 निजी सुरक्षा गार्डो को हटाए जाने से मचा हड़कंप, डीएम आवास पर लगाई गुहार...03

आधा अधूरा काम करा कागजो पर काम पूर्ण दिखाये जाने के आरोप....06

## 'एस.आई. आरके बहाने काटे जा रहे विपक्ष के वोट...', अखिलेश यादव ने सरकार पर साधा निशाना, योगी के बुलडोजर पर कही बड़ी बात

**उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है. इस दौरान उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर पर भी कटाक्ष किया है. अखिलेश ने आरोप लगाया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के बहाने विपक्ष के वोट काटे जा रहे हैं.**

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है. अखिलेश ने आरोप लगाया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के बहाने विपक्ष के वोट काटे जा रहे हैं. चुनाव आयोग, बीजेपी सरकार और स्थानीय प्रशासन मिलकर ये काम कर रहे हैं. इन तीनों की एक ही कोशिश है कि विपक्ष के ज्यादा से ज्यादा वोट काटे जाएं. लोकसभा चुनाव में भी ऐसा ही हुआ है. इस दौरान अखिलेश कफ सिरप मामले में भी योगी सरकार पर निशाना साधा है।

सहारनपुर पहुंचे अखिलेश यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के बहाने वोट काटे जाने का काम चल रहा है. उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि इसका मतलब यह हुआ है कि पिछले लोकसभा चुनाव में जो लोग चुने गए हैं वह गलत चुने गए हैं. अखिलेश यादव ने कहा कि ये जो एस.आई. आर हो रहा है, इससे भाजपा के लोग ही घबरा गए हैं. पिछली बार लोकसभा में बीजेपी के लोग हारे हैं. यह बंगाल का चुनाव जीतना चाहते हैं. अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार के चुनाव में इन्होंने एक्सपेरिमेंट किया है, जिसका रिजल्ट उन्हें पॉजिटिव मिल गया है।

**क्या घुसपैठियों की सूची आई ? मनोज तिवारी को दी सलाह**

अखिलेश यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि घुसपैठियों की बात कर रहे हैं तो यह भी उन्हें ही बताना पड़ेगा. क्योंकि दिल्ली में उन्हीं की सरकार है. बिहार में कितने घुसपैठियों की सूची आई है? यूपी में भी कोई घुसपैठियां नहीं मिलेगा. हां थोड़े बहुत जरूर यहां से निकालेंगे, लेकिन यह बहुत बड़े पैमाने पर वोट काट देंगे. अभिनेता और सांसद मनोज तिवारी के डॉलर वाले बयान पर कटाक्ष करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यह लोग गाना गाने और बजाने वाले हैं. उनसे मेरे संबंध अच्छे है लेकिन वह इस तरीके की बात ना करें।

**सरकार अर्थव्यवस्था पर नहीं दे रही ध्यान**

अखिलेश यादव ने कहा कि अमेरिका ने जो टैरिफ लगाया है. उसे हमारे देश के व्यापारियों का कितना नुकसान हुआ है. कारोबार को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए, इस पर सरकार को सोचना चाहिए. क्योंकि डॉलर और रुपए में इतना अंतर आ चुका है, जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते. यह हमारी अर्थव्यवस्था डुबाने में लगे हुए हैं. सरकार इस पूरे मामले को दबाने में जुटी है. अगर समय रहते हुए सरकार इस बारे में नहीं सोचेगी तो भविष्य में देश के लोगों को बड़े संकट का सामना करना पड़ सकता है।

**बुलडोजर का ड्राइवर भाग गया और चाबी खो गई**

कोडिन सिरप मामले को लेकर उन्होंने कहा कि जिन्होंने बच्चों को खांसी का यह सिरप पिलाया है उन्हें जेल भेजा जाए. उनके पीछे बुलडोजर लगा दिया जाए. लेकिन अब यह लग रहा है कि बुलडोजर का ड्राइवर भाग गया है और चाबी खो गई है. उन्होंने कहा क्योंकि इस पूरे मामले में बीजेपी के लोग शामिल हैं. सरकार उन लोगों को बचाने में जुटी है. यही वजह है कि बुलडोजर की चाबी गुम हो गई है।

**बीजेपी इमोशन को उछालकर लड़ती है चुनाव**



अखिलेश यादव ने बाबरी मस्जिद को लेकर कहा कि वह इमोशनल हैं. बीजेपी इसी इमोशन को समाज के बीच उछालकर चुनाव लड़ती है. उन्होंने कहा कि हमारे देश की मिली जुली संस्कृति है. यहां जो हिंदुस्तानियत है, यह एक दूसरे के पहनावे एक दूसरे की भाषा से जुड़े हुए हैं. हम सदियों से साथ रहते आए हैं. बहुत सी ऐसी चीज है जिससे हम एक दूसरे से लड़ सकते हैं, लेकिन बहुत सी ऐसी चीज भी हैं जिससे हम एक दूसरे को आपस में जोड़ सकते हैं।

**बीजेपी राष्ट्र विवादी ज्यादा**

अखिलेश यादव ने कहा कि यह बीजेपी के लोग राष्ट्रवादी कम और राष्ट्र विवादी ज्यादा है. इन्हें डिवीजन चाहिए इन्हें विजन नहीं चाहिए. इन्हें किसी को साथ लेकर नहीं चलना है, बस यह चाहते हैं की लोगों को कितना दूर किया जाए. उन्होंने कहा कि उनके पास न तो बढ़ती महंगाई और ना ही बेरोजगारी का जवाब है. कोई बिजली नहीं लगी है, कोई कारखाना नहीं लगा है उसका जवाब नहीं है. बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है और बेईमानी है. इसका कोई इन पर जवाब नहीं है।

**11 साल बाद टूटी सरकार की नींद**

रूसी राष्ट्रपति पुतिन के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि वह भारत आए उन्हें बधाई देते हैं, लेकिन सरकार देर से जागी. रूस से हमारा बहुत पुराना नाता है. रूस हमारा भाई है. लेकिन जब पहले कांग्रेस की सरकार थी तब यह विवाद होता था कि हम लोग रसिया के करीब जाएं या फिर अमेरिका के. जो हमारी फॉरेन पॉलिसी में बदलाव हुआ. बीजेपी 11 साल बाद जगी कि हमारा मित्र कहां है. यह तो सोचना चाहिए कि 11 साल बाद भाजपा जगी है कि रसिया हमारा मित्र है इससे बड़ा धोखा और क्या हो सकता है. वह हमारा कारोबार लेने आए थे और हमने उन्हें अपना कारोबार दे दिया है।

**डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य बौखलाए**

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पर कटाक्ष करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि वह बौखलाए हुए हैं उन्हें कोई कुर्सी चाहिए. इसलिए वह कुछ का कुछ बयान देते रहते हैं. इंडिगो फ्लाइट के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि उद्योगपतियों का साथ सरकार को नहीं देना चाहिए. यह उदाहरण है किस प्रकार से पैसे वाले सरकार पर हावी हो जाते हैं. जो लोग इलेक्ट्रोल बॉन्ड लिए हैं वही उनसे हिसाब मांग रहे हैं. लेखपालों की मौत को लेकर अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार से अपील की है कि वह मृतकों के परिजनों को एक करोड़ और सरकारी नौकरी दी जाए।

## मालिक के खिलाफ FIR, 4 अरेस्ट, जांच कमेटी गठित... गोवा नाइट क्लब में हादसे पर CM का एक्शन

**● गोवा के अरपोरा गांव में एक नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट से लगी आग में 25 लोगों की मौत हो गई है. मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी और जांच कमेटी के गठन की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि अवैध क्लबों और व्यवसायों का ऑडिट कर भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए SOP बनाई जाएगी**



गोवा के अरपोरा गांव के एक नाइट क्लब में सिलेंडर में ब्लास्ट के कारण आग में कम से कम 25 लोगों की मौत के मामले में सरकार ने एक्शन लिया है. गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बताया कि इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और एक जांच कमेटी का गठन किया गया है. उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि अंदर 'इलेक्ट्रिक पटाखे' फोड़े गए थे, जिससे आग लगी, और क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

रविवार शाम को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में गोवा के CM प्रमोद सावंत ने कहा, 'अभी चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है. हमने रोमियो लेन के दूसरे क्लब को पहले ही सील कर दिया है. सरकार किसी भी गैर-कानूनी नाइट क्लब को बढ़ावा नहीं देती है. '

गोवा के DGP आलोक कुमार ने कहा, 'गिरफ्तार किए गए लोगों में चीफ जनरल मैनेजर राजीव मोदक, जनरल मैनेजर विवेक सिंह, बार मैनेजर राजवीर सिंघानिया और गेट मैनेजर प्रियांशु ठाकुर शामिल हैं... मालिकों, सौरव लूथरा और गौरव लूथरा के खिलाफ FIR दर्ज की गई है।'

**जांच कमेटी गठित करने का ऐलान**

सीएम ने कहा कि राजस्व सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई जाएगी जो ऐसे क्लब, बिजनेस जगहों वगैरह का ऑडिट करेगी, जो बिना वैध अनुमति के चल रहे हैं और जहां बड़ी संख्या में लोगों के इकट्ठा होने की संभावना है. इस कमेटी ने ऐसी सभी जगहों के लिए एक SOP बनाया है ताकि यह पक्का हो सके कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

उन्होंने कहा कि SDMA ने सभी क्लब, रेस्टोरेंट और दूसरी व्यावसायिक जगहों के लिए परामर्शी जारी की है, जहां ज़्यादा लोगों के आने की संभावना है, ताकि वैध अनुमति और ज़रूरी सुरक्षा नियमों के साथ काम किया जा सके।

सावंत ने इस दुखद आग के बाद स्थिति का रिव्यू करने के लिए राज्य प्रशासन और गृह विभाग के बड़े अधिकारियों के साथ कई बैठकें कीं. उन्होंने बताया कि सरकार ने घटना की जांच के लिए साउथ गोवा कलेक्टर, फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज के डिप्टी डायरेक्टर और फोरेंसिक लेबोरेटरी के डायरेक्टर की एक कमेटी भी बनाई है. कमेटी एक हफ्ते में अपनी रिपोर्ट देगी. CM ने कहा कि सरकार ने ऐसे उपाय किए हैं ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

**मृतकों के परिजनों को पांच लाख का मुआवजा**

उन्होंने कहा कि हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के सभी नाइट क्लब और दूसरी जगहों को एक एडवाइजरी जारी की जाएगी, जिसमें उनसे सुरक्षा के पुख्ता उपाय करने को कहा जाएगा. सावंत ने कहा कि जिन सरकारी अधिकारियों ने क्लब को चलने दिया-भले ही उसने कई नियमों का उल्लंघन किया हो, उन्हें दिन में सस्पेंड कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अधिकारी बिना परमिशन के चलने वाले क्लबों और उन जगहों का भी ऑडिट करेंगे, जहां बड़ी संख्या में लोगों के इकट्ठा होने की संभावना है. उन्होंने कहा कि हर मरने वाले के सबसे करीबी रिश्तेदार को पांच लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की मदद स्टेट डिज़ास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी फंड से दी जाएगी. उन्होंने बताया कि मरने वालों के पार्थिव शरीर को उनके घर ले जाने का इंतज़ाम किया जाएगा।

सावंत ने कहा कि यह घटना शनिवार रात 11.45 बजे हुई और फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज़ और पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं CM ने कहा कि शुरू में फायर फाइटर्स ने फर्श पर सिर्फ दो लाशें देखीं, लेकिन बाद में किचन में 23 और लाशें मिलीं, और इन लोगों की मौत दम घुटने से हुई थी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### M S D लॉ कॉलेज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



प्रयागराज। हेल्थ ई विजन फाउंडेशन की तरफ से M S D लॉ कॉलेज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र परीक्षक आशीष पाण्डेय, राजन तिवारी, मानसिंह यादव आदि मौजूद थे। जिसमें नेत्र परीक्षक आशीष पाण्डेय, राजन तिवारी, मानसिंह यादव आदि मौजूद थे। मौजूद लोगों में साबिर अली, मो0युनुस, मो0 लतीफ़, अरुणेश पांडे, कमलेश यादव अध्यापक, विकाश तिवारी, विनोद पांडे, बड़ी संख्या में अन्य लोग रहे। आयोजन करता डॉ, राकेश केशवानी, रवींद्र शास्त्री कार्यक्रम का शुभारंभ रविंद्र मिश्रा शास्त्री डॉ राकेश केसरवानी आलोक गुप्ता भोला गुप्ता रामचंद्र गुप्ता योगेश केसरवानी अजय दुबे अतुल यादव राम बहादुर सनी गुप्ता की उपस्थिति में हुआ।

### गोष्ठी के दौरान मौजूद कलाकार व अधिवक्ता

**शराब पीकर युवक से मारपीट, धमकाया**




**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम मिदरवाहा के मजरा लक्ष्मनपुर निवासी छोटेलाल उर्फ छोटू पुत्र मनोहर कुशवाहा ने पुलिस को अवगत कराया कि 1 दिस बर को शाम करीब 7 बजे वह अपने गांव में संदीप की दुकान के सामने खड़ा हुआ था, तभी दिनेश अहिरवार पुत्र मठू आया और शराब के नशे में धुत्त होकर अपनी मोटर साइकिल पर बैठकर लोगों को गालियां देने लगा। मना करने पर दिनेश अहिरवार ने उसके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज

## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की कोराव ब्लॉक मुख्यालय पर हुई बैठक

**● पत्रकार के हितों और संगठन के बिस्तार पर हुई चर्चा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोरांव प्रयागराज।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के नेतित्व में रविवार को कोरांव ब्लाक मुख्यालय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमे पत्रकार के हितों और संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई बैठक में जिले से आए जिला अध्यक्ष राजेन्द्र पांडेय और संगठन के राष्टीय मीडिया प्रभारी पवनेश उपाध्याय एवम प्रदेश कोषाध्यक्ष हौसला प्रसाद पटेल के नेतृत्व में बैठक की गई जिसमे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाअध्यक्ष राजेंद्र पांडेय ने किया उन्होंने बताया कि पत्रकार को हमेशा निडरता से काम करना चाहिए और हमारा संगठन भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ पूरे प्रदेश में नही बल्कि कई देशों में है और यह संगठन मात्र एक ऐसा सगठन है की पूरे जिले और हर तहसीलों में है कोरांव तहसील के वर्तमान तहसील अध्यक्ष शुखलाल विश्वकर्मा ने



कहा कि हमारे कोरांव तहसील में जितने भी पत्रकार संगठन में जुड़े हैं सब लोग पूरी लगन के साथ कार्य कर रहे हैं और आने वाले 2026 में नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा और नए साल के पहले ही फार्म जमा कर शुल्क जमा करने की अपील करता हूं ताकि नए साल तक मे सभी सदस्यों का नया कार्ड बन जाए बैठक में शामिल मुख्य रूप से पवनेश उपाध्याय राष्टीय मीडिया प्रभारी, हौसला प्रसाद पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष,जिला अध्यक्ष राजेन्द्र पांडेय,तहसील अध्यक्ष शुखलाल विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अमरेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, पत्रकार महेश पाण्डेय,मनोज शर्मा, राममूरत शुक्ल, बृजलाल चौधरी आदि भारी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## चुनाव सुधार-वोट चोरी पर 9 दिसंबर को लोकसभा में चर्चा, बहस में राहुल के साथ ये नेता लेंगे हिस्सा

**● संसद के शीतकालीन सत्र में 9 दिसंबर को लोकसभा में चुनाव सुधारों और 'वोट चोरी' के आरोपों पर 10 घंटे की बहस होगी. राहुल गांधी नेता विपक्ष के रूप में इसमें हिस्सा लेंगे. उनके साथ बहस में और भी कई नेता शामिल होंगे. इस दौरान हंगामे के आसार हैं. केंद्रीय कानून मंत्री 10 दिसंबर को जवाब देंगे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

संसद के शीतकालीन सत्र में 9 दिसंबर यानी मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधारों और स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) से जुड़े वोट चोरी के आरोपों पर चर्चा होगी. इसके लिए 10 घंटे का समय दिया गया है. चुनाव सुधार और वोट चोरी पर बहस के लिए कांग्रेस के 10 वक्ताओं के लिस्ट (टेंटेटिव) सामने आ गई है. इस बहस में राहुल गांधी बतौर नेता विपक्ष हिस्सा लेंगे।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल 10 दिसंबर को इसका जवाब देंगे. बहस के दौरान SIR प्रक्रिया में वोट चोरी के आरोप, चुनाव आयोग की निष्पक्षता और व्यापक चुनाव सुधार पर खास फोकस रहेगा. कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने इसे राष्ट्रीय संकट बताया है. चर्चा के लिए कुल 10 घंटे का समय निर्धारित है, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष को बराबर समय मिलेगा।

बिजनेस एडवाइजरी काउंसिल (BAC) की बैठक में यह फैसला लिया गया. चुनाव सुधारों और वोट चोरी पर चर्चा के लिए कांग्रेस ने सांसदों को 8-10 दिसंबर तक सदन में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं. SIR के मुद्दे पर सदन में पिछले दिनों में जबरदस्त हंगामा हुआ।

**कांग्रेस के संभावित वक्ताओं की लिस्ट**

केसी वेणुगोपाल, मनीष तिवारी, वर्षा गायकवाड, मोहम्मद जावेद, उज्जवल



रमण सिंह, ईसा खान, रवि मल्लू, इमरान मसूद, गोवाल पदवी, ज्योतिमणि।

**चुनाव सुधारों पर चर्चा के लिए संसद में हंगामा**

चुनाव सुधारों और एसआईआर से जुड़े वोट चोरी के मुद्दे पर सदन में पिछले दिनों जबरदस्त हंगामा हुआ था. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार चुनाव सुधारों पर व्यापक बहस के लिए तैयार है. इसके बाद बीएसी की बैठक हुई, जिसमें इस पर चर्चा के लिए 9 दिसंबर की तारीख तय की गई और इसके लिए समय भी निर्धारित कर दिया गया.

शीतकालीन सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में SIR का मुद्दा हावी रहा था. विपक्षी दलों ने SIR और BLOs की आत्महत्या के मामले को लेकर चिंता जताई थी और इस पर संसद में चर्चा की मांग की थी. सभी विपक्षी दलों ने एक सुर में कहा था कि BLO आत्महत्या कर रहे हैं, लोगों के मन में वोटर लिस्ट से नाम कटने का डर है. कांग्रेस सासंद प्रमोद तिवारी ने कहा था कि वोट चोरी नहीं, वोटों की डकैती हो रही है।

## एक कुंटल 30 किलो गांजा बरामदगी मामले में बड़ा फैसला, फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय ने चार आरोपितों को सुनाई कठोर सजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े बहुचर्चित एक कुंटल 30 किलो गांजा बरामदगी मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय ने गुरुवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। अदालत ने मामले में चार आरोपितों को दोषी करार देते हुए लंबी अवधि की कठोर सजा सुनाई है। मामले में मुख्य आरोपित सूरज चौधरी को अदालत ने 15 वर्ष का कठोर कारावास और तीन लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। वहीं अन्य तीन आरोपित—शाहिद अली, हनुमान यादव और श्यामराज—को दस-दस वर्ष के कठोर कारावास के साथ दो-दो लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

यह कार्रवाई 13 मई 2025 को उस समय सामने आई थी, जब पुलिस ने महादेवा चौराहा के पास चेकिंग के दौरान संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर ईंट भट्ठे के नजदीक छापेमारी की थी। मौके से चारों




आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से एक कुंटल 30 किलो गांजा, 95,000 रुपये नकद और एक अवैध हथियार भी बरामद किया था।जांच के दौरान हनुमान यादव ने स्वीकार किया था कि वह उड़ीसा से गांजा लाता था और सूरज चौधरी व शाहिद अली को सप्लाई करता था। पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, बरामदगी और बयानबाजी के आधार पर अदालत ने इसे संगठित मादक पदार्थ तस्करी का गंभीर मामला मानते हुए कठोर दंड का प्रावधान किया।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने कहा कि इस तरह की तस्करी न सिर्फ समाज को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि युवाओं को नशे की ओर धकेलने का बड़ा कारण भी बनती है।

इसी आधार पर अदालत ने कड़ी सजा देने का निर्णय लिया। यह फैसला जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियान के लिए एक बड़ा संदेश माना जा रहा है और पुलिस इसे अपनी बड़ी सफलता बता रही है।

### मेरी तो शादी थी...', इंडिगो की फ्लाइट में की थी टिकट बुक, अपनी ही शादी में नहीं पहुंच पाया व्यक्ति

**नई दिल्ली।** हाल के दिनों में इंडिगो से यात्रा करने वाले यात्रियों को कई एयरपोर्ट पर भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें सैकड़ों फ्लाइट्स लेट या कैंसिल हो गई हैं। इस अफरा-तफरी से उन यात्रियों पर असर पड़ा है जो जरूरी इवेंट्स और काम के लिए जा रहे थे। चल रही अफरा-तफरी के बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक दूल्हा अपनी शादी में समय पर पहुंचने के लिए संघर्ष करता दिख रहा है। यह क्लिप, जिसे स्काईरील्स ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कई प्लेटफॉर्म पर रीपोस्ट किया गया है, उसमें दूल्हा इंडिगो काउंटर पर शांति से समझा रहा है कि वह खुद दूल्हा है।

**फोन पर दिखाया शादी का इनविटेशन-** वह अपने फोन पर शादी का इनविटेशन दिखाता है और बताता है कि हालांकि शादी 4 दिसंबर को हो रही है, लेकिन फ्लाइट में देरी की वजह से वह उसमें शामिल नहीं हो पाएगा। इस मुश्किल हालात के बावजूद, उन्होंने हल्की मुस्कान बनाए रखी, धैर्य से इंतजार किया और अपने आस-पास के लोगों के साथ विनम्रता से पेश आए।

## किसानों का 11 सूत्री मांगों को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** मुख्यालय बारा पर भारतीय किसान यूनियन आजाद (हिंद) के द्वारा शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दिन धरना प्रदर्शन किया। किसान के प्रदेश संगठन मंत्री राकेश त्रिपाठी के अगुवाई में तहसीलदार को 11 सूत्री ज्ञापन सौपां। बहेलिया समाज व घुमंतू समाज को जनजाति व आवासीय पट्टे एवं हाईवे में लगे स्ट्रीट लाइट को लेकर भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। किसानों ने आवारा पशुओं की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने उप जिलाधिकारी 11 सूत्री ज्ञापन के माध्यम से वन विभाग के खाली जमीनों पर बेसहारा मवेशियों के लिए उचित व्यवस्था पर ज्यादा जोर दिया।

धरने के दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद। उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी। उन्होंने धरना प्रदर्शन खत्म करने के साथ-साथ चेतावनी भी दिया कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह 26 जनवरी 2026 को पांच कालिदास मार्ग में आंदोलन के लिए बाध्य होगा। धरना प्रदर्शन बैठक में जिला अध्यक्ष राजाराम पांडे, मंडल सचिव अंकुश शुक्ला, मंडलमहासचिव अंकित सिंह मोनू, जिला महासचिव हिमांशू सिंह ब्लॉक अध्यक्ष नगीना सिंह, पंकज कुशवाहा, अंशुमान त्रिपाठी आदि किसान मौके पर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ओवरलोडेड वाहनों पर आरटीओ, पुलिस की नजर, ताबड़तोड़ हो रही कार्यवाही



**बस्ती।** बस्ती जिले में पोटिया चौराहे पर हुई ओवरलोडिंग ट्रक द्वारा ई-रिक्शा पर पलटने के कारण हुई दुर्घटना से प्रशासन की कंपनी नीड टूटी और ताबड़तोड़ ओवरलोडेड वाहन राहगीरों के लिये मुसीबत बने हैं। अब तक कई सड़क हादसे हो चुके हैं लेकिन वाहनों की ओवरलोडिंग पर रोक नही लगी। मीडिया दस्तक पहले ही अफसरों का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट करा चुका है। लेकिन इसका आंशिक असर ही देखा जा रहा है। हरैया क्षेत्र में संयुक्त कार्यवाही के दौरान पुलिस ने ओवरलोडेड गन्ना लदे वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलायाकर कार्यवाही किया है। क्षेत्राधिकारी हरैया के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक हरैया द्वारा परिवहन विभाग के अधिकारियों तथा यातायात पुलिस की ओर से चलाये गये अभियान में दो ट्रकों को दस्तावेज के अभाव में सीज किया गया तथा तीन ट्रक और चार ट्रैक्टर-ट्राली का ओवरलोडिंग मे चालान किया गया। इनके ऊपर ?2,04,250 का शमन शुल्क लगाया गया। अधिकारियों ने कहा है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरन्तर की जाएगी तथा ओवरलोडिंग करने वाले वाहन स्वामियों, चालकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अफसरों ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक भार न लादें तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### बस्ती जनपद में पैथालोजिस्ट डाक्टर निजी क्लीनिक पर देख रहा ओपीडी , मरीजों के साथ हो रहा जानलेवा खिलवाड़




**विभाग में प्राइवेट प्रैक्टिस न करने का दे चुका है शपथ पत्रमहिला चिकित्सालय में तैनात पैथालोजिस्ट डाक्टर पी0एल0 गुप्ता से जुड़ा मामला**

**बस्ती।** बस्ती जिले में चिकित्सकों द्वाराशासन स्तर से रोक के बाद भी सरकारी डाक्टरों के प्राइवेट प्रैक्टिस का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है । बस्ती के महिला अस्पताल में तैनात पैथालोजिस्ट डाक्टर पी0एल0 गुप्ता मीडिया की पड़ताल में अपने निजी क्लीनिक पर मरीजों की ओपीडी करते धराए गए । प्राप्त समाचार सरकारी सेवा में तैनात डाक्टरों को एनपीए नान प्रैक्टिस एलाउंसदेय होता है और शासन स्तर से सरकारी डाक्टरों के निजी / प्राइवेट प्रैक्टिस पर सख्त रोक है फिर भी डा0 पी0एल0 गुप्ता जैसे कई दर्जन डाक्टर निजी क्लीनिक खोलकर प्राइवेट प्रैक्टिस में संलग्न है परन्तु मुख्य चिकित्सा अधिकारी की संलिप्तता से प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है । शासन स्तर से इस बावत् कई बार सख्ती भरी चेतावनी जारी की जा चुकी है फिर भी स्वास्थ्य विभाग की यह कुप्रथा समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है है

### अविरल फाउंडेशन के तत्वावधान में 60 विद्यालयों के परीक्षार्थी शामिल



**लंभुआ (सुल्तानपुर)।** यहां सक्रिय अविरल फाउंडेशन की तरफ से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष भानुकर तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के 60 विद्यालयों से 1200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बच्चों की सुविधा के लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे । पहला केंद्र स्वामी विवेकानंद इण्टर कॉलेज गोपालपुर मधैया लंभुआ और दूसरा केंद्र यूनिक राजकरन सुखदेव मेमोरियल इण्टर कॉलेज घूरीपुर शोभीपुर लंभुआ को बनाया गया था। दो स्तर पर आयोजित प्रश्नपत्र में कक्षा चार व पांच के एक प्रश्नपत्र थे तो कक्षा छः से आठ तक के बच्चों के लिए दूसरा प्रश्नपत्र तैयार किया गया था। परीक्षा केन्द्र पर जे पी पाण्डेय , दीपक पांडेय, के. डी जायसवाल, आदित्य शुक्ला, प्रवेश सिंह , सूरज यादव, अवधेश तिवारी उपस्थित रहे ।

## सर सैयद मांटेसरी स्कूल के बच्चों ने जाना थारू विरासत, इमलिया कोड़र संग्रहालय में किया शैक्षणिक भ्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर, पचपेड़वा।** सर सैयद मांटेसरी स्कूल, पचपेड़वा के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को इमलिया कोड़र स्थित थारू सांस्कृतिक संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यालय के सैकड़ों बच्चों व अध्यापक दल ने संग्रहालय के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन किया तथा थारू जनजाति की प्राचीन संस्कृति से रुबरु हुए। भ्रमण के दौरान बच्चों को थारू समाज के इतिहास, रहन-सहन, परंपराओं, वेशभूषा, कला, हस्तशिल्प और जीवनशैली की विस्तृत जानकारी दी गई। संग्रहालय में प्रदर्शित पारंपरिक घरों की संरचना, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कृषि उपकरण, आभूषण, लोककला और सांस्कृतिक प्रतीक बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहे। अध्यापकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण बच्चों में सांस्कृतिक चेतना बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें स्थानीय इतिहास और परंपराओं को समझने में मदद करते हैं। बच्चों ने संग्रहालय कर्मियों से थारू संस्कृति से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका उत्तर मिलने पर वे काफी उत्साहित दिखे।

भ्रमण में अध्यापक मनोज कुमार पांडे, संतोष कुमार, मोहम्मद कैफ और जगदीश प्रसाद ने बच्चों को विभिन्न प्रदर्शनों से जुड़ी जानकारियां दीं और उनके सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षकों ने कहा कि पाठ्य पुस्तकों से परे ऐसे कार्यक्रम बच्चों में वास्तविक अनुभव और सामाजिक समझ विकसित करते हैं। अंत में बच्चों ने संग्रहालय परिसर का अवलोकन कर समूह में यादगार तस्वीरें खिंचवाईं। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के लिए रोचक, मनोरंजक और बेहद ज्ञानवर्धक साबित हुआ।

## प्रशासन के आश्वासन पर माने हिन्दू संगठनः बहराइच कूंच स्थगित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष स्नेह पाण्डेय और राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी के आवाहन पर बहराइच कूच करने के लिये बड़ी संख्या में लोग अमहट घाट स्थित सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में एकत्र हुये। पहले से मौजूद सीओ सिटी भारी पुलिस बल के साथ यहां मौजूद रहे। लम्बे समय तक चली वार्ता के बाद सीओ सिटी के आश्वासन पर यात्रा को स्थगित कर दिया गया।इसके पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभाग अध्यक्ष संजय द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि राजकुमार शास्त्री ने कहा कि हिन्दू देवी देवताओं का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बहराइच में स्थित हाजी सालार की दरगाह को हटाए जाने की मांग को लेकर चरणबद्ध आन्दोलन जारी रहेगा। कहा कि प्रदेश सरकार ऐसे तत्वों पर लगाम लगाये जो लोग सनातन परम्परा और देवी देवताओं को अपमानित कर रहे हैं। उन्हें जेल भेजा जाय।हिन्दू संगठनो के पदाधिकारी बहराइच में स्थित हाजी सालार की दरगाह को हटाए जाने तथा उसके स्थान पर महाराज सुहेलदेव जी के सम्मान में स्मारक बनाकर बहराइच जनपद का नाम सुहेलदेव नगर किये जाने की मांग कर रहे थे। वे बुल्डोजर लेकर जाने को तैयार थे। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष स्नेह पाण्डेय और राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी ने कहा कि आश्वासन पर यात्रा स्थगित किया गया है किन्तु यदि मांगे न मानी गयी तो आन्दोलन जारी रहेगा।

इस मौके पर विश्व हिंदू महासंघ जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह, जिला संयोजक प्रभु दयाल वर्मा, रविंद्र कश्यप, अनिल प्रजापति, शिव सेना जिला प्रभारी प्रमोद पाण्डेय, रामजी पाण्डेय, प्रमोद गुप्ता, राजन, रमेश कनौजिया, अजय मिश्रा, सोनू पाठक, रमेश पांडे, आकाश आर्या, दीपक राव, डॉक्टर अन्यनय सिंह, कृष्ण अवतार चौधरी, कवि चौधरी, सत्येंद्र मिश्रा, वशिष्ठ मुनि दुबे, अभय देव शुक्ला, रीना, वंदना, धर्मेंद्र चौहान, हरेंद्र सिंह, पप्पू सोनी, रमेश पांडे, रमन दुबे, विनोद निषाद, राजू चौहान, बृजेश प्रजापति, आलोक पांडे, अंशुमान पांडे, अंजू चौधरी, घनश्याम पांडे, अमरदीप, विवेक श्रीवास्तव के साथ ही अनेक हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीएमओ पर गंभीर आरोप - भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने उच्च स्तरीय जांच व निलंबन की मांग की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


भारतीय किसान यूनियन (भानू)
उमेश गोस्वामी
जिला उपाध्यक्ष
दिनांक 05/12/2025
सेवा में,
अपर निदेशक,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
मण्डल, बस्ती।

**बस्ती।** बस्ती जिले में भारतीय किसान यूनियन (भानू) के जिला उपाध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने 05 दिसंबर 2025 को अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मंडल बस्ती को एक पत्र भेजकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव निगम और चिकित्सक डॉ. बृजेश शुक्ला पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। शिकायत में आरोपों के सत्यापन के लिए उच्च स्तरीय जांच करायी जाने और आरोपितों को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई किये जाने की मांग की गई है। शिकायत में उमेश गोस्वामी ने आरोप लगाया है किः ज् मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव निगम सरकारी आदेशों का खुलेआम उल्लंघन करते हुए प्रभार स्वेच्छा से बदलते हैं और लेवल-2/लेवल-3/लेवल-4 से संबंधित चार्ज सलाह और नियमों के विरुद्ध दे दिए जाते हैं।

पत्र में दावा है कि सीएचसी हरैया के चार्ज एवं आरसीएच व सीएमएसडी स्टोर का समस्त चार्ज लेवल-3 के डॉ. बृजेश शुक्ला को अधिक जिम्मेदारी के बिना दे दिया गया, जबकि जनपद में लेवल-4 के चार अधिकारी (डॉ. ए.के. मिश्रा, डॉ. राजन बाबू श्रीवास्तव, डॉ. ए.के. गुप्ता, डॉ. राघवेन्द्र सिंह) मौजूद थे।

शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि शपथ-पत्र व संबंधित साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ की घटनाएँ हुई; पत्र में उल्लेख है कि शपथ-पत्रों को 'बेचकर खा जाने' जैसी गंभीर बातें कही गई हैं।

पत्र में कहा गया है कि इस तरीके से प्रभार परिवर्तन और स्टोर संबंधित जिम्मेदारियों के आवंटन से टेंडर और संसाधनों के दुरुपयोग की संभावना बनती है तथा नियमों के विरुद्ध व्यक्तिगत लाभ की आशंका है।

शिकायतकर्ता ने उपरोक्त आरोपों के संबंध में आरसीएच व सीएमएसडी स्टोरों में हुए कथित धन/संसाधन के शोषण और नियम-उल्लंघन की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराकर दोनों—डॉ. राजीव निगम और डॉ. बृजेश शुक्ला—को निलंबित कराने के लिए शासन को पत्राचार करने की मांग की है। पत्र में पूर्व सीएमओ डॉ. आर.एस. दूबे का संदर्भ देते हुए वर्तमान प्रभार देने की व्यवस्थाओं की तुलना भी की गयी है मामला प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हलचल बढ़ गई है। शिकायत में उठाये गए आरोपों की संवेदनशीलता और जनता के स्वास्थ्य से जुड़ाव के कारण स्थानीय लोगों ने शीघ्र, पारदर्शी और निष्पक्ष जांच की मांग की है। फिलहाल ये सभी बातें शिकायतकर्ता के दावों पर आधारित हैं; विभाग से मिली आधिकारिक प्रतिक्रिया अभी सामने नहीं आई है। अब देखना होगा कि अपर निदेशक इस पत्र पर कौन-सी कार्रवाई करते हैं—क्या मामले की उच्चस्तरीय जांच का आदेश दिया जाता है, और यदि जांच में आरोप सही पाए गये तो विभागीय/विधिक कदम क्या होंगे।

## तराई की बेटी पीजीआई लखनऊ में एमडी फिजिशियन में प्रवेश लेकर तराई का मान बढ़ाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर** – महराजगंज तराई क्षेत्र की प्रतिभाशाली बेटी डॉ. नवरिन परवीन ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में उन्हें उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने एमबीबीएस में उत्कृष्ट प्रदर्शन और कॉलेज में तीसरी रैंक प्राप्त करने पर टैबलेट और 21,000 रुपये देकर सम्मानित किया था। अब उसी बेटी ने पीजीआई लखनऊ में एमडी फिजिशियन में प्रवेश पाकर बलरामपुर जिले का मान बढ़ा दिया है।डॉ. नवरिन परवीन ने एरा मेडिकल कॉलेज, लखनऊ से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की जिसमे सैकड़ों विद्यार्थियों में तीसरी रैंक हासिल की थी अपनी प्रारंभिक शिक्षा गाँव के स्कूल से पूरी की और इंटर तक की पढ़ाई भी स्थानीय विद्यालय से की। सीमित संसाधनों में कठिन मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया। पूर्व मे एक सम्मान समारोह के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अपने हाथों से सम्मानित किया था। उन्होंने कहा था कि तराई क्षेत्र की बेटियों में अपार क्षमता है। उसकी शानदार मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि तराई क्षेत्र की बेटियों ने यह साबित किया है।पिता पूर्व प्रधान मोहम्मद रईस ने बताया की बेटी की सफलता हमारे लिए गर्व का पल है। उसने कड़ी मेहनत करके । जिले का नाम रोशन की है। उन्होंने यह भी बताया कि नवरिन छोटी बहन सालिहा परवीन भी एरा मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस फोर्थईयर की छात्रा है, 'जिले की बेटियों का पीजीआई जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में चयन होना पूरे बलरामपुर के लिए सम्मान की बात है।नवरिन की सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा देगी कि दृढ़ निश्चय और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सांसद शिरोमणि वर्मा , पूर्व विधायक मसूद खान, पूर्व प्रमुख सफीक अहमद, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा,सहित तमाम लोगों ने बधाई दी है।

## कलक्टर साहब जन शिकायते निर्देश नहीं समाधान और न्याय मांगती हैं, जनता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती**– बस्ती जिले मे समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत से सम्बंधित अधिकारी मौके पर जा कर निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होने तहसील भानपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उक्त निर्देश दिया। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में निष्पक्षता, समयबद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें, प्रत्येक प्रकरण की जांच के समय शिकायतकर्ता का पक्ष अवश्य सुना जाए तथा सभी तथ्यों की भॅलीभॉति जांच करने के उपरान्त ही प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विभाग से संबंधित शिकायतों को गम्भीरता से सुने और त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। निस्तारण में किसी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल संज्ञान में लाये, जिससे प्रकरण का समयान्तर्गत निस्तारण हो सके। उप जिलाधिकारी हिमांशु कुमार ने बताया कि कुल 55 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व के 38, पुलिस के 5, विकास के 8, कृषि के 1 तथा नगर पंचायत के 3 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में परियोजना निदेशक राजेश कुमार, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, कृषि अधिकारी डा. बी.एल. मौर्या, तहसीलदार सहित संबंधित जनपदीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## निधन पर शोक संवेदनाएँ

**तालबेहट।** नगर में बीते दिनों तीन प्रतिष्ठित परिवारों में हुए निधन के बाद क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। समाजवादी नेता एडवोकेट स्वामी प्रसाद यादव की माता सगुन बाई के निधन पर तहसील अधिवक्ता संघ , उ0प्र जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसी क्रम में व्यायाम शिक्षक रविंद्र लिटौरिया 'गुड्डू' की माताश्री के निधन पर भी नगरवासियों में शोक व्याप्त रहा। ब्रजेन्द्र लिटौरिया व परिजनों के प्रति विभिन्न सामाजिक संगठनों ने संवेदना व्यक्त की।

वहीं सराफा व्यापारी एवं समाजसेवी हुकुम प्रजापति के भाई स्वर्गीय चंदन प्रजापति के आकस्मिक निधन पर श्री राम प्रभात फेरी समिति, नगर उद्योग व्यापार मंडल, युवा जागृति मंच समेत अनेक संगठनों ने शोकसभा आयोजित की। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में वामा वेलनेस कैंप, पुलिस कर्मियों को होम्योपैथिक परामर्श और दवा वितरण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में वामा वेलनेस कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में आयुष विभाग उत्तर प्रदेश की सहभागिता से पुलिस कर्मियों तथा उनके परिजनों को निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं दवाएँ उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में वामा सारथी की अध्यक्षा आस्था बडालिया, सचिव शिप्रा सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति एवं क्षेत्राधिकारी लाइन/नोडल जनपदीय डॉ. जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे। वामा सारथी वालेंटियर की ओर से पुलिस परिवारों को कैंप में अधिक सहभागिता के लिए पूर्व में व्यापक रूप से जागरूक किया गया था। आयुष विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक नन्द कुमार पाठक एवं ओजस शुक्ला ने पुलिस कर्मियों, पुलिस परिवार के बच्चों, महिलाओं एवं वृद्धों सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों का चिकित्सीय परीक्षण कर दवाइयाँ वितरित कीं। कैंप में कुल 176 लाभार्थियों को परामर्श एवं मुफ्त दवा उपलब्ध कराई गई। विशेषज्ञों ने बताया कि मौसम परिवर्तन के दौरान सर्दी, जुकाम, वायरल संक्रमण और बुखार जैसी समस्याओं में होम्योपैथिक उपचार बिना दुष्प्रभाव के प्रभावी राहत प्रदान करता है।उल्लेखनीय है कि इस कैंप का उद्देश्य पुलिस परिवारों को सुरक्षित और वैकल्पिक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना था। बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों ने कार्यक्रम में भाग लेकर लाभ उठाया।

## एक नई कोशिश फाउंडेशन बलरामपुर द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन, 240 छात्रों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने हेतु एक नई कोशिश फाउंडेशन द्वारा आज दिनांक 07 दिसंबर 2025 को तीन वर्गों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के लिए जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए, जहाँ विभिन्न विद्यालयों से आए कुल 240 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में ज्ञान-विस्तार, मानसिक चातुर्य और विश्लेषणात्मक सोच को बढ़ावा देना था। सुबह 10 बजे शुरू हुई परीक्षा में प्राथमिक, जूनियर और सीनियर—तीनों वर्गों के परीक्षार्थियों ने अपनी तैयारियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा केंद्रों पर शांत, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित किया गया था, ताकि प्रतिभागी बिना किसी बाधा के परीक्षा दे सकें।

परीक्षा संचालन को सफल और निष्पक्ष बनाने में श्री अजय कुमार चौधरी, परमेश्वर, बैजनाथ गुरूजी, विनोद के साथ-साथ प्रधानाचार्य अशुतोष शुक्ला का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। अजय कुमार चौधरी ने परीक्षा केंद्रों की समग्र व्यवस्थाओं, समय निर्धारण और अनुश्रवण कार्यों को बखूबी संभाला। जबकि प्रधानाचार्य अशुतोष शुक्ला की सक्रिय भूमिका और सतर्क पर्यवेक्षण से परीक्षा प्रक्रिया और भी अधिक अनुशासित व प्रभावी बन सकी। फाउंडेशन ने इन सभी के सहयोग की सराहना की और कहा कि उनका सामूहिक प्रयास छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रतियोगिता के परिणामों के आधार पर मेधावी छात्रों को सम्मानित करने हेतु 14 दिसंबर 2025 को ग्राम सेमरहवा में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। एक नई कोशिश फाउंडेशन शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है। ऐसी प्रतियोगिताएँ छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें भविष्य के बड़े अवसरों के लिए तैयार करती हैं।

## जिम्मेदारों की मिलीभगत से खुलेआम ग्राम पंचायत सल्टौआ में चला रहा मनरेगा फर्जीवाड़ा

**●विकास खण्ड में बी0डी0ओ0 आवास के उत्तर तरफ मिट्टी पटाई कार्यकस्तूरबा गांधी आवासीय वालिका विद्यालय का बाउड्रीवाल निर्माणग्राम पंचायत सल्टौआ गोपालपुर के गाटा सं0 1284 चारागाह का समतलीकरण व फेनिसिंग कार्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिलेमें मनरेगा घोटाला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन मनरेगा भ्रष्टाचार की खबरें समाचार पत्रों की सुर्खियां बन रही हैं। लेकिन मनरेगा के जनपदीय जिम्मेदार डीसी मनरेगा कुम्भकर्णी नींद में मस्त हैं। साहब को केवल अपने हिस्से की मलाई से मतलब है। अपना काम बनता है, तो भाड़ में जाए जनता। यह है मनरेगा के जिम्मेदारों की असली हकीकत। भ्रष्टाचार में कार्यवाही न करने की डीसी मनरेगा ने कसम खाया हो, ऐसा प्रतीत होता है। मनरेगा योजना गरीबों के रोजगार के लिए बनाई गई है, लेकिन जनपद में यह योजना जिम्मेदारों के ऐशो-आराम की योजना बनकर रह गई है। पूरे जनपद में मनरेगा योजना में लूट मची है। प्राप्त समाचार के अनुसार सल्टौआ विकास खण्ड के अन्तर्गत स्थित ग्राम पंचायत सल्टौआ में मनरेगा हेरा-फेरी चल रहा है। ग्राम पंचायत सल्टौआ गोपालपुर के गाटा सं0 1284 चारागाहका समतलीकरण व फेनिसिंग कार्य कार्य में मनरेगा मजदूरों की उपस्थिति केवल कागजों में दर्ज हो रही है, जबकि धरातल पर मजदूर नहीं हैं। मीडियाकर्मियों को जब ग्राम पंचायत सल्टौआ में मनरेगा भ्रष्टाचार की जानकारी मिली, तो वे सल्टौआ पहुंचे। डिस्प्ले बोर्ड न लगे होने के कारणों से ग्रामीणों से पूछताछ करते हुए कार्य की साइड पर पहुंचे, जहां पोखरा खुदाई सफाई व चकबंध निर्माण कार्य में एक भी मजदूर काम करते नहीं मिले। जबकि उसी साइड पर 112 श्रमिकों की कागज में फर्जी हाजिरी दिखाया जा रहा है। प्रधान, रोजगार सेवक व सचिव ने मनरेगा का धन का बंदरबांट करने की तैयारी में हैं, जबकि अभी तक संदर्भित साइड पर कोई कार्य नहीं हुआ है। इससे स्पष्ट होता है कि जिम्मेदारों की प्राथमिकता भ्रष्टाचार है, न कि गरीबों के हित में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की और जिम्मेदारों को जवाबदेही साथ ही, गरीबों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए है अब देखना यह है कि जनपद में अपने आमद के समय से ही हनक बनाकर भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल चुके मुख्य विकास अधिकारी द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है।

## जिला भाजपा कार्यालय गौरीगंज में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**●पात्र मतदाता का नाम कटने न पाए और अपात्र का नाम जुड़ने न पाए - संजय राय**

**मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र को मजबूत करता है, किंतु विपक्ष इस अभियान को लेकर जनता में अनावश्यक भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है -सुधांशु शुक्ला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गौरीगंज, अमेठी।** जिला भाजपा कार्यालय गौरीगंज में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (SIR) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। बैठक के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय रहे। जिलाध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तथा अपने स्वागत उद्बोधन में जनपद की वर्तमान स्थिति एवं SIR अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यो की विस्तृत जानकारी प्रदान की।प्रदेश महामंत्री संजय राय ने समीक्षा एवं संबोधन के दौरान कहा कि भाजपा का संकल्प है कि । उन्होंने बताया कि पूर्व में मतदाता सूची में अनेक प्रकार की विकृतियाँ देखी जाती थीं।एक व्यक्ति का कई स्थानों पर नाम होना, विस्थापित अथवा विलोपित व्यक्तियों के नामों का सूची में बने रहना आदि। इस कारण मतदाता सूची प्रभावित होती थी और मतदान प्रतिशत पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था।उन्होंने कहा कि अपने संबोधन में प्रदेश महामंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करती है। विपक्ष पर विदेश-प्रभावित विचारधाराओं से देश को अस्थिर करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करें तथा सभी पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने में पूर्ण सहायता प्रदान करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को भी निर्देशित किया कि मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक और त्रुटिरहित बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर सूची का अध्ययन कर दावे एवं आपत्तियाँ समय से प्रस्तुत करें, इसके लिए भी विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई।समीक्षा बैठक के उपरांत प्रदेश महामंत्री संजय राय ने गौरीगंज विधानसभा के काशी सुरपुर क्षेत्र के एक बूथ का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके बाद उन्होंने अमेठी विधानसभा के कतरा महारानी क्षेत्र के दो बूथों का निरीक्षण कर वहां भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी ,भवानी दत्त दीक्षित जिला उपाध्यक्ष,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, जिला उपाध्यक्ष भागीरथी मौर्य, जिला महामंत्री केशव सिंह, प्रभात शुक्ला, अतुल सिंह, जिला मंत्री मनोज जायसवाल, राजीव शुक्ला, संतोष द्विवेदी, रामकृष्ण भारती,अरुण मिश्रा सह मीडिया प्रभारी,पवन ओझा, मंडल अध्यक्ष निमिषा त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष दिलीप विश्वकर्मा सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## दो बाइकों की भिड़ंत, दो युवक गंभीर रूप से घायल



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के कानपुर रोड पर भादे मोड़ के पास रविवार को दो बाइकों की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।निराला नगर निवासी 18 वर्षीय रचित निर्मल, पुत्र राकेश, अपने मित्र 15 वर्षीय साहिल, पुत्र कुलदीप निवासी सूदन खेड़ा, के साथ बाइक से सेमरी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान आगे चल रही एक दूसरी बाइक ने अचानक मोड़ काट दिया, जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई और दोनों युवक घायल हो गए। घटना के बाद दूसरी बाइक पर सवार लोग मौके से फरार हो गए।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत परिवार परामर्श केंद्र में 03 पारिवारिक विवादों का सफल निस्तारण




**बलरामपुर।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के उद्देश्य से चल रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवादों से जुड़े प्रकरणों पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सक्रिय मध्यस्थता और परामर्श के माध्यम से तीन पारिवारिक विवादों का सफल निस्तारण कराया गया। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में आयोजित इस बैठक में पति-पत्नी एवं परिजनों के बीच आपसी सुलह एवं समझौता कराकर दोनों पक्षों को सौहार्दपूर्ण माहौल में आगे जीवन व्यतीत करने की सलाह दी गई। परामर्शदाताओं ने दंपतियों को परस्पर विश्वास, संवाद और सहयोग के साथ जीवन की नई शुरुआत करने पर बल दिया। निस्तारण किए गए मामलों में सादिया खातून बनाम मोहम्मद इरशाद (थाना सादुल्लानगर), मसीउल्लाह बनाम परवेज अहमद (थाना तुलसीपुर) तथा गीतांजलि बनाम मंगल सिंह (थाना तुलसीपुर) प्रमुख रहे।परिवार परामर्श केंद्र में विवादों के समाधान में परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, देवतादीन दूबे, वंदना मिश्रा, महिला थाना प्रभारी पूनम यादव तथा महिला कांस्टेबल ज्योति, मनीषा वर्मा और पूजा की विशेष भूमिका रही। बैठक के अंत में दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद समाप्त कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में साथ रहने की सहमति दी। बलरामपुर पुलिस ने कहा कि पारिवारिक सौहार्द और नारी सम्मान की दिशा में ऐसे प्रयास आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# स्वास्थ्य विभाग में तैनात 150 निजी सुरक्षा गार्डों को हटाए जाने से मचा हड़कंप, डीएम आवास पर लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के स्वास्थ्य विभाग में तैनात 150 निजी सुरक्षा गार्डों को हटाए जाने से हड़कंप मच गया है। ये सभी सुरक्षा गार्ड जीत सिक्योरिटी गार्ड कंपनी के कर्मचारी थे जिनका अनुबंध स्वास्थ्य विभाग के साथ समाप्त होने के बाद यह कार्रवाई की गई अचानक सेवाएं समाप्त होने से गार्डों और उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग में तैनात इन सुरक्षा गार्डों की तैनाती जीत सिक्योरिटी कंपनी के माध्यम से की गई थी। कंपनी का अनुबंध अवधि पूरी होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सेवा समाप्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) द्वारा पत्र जारी कर अनुबंध समाप्त होने की जानकारी दी गई है। शनिवार देर शाम हटाए गए सुरक्षा गार्डों ने एकजुट होकर जिलाधिकारी आवास



पहुंचकर अपनी फरियाद रखी गार्डों ने आरोप लगाया कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के हटा दिया गया, जिससे वे असमंजस की स्थिति में आ गए हैं। सुरक्षा गार्डों का कहना है कि वे वर्षो से ईमानदारी से अपनी सेवाएं दे रहे थे।

बावजूद इसके उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। गार्डों ने जीत सिक्योरिटी कंपनी पर घूस लेकर नियुक्ति करने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कंपनी द्वारा अवैध रूप से उनसे पैसे लेकर नौकरी दी गई थी और अब अनुबंध समाप्त होने के बाद उन्हें बेरोजगार कर दिया गया है हालांकि इन आरोपों पर कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है सीएमओ डॉ सुरेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में अब पूर्व सैनिक कल्याण समिति के साथ नया अनुबंध किया गया है ऐसे में हटाए गए सुरक्षा गार्डों ने मांग की है कि उन्हें नई कंपनी के अंतर्गत स्थानांतरित किया जाए, जिससे उनके परिवारों की आजीविका बनी रहे जिलाधिकारी से मामले में न्यायोचित निर्णय की उम्मीद सुरक्षा गार्डों ने जताई है!!

## जन कल्याण समिति विराम खंड 5 गोमती नगर द्वारा संरक्षक का किया गया शोक सभा



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज दि॰ 07 दिसंबर 2025 को विराम खण्ड-5, गोमतीनगर, जनकल्याण समिति द्वारा समिति के संरक्षक रहे। गोरख प्रसाद निषाद, पूर्व पशुधन मंत्री जिनका निधन 28 नवंबर 2025 को हो गया था। उनका दाह संस्कार 29 नवंबर 2025 को सरजू जी में गृह जनपद देवरिया बरहज में किया गया है। उनकी आत्मा की शान्ति और दुखी परिवार को संवेदना व्यक्त करने हेतु आज शोक सभा का आयोजन 'अमर शहीद चंद्र शेखर आज़ाद पार्क' विराम खंड-5 में किया गया। शोक सभा में जनकल्याण उपसमिति विराम - 5 अध्यक्ष, डॉ. भरत राज सिंह, खण्ड प्रभारी राकेश जेतली, एस.बी.एल. मेहरोत्रा, मनोज शर्मा, प्रचार- प्रसार अधिकारी, अधिवक्ता, नित्यानंद पाण्डेय, आर.एन. सिंह, मुख्य प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक, गोमतीनगर व सम्मानित निवासी गण ने पुष्पांजलि तथा 2 मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की।

## प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण अभियान छोटे दुकानदारों के हटाए टीनशेड, बड़े प्रतिष्ठानों को दी चेतावनी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में डीएम के आदेशों के बावजूद शहर में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान महज औपचारिकता बनकर रह गया। रविवार दोपहर बाद जीआईसी चौराहे से बस स्टॉप तक चले इस अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं अभियान की कमान एसडीएम सदर और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी के हाथों में थी लेकिन कार्रवाई देखकर आमजन और व्यापारी वर्ग में आक्रोश देखी गई। अभियान के दौरान बड़े-बड़े भवनों और प्रतिष्ठानों के बाहर सड़कों तक फैले अतिक्रमण को नजरअंदाज कर दिया गया, जबकि छोटे दुकानदारों की टीन शेड और अस्थायी दुकानों पर ही बुलडोजर और हथौड़ा चला इससे यह साफ जाहिर हुआ कि कार्रवाई चयनित और पक्षपातपूर्ण रही सड़कों पर कब्जा किए रसूखदार लोगों को खुली छूट दी गई, जबकि रोजी-रोटी चलाने वाले छोटे व्यापारियों को सबसे पहले निशाना बनाया गया। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि डीएम के निर्देशों का हवाला जरूर दिया गया, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आई व्यापारियों का आरोप है कि प्रशासन ने केवल खानापूर्ति के लिए कुछ दुकानों को हटाकर फोटो और रिपोर्ट थाने व उच्चाधिकारियों को भेजने की औपचारिकता निभा ली। इस दौरान कई दुकानदारो के सामने लगे टीनशेड को उखाडकर जब्त कर लिया गया अतिक्रमण अभियान के दौरान कई दुकानदारों में आक्रोश देखने को मिला उनका कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाना ही था तो सभी के खिलाफ समान कार्रवाई होनी चाहिए थी!!

## लाइब्रेरी व पुस्तकालय का इस युग में होना अति आवश्यक हो गया है:-कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लहरपुर सीतापुर** लाइब्रेरी व पुस्तकालय का इस युग में होना अति आवश्यक हो गया है क्योंकि सोशल मीडिया के इस दौड़ में हम शांति पूर्वक और एकांत वातावरण में अगर पुस्तकों का अध्ययन करेंगे तभी हम प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर सकेंगे उक्त विचार अरविंद सिंह कोतवाली प्रभारी लहरपुर ने मजाशाह मेंन रोड स्थित लाइब्रेरी के उद्घाटन के मौके पर छात्र एवं छात्रों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया उन्होंने छात्रों से बताया कि अनुशासन में रहकर नियमित रूप से पढ़ाई करें और कोई भी ऐसा अनैतिक कार्य न करें जिससे आपको भविष्य में नुकसान हो कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने किया। कार्यक्रम को हाजी जुनैद अहमद, हाशिम अंसारी, मास्टर आसिफ, जफर ,सलीम आदि लोगों ने



संबोधित किया। लाइब्रेरी फाउंडर समिति में अतीक अहमद, मोहम्मद आमिर सर, मोहम्मद सोहराब, मोहम्मद आमिर ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवेंद्र सिंह अध्यक्ष सिंह संगठन तहसील लहरपुर, पूर्व सभासद इस्लामुद्दीन, मोहम्मद सलीम, जग्गू, मोहम्मद अयूब, मास्टर वकील, डॉक्टर जीशान, वकील किंग इनवर्टर, मोहम्मद जकी बसर, मोहम्मद आसिफ समेत बड़ी संख्या में अध्यापक एवं छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहे।

## रंजिश के चलते भिड़े दो पक्ष, गंभीर चोटें; पुलिस ने शुरू की जांच

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे रामगुलाम मजरा मदुरी गांव में शनिवार देर शाम रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में दोनों ओर के लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी मोहित ने आरोप लगाया कि रंजिश के चलते देवेंद्र, राजेंद्र, दीपक, गुड्डु, दीपू, श्रीपाल, धीरेंद्र तथा चार-पांच अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष से भूपेंद्र ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि मोहित, रोहित, दिलीप, पंकज और राम मोहन ने उनके साथ मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के आरोपों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# 92 हिस्ट्रीशीटरों की थाने में लगी पाठशाला पंचायत चुनाव से पहले अपराध से दूर रहने की दिलाई शपथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में पंचायत चुनावों की आहट और सर्दी का मौसम शुरू होने के मद्देनज़र बिसवां कोतवाली परिसर में एक अनोखी और सराहनीय पहल देखने को मिली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा की अगुवाई में 92 नामजद हिस्ट्रीशीटरों की 'पाठशाला' लगाई गई, जहां उन्हें कानून का पालन करने और अपराध से दूर रहने का संदेश दिया गया इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने सभी हिस्ट्रीशीटरों को स्पष्ट शब्दों में चेताया कि चुनावी माहौल और ठंड के मौसम में अपराध की घटनाओं में बढ़ोतरी की आशंका रहती है ऐसे में किसी भी तरह की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यदि कोई व्यक्ति पुराने रास्ते छोड़कर सकारात्मक जीवन जीना चाहता है तो पुलिस प्रशासन उसका हरसंभव सहयोग करेगा पाठशाला के दौरान उपस्थित हिस्ट्रीशीटरों ने भी खुलकर अपने मन की बात रखी। कई लोगों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने बीते जीवन में अपराध किए थे, लेकिन अब वे उस रास्ते को छोड़कर अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन जी रहे हैं कुछ ने मजदूरी, तो कुछ ने छोटे-मोटे काम कर ईमानदारी से रोजी-रोटी कमाने की बात कही। हिस्ट्रीशीटरों ने यह भी कहा कि अब वे दोबारा किसी अपराध में शामिल नहीं होना चाहते और समाज की मुख्यधारा में रहकर जिंदगी बिताना चाहते हैं कोतवाली प्रभारी ने सभी को अपराध न करने, असामाजिक तत्वों से दूरी बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को देने की शपथ दिलाई उन्होंने बताया कि पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है



और इसमें क्षेत्रवासियों के साथ-साथ इन लोगों की भी अहम भूमिका है कार्यक्रम के अंत में प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने कहा कि ऐसी पाठशालाओं का उद्देश्य डर पैदा करना नहीं, बल्कि सुधार और पुनर्वास है। पुलिस चाहती है कि हर व्यक्ति कानून का सम्मान करे और समाज में शांति और सौहार्द बना रहे!!

# तेज रफ्तार पीआरवी वाहन ने मारी बुजुर्ग महिला को टक्कर, परिजनों का आरोप, गंभीर हालत में महिला लखनऊ रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के थाना तालगांव क्षेत्र के बिलहरी गांव में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खेत से अपने घर लौट रही एक बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। घायल महिला की पहचान राजकुमारी पत्नी जसकरण के रूप में हुई है। बताया गया कि राजकुमारी खेत से काम निपटाकर सड़क पार कर अपने घर जा रही थीं तभी अचानक तेज गति से आए चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी



कि बुजुर्ग महिला सड़क पर दूर जाकर गिर पड़ीं और मौके पर ही बेहोश हो गई आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी महिला के बेटे अखिलेश ने हादसे को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उनका कहना है कि टक्कर मारने वाला वाहन डायल 112 पुलिस वाहन था जो घटना के बाद मौके से फरार हो गया अखिलेश का आरोप है कि यदि समय रहते वाहन रुककर घायल को अस्पताल पहुंचाया जाता तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती परिजनों का कहना है कि पुलिस वाहन की पहचान होते हुए भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच के बाद दोषी वाहन चालक के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी!!

## इनर व्हील क्लब द्वारा महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु निकली गई रैली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां/सीतापुर** इनर व्हील क्लब बिसवां द्वारा महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु आज एक प्रभावशाली रैली का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हिंसा के खिलाफ आवाज उठाना था। रैली के साथ-साथ पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रधानाचार्या श्रीमती अल्पना अवस्थी के सानिध्य में कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इन्टर कॉलेज अमर नगर बिसवां विद्यालय की छात्राओं ने अपने रचनात्मक और सार्थक संदेशों के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दों को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम विशेष आकर्षण रहा नुक्कड़ नाटक, के माध्यम से विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न प्रदर्शन प्रस्तुत किये। नाटक में महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा, सामाजिक कुरीतियाँ और आत्मनिर्भरता का संदेश अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायी शैली में




दर्शाया गया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब की अनेक सक्रिय सदस्यगण कोऑर्डिनेटर गुंजन सेठ, कोऑर्डिनेटर रेनू मेहरोत्रा, अंजली राजवंशी, सुनीता अग्रवाल, निधि सिंघल, ऋचा गुप्ता और मीरा सिंघल—की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी सशक्त बनाया। सभी सदस्यों ने मिलकर यह संदेश दिया कि एक सुरक्षित समाज का निर्माण तभी संभव है जब हम सब मिलकर महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान की भावना को बढ़ावा दें। अध्यक्षा गुरमीत कौर व सचिव तुलसी गुप्ता ने कार्यक्रम की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों, छात्राओं और विद्यालय के शिक्षक- स्टाफ का धन्यवाद किया।

## जेवरों संग लापता हुई महिला और बेटी, सीएम हस्तक्षेप पर पुलिस हरकत में

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के महेशनगर मोहल्ला निवासी एक रिक्शा चालक की पत्नी अपनी बेटी और कीमती जेवरों के साथ अचानक लापता हो गई। पीड़ित पति ने कई बार गुहार लगाने के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर मामला मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचाया, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और दो महिलाओं समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सरेनी थाना क्षेत्र के चंदू का पुरवा गांव निवासी दिनेश अपनी पत्नी और बेटी के साथ महेशनगर मोहल्ले में किराए के मकान में रहता है। वह रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। पीड़ित के अनुसार 24 सितंबर की शाम करीब 6 बजे उसकी पत्नी बेटी के साथ घर से निकली और मंगलसूत्र, कानों के झुमके, पायल, करधनी समेत कई कीमती जेवर लेकर एक अज्ञात व्यक्ति के साथ चली गई। परिजन और दिनेश ने काफी खोजबीन की, लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चला।कई बार थाना पुलिस से शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई न होने पर दिनेश ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई। सीएम कार्यालय ने मामले में तत्काल जांच करने के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दो महिलाओं सहित एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस लापता महिला एवं उसकी बेटी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

## एसडीआरएफ और पुलिस की दमदार कार्रवाई: 36 घंटे बाद पोखरे से बरामद हुआ युवक का शव




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां**– गोरखपुर; सहजनवां थाना क्षेत्र के टड़वा खुर्द गांव में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां पोखरे में स्नान करने गए युवक की डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद से ही स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें युवक की तलाश में जुटी थीं, लेकिन पोखरे की गहराई और कीचड़ के कारण रेस्क्यू बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया था। लगभग 36 घंटे की अथक मशक्कत के बाद रविवार को युवक का शव पोखरे से बरामद कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार, मृतक सोनू राजभर (22) पुत्र परमहंस राजभर, निवासी मतवलिया थाना रामकोला, जनपद कुशीनगर, गुरुवार को अपने पड़ोसी गांव टड़वा खुर्द अपने मित्र महेंद्र कुशवाहा से मिलने आया था। महेंद्र गांव के एक व्यक्ति के यहां पाइप बनाने का काम करता है। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे सोनू पास के पोखरे में स्नान करने गया, लेकिन कुछ ही देर में वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम ने शुक्रवार शाम से ही पोखरे में तलाशी अभियान शुरू कर दिया, लेकिन पानी की अधिकता, कीचड़ और पोखरे की गहराई के कारण शव का पता नहीं चल सका। स्थिति को देखते हुए थानेदार सहजनवां महेश कुमार चौबे ने रविवार सुबह पोखरे से पानी निकालने की व्यवस्था कराई। जैसे ही पानी का स्तर कम होना शुरू हुआ, शव सतह पर उतराने लगा। एसडीआरएफ टीम ने तुरंत शव को बाहर निकालकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

लगातार 36 घंटे चले इस रेस्क्यू अभियान में पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों की सक्रिय भूमिका रही। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस के प्रयासों की सराहना की। थानेदार महेश कुमार चौबे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने पोखरों और जलस्त्रोतों के पास सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते सतर्कता बरती जाती तो शायद इस तरह की घटना रोकी जा सकती थी।

## हजारों किसानों की सहभागिता, से सुशीला वर्मा बनीं महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष





● ... गौंदा मुआज्जम नगर में भाकियू (भानु) का भव्य संगठन विस्तार कार्यक्रम सम्पन्न।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद (लखनऊ)।** मलिहाबाद क्षेत्र के ग्राम गौंदा मुआज्जम नगर में आज भारतीय किसान यूनियन (भानु) द्वारा भव्य संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए हजारों किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को संगठित कर उनके अधिकारों, समस्याओं एवं हितों के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सुशीला वर्मा जी ने महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष पद की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी महिला मण्डल अध्यक्ष, लखनऊ श्री ऋषि मिश्रा जी द्वारा विधिवत रूप से दिलाई गई। इस अवसर पर उपस्थित किसानों व पदाधिकारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री शिवनारायण शर्मा जी एवं जिला महामंत्री श्री अनूप मौर्य जी की गरिमामयी उपस्थिति विशेष रूप से रही। इनके साथ प्रदेश पदाधिकारी श्री असीम उर्फ शीबू, तहसील महामंत्री मलिहाबाद श्री नफीस अहमद, तहसील उपाध्यक्ष मलिहाबाद, सहित जिला, तहसील एवं ब्लॉक स्तर के अनेक पदाधिकारी मंच पर मौजूद रहे।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान तभी संभव है जब किसान संगठित होकर अपनी आवाज बुलंद करें। भाकियू (भानु) सदैव किसानों के हक की लड़ाई सड़क से लेकर शासन-प्रशासन तक मजबूती से लड़ती रही है और आगे भी पूरी ताकत के साथ किसानों के हितों की रक्षा करती रहेगी। महिला शक्ति की सक्रिय सहभागिता से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम का समापन किसान एकता, संगठन की मजबूती और अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं भारी संख्या में उपस्थित किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# लखनऊ में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की बैठक संपन्न, पत्रकार सुरक्षा और संगठन विस्तार पर हुई व्यापक चर्चा

● ....दुर्गेश सिंह 'दीपु' बने प्रदेश उपाध्यक्ष, लखनऊ इकाई के कई पदों पर नई जिम्मेदारियाँ; फील्ड में काम करने वाले पत्रकारों की समस्याओं पर संगठन गंभीर।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) - उत्तर प्रदेश की लखनऊ जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को प्रदेश कार्यालय, वृंदावन योजना सेक्टर-6 (पीजीआई क्षेत्र) में आयोजित की गई, जिसमें जिले के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवेंद्र मिश्रा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। बैठक में पत्रकार सुरक्षा, संगठन विस्तार और फील्ड में कार्यरत पत्रकारों की चुनौतियों पर विस्तृत विमर्श किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि पत्रकार लोकतंत्र के सशक्त प्रहरी हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर काम करने वाले पत्रकार कई प्रकार के जोखिम और कठिनाइयों का सामना करते हैं। परिषद का उद्देश्य पत्रकारों को सुरक्षा, सम्मान और आवश्यक सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन प्रदेश के प्रत्येक जिले में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, कानूनी सहायता शिविर व जागरूकता अभियानों को आगे बढ़ाएगा।

बैठक के दौरान संगठन विस्तार के क्रम में परिषद ने दुर्गेश सिंह 'दीपु' को उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की, जिसका उपस्थित सदस्यों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। इसी क्रम में जिले के संगठन में नई जिम्मेदारियों के तहत राजू मोहन पांडे को महासचिव, श्यामलाल गौतम को संगठन मंत्री, आशीष पाल को आईटी सेल में तथा भारत भूषण को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भरोसा जताया कि नई टीम संगठन को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेगी।

बैठक में जिले के कई पत्रकारों ने अपने कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं को साझा



किया, जिनमें थानों में सहयोग की कमी, समाचार संकलन के दौरान उत्पीड़न, ग्रामीण क्षेत्रों में असुरक्षा, पहचान पत्र सत्यापन और प्रशासनिक स्तर पर संवाद की कमी जैसे मुद्दे शामिल रहे। परिषद ने इन सभी बिंदुओं पर गंभीरता व्यक्त करते हुए जल्द ही संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समाधान सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। बैठक में जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा, जिला प्रभारी रघुनाथ सिंह, मुकेश द्विवेदी, गौरव शुक्ला, दिव्यांशु त्रिपाठी, अवनीश पांडे, पुष्प राज सिंह, शिवा मिश्रा, रोहित दीक्षित, विनीत मिश्रा, हरिओम दीक्षित, अमन द्विवेदी सहित लखनऊ जनपद के अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि पत्रकार हितों और सुरक्षा के लिए परिषद प्रदेशभर में अभियान चलाते हुए संगठन को गांव एवं तहसील स्तर तक विस्तारित करेगी।

# पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पर गहराता संकट और 2026 की चुनावी सरगर्मी

पश्चिमी बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजनीतिक और सामाजिक दोनों ही स्तरों पर लगातार बहस तेज हो रही है। हाल के दिनों में मुर्शिदाबाद में बम मिलने की घटनाओं, सीमावर्ती इलाकों में बढ़ती अवैध घुसपैठ, रोहिंग्या नेटवर्क की सक्रियता और प्रशासन की कथित उदासीनता ने आम जनजीवन में असुरक्षा की भावना भर दी है। राज्य में होने वाले 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले यह मुद्दा और भी अधिक राजनीतिक रंग ले चुका है। भारतीय जनता पार्टी इसे सबसे बड़ा चुनावी सवाल बनाकर जनता के बीच जा रही है जबकि राज्य सरकार विपक्ष के आरोपों को राजनीतिक साजिश बताकर खारिज करने में लगी है। लेकिन सच्चाई यह है कि जमीन पर कानून व्यवस्था को लेकर असंतोष बढ़ रहा है और आम नागरिक सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।पश्चिम बंगाल की राजनीति में धर्म आधारित तनाव, सीमावर्ती जिलों में अवैध घुसपैठ, राजनीतिक हिंसा और प्रशासनिक पक्षपात के आरोप लंबे समय से मौजूद रहे हैं। मगर पिछले कुछ वर्षों में यह स्थिति और अधिक जटिल होती दिखाई दे रही है। राज्य के कई जिलों से समय समय पर बम बरामद होने की खबरें आती रही हैं। मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुर और नदिया जैसे जिले न केवल संवेदनशील क्षेत्र बन चुके हैं बल्कि इन जिलों में कई गिरोह सक्रिय हैं जिन पर बांग्लादेशी नेटवर्क से जुड़े होने के आरोप भी लगते रहे हैं। यह इलाका बार बार कट्टरपंथी और आपराधिक गतिविधियों का केंद्र बनता रहा है और यही कारण है कि यहां पर मिलने वाले बम और हथियार सामान्य घटना की तरह दिखाई देने लगे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पश्चिम बंगाल की मौजूदा परिस्थितियाँ किसी भी लोकतांत्रिक राज्य के लिए गंभीर खतरे की निशानी हैं। कानून व्यवस्था का विघटन न तो एक रात में होता है और न ही यह एक प्रशासन की अकेली नाकामी का संकेत होता है। इसके पीछे वर्षों से चले आ रहे राजनीतिक समझौते, वोट बैंक की राजनीति और अवैध गतिविधियों पर ढील जैसी कई परतें शामिल होती हैं। राज्य की वर्तमान सरकार पर भी इसी तरह के आरोप लगते रहे हैं कि उसने मुस्लिम वोट बैंक को साधने के लिए रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ कठोर कदम नहीं उठाए। कई विपक्षी नेता यह दावा करते हैं कि सीएम ममता बनर्जी घुसपैठ के मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेतीं और इसे राजनीतिक लाभ के हिसाब से देखने की कोशिश होती है। इस कारण सीमावर्ती क्षेत्र एक तरह से पनाहगाह बनते जा रहे हैं जहां वैध और अवैध की रेखा धीरे धीरे धुंधली होती जा रही है।




रोहिंग्या घुसपैठ और उससे जुड़े आपराधिक नेटवर्क ने बंगाल की कानून व्यवस्था को न केवल चुनौती दी है बल्कि यह सामाजिक तनाव का कारण भी बन रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमावर्ती इलाकों में रोहिंग्या बस्तियां लगातार बढ़ी हैं और इन बस्तियों में कई संदिग्ध गतिविधियाँ पनपती हैं। इससे स्थानीय युवाओं में बेरोजगारी, अपराध और नशे की समस्या भी बढ़ी है। पुलिस पर यह आरोप भी है कि वह कई मामलों में कार्रवाई नहीं करती या फिर राजनीतिक दबाव में कार्रवाई रोक दी जाती है। जब जनता को न्याय नहीं मिलता तो उसे लगता है कि पूरा तंत्र ढह चुका है और उसकी सुरक्षा भगवान भरोसे है।

हिंदू समुदाय पर अत्याचार की घटनाओं और मंदिरों या धार्मिक कार्यक्रमों पर हमलों को लेकर भी माहौल तनावपूर्ण होता रहा है। कई रिपोर्टें सामने आई जिनमें कहा गया कि यदि किसी धार्मिक अल्पसंख्यक से संबंधित मामला होता है तो प्रशासन तेजी दिखाता है लेकिन हिंदू समुदाय से जुड़े मुद्दों पर उदासीनता रखी जाती है। इस कथित दोहरे मानदंड ने सरकार की छवि कमजोर की है। कई बार ऐसे मामले सामने आए जब दुष्कर्म, हिंसा और हमलों की घटनाओं को प्रशासन ने दबाने की कोशिश की और पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में देरी की। यह स्थिति लोगों के मन में यह धारणा और मजबूत करती है कि कानून का शासन खत्म हो चुका है और पुलिस राजनीतिक आदेशों पर चलने को मजबूर है।

2026 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में भाजपा ने इन सभी मुद्दों को केंद्र में रखकर रणनीति बनानी शुरू कर दी है। पार्टी इसे कानून व्यवस्था की लड़ाई और बंगाल के भविष्य की लड़ाई के रूप में पेश कर रही है। भाजपा नेताओं का कहना है कि राज्य में हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ा है और उनके धार्मिक अधिकारों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। इन घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोग भी दमन के शिकार बनते जा रहे हैं। भाजपा यह सवाल उठा रही है कि क्या राज्य सरकार सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार कर रही है या फिर वोट बैंक को मजबूत करने के लिए विशेष समूहों को संरक्षण दे रही है।

भाजपा का यह भी कहना है कि अगर बंगाल में बदलाव चाहिए तो सुरक्षा और कानून व्यवस्था की बहाली सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए पुलिस प्रशासन को राजनीतिक दबाव से मुक्त करना आवश्यक होगा। पार्टी यह दावा करती है कि उसकी सरकार आने पर कानून व्यवस्था पर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी। सीमावर्ती जिलों में सख्त निगरानी, राष्ट्रीय सुरक्षा के मानकों के अनुसार आतंक और घुसपैठ के खिलाफ अभियान और प्रशासनिक सुधार किए जाएंगे। भाजपा आम नागरिकों के सामने यह सवाल भी रख रही है कि क्या वे ऐसा राज्य चाहते हैं जहां अपराधी बेखौफ हों और आम जनता डर में जीने को मजबूर। पार्टी का कहना है कि सुरक्षित वातावरण ही विकास की असली नींव है और जब तक कानून व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी तब तक राज्य आर्थिक और सामाजिक दोनों क्षेत्रों में पिछड़ता रहेगा।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में हिंसा कोई नई बात नहीं है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक हिंसा की मात्रा और क्रूरता बढ़ी है। चुनावों के दौरान कई कार्यकर्ताओं की हत्या, हमले, घर जलाना और मारपीट की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर नकारात्मक असर पड़ता है और चुनावों का माहौल भय और आतंक में बदल जाता है। कानून व्यवस्था का अर्थ सिर्फ अपराधियों को पकड़ना नहीं होता बल्कि वह नागरिक स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी और राजनीतिक अधिकारों की रक्षा भी होती है। यदि किसी राज्य में लोग स्वतंत्र रूप से वोट नहीं डाल सकते या किसी पार्टी का झंडा नहीं लगा सकते तो वह राज्य लोकतांत्रिक मूल्यों की परीक्षा में असफल माना जाएगा।

राज्य में भ्रष्टाचार का मुद्दा भी मौजूदा सरकार के लिए बड़ा सिरदर्द बना हुआ है। शिक्षक भर्ती घोटाले से लेकर नगरपालिका और पंचायतों में भ्रष्टाचार के आरोप लगातार चर्चा में रहे। कई वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों की गिरफ्तारी हुई लेकिन विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने इन मामलों को दबाने का प्रयास किया और वास्तविक लाभार्थियों को बचाया। भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था का पतन साथ साथ चलता है। जहां भ्रष्टाचार होता है वहां अपराधियों को संरक्षण मिलता है और जहां अपराधी मजबूत होते हैं वहां जनता कमजोर होती है।

पश्चिम बंगाल के भविष्य का सवाल अब केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ गया है। राज्य की भौगोलिक स्थिति, अंतरराष्ट्रीय सीमा और संवेदनशील जिलों को देखते हुए यहां सुरक्षा की चुनौतियाँ स्वभाविक रूप से अधिक हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि सरकारें किसी भी समुदाय या वोट बैंक से ऊपर उठकर कड़ी और निष्पक्ष नीति बनाएं। लेकिन अगर राजनीतिक लाभ के लिए सुरक्षा के मुद्दे की अनदेखी होती रही तो इसका असर पूरे देश पर पड़ेगा।आगामी चुनाव पश्चिम बंगाल के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं। जनता यह तय करेगी कि वह किस प्रकार का नेतृत्व चाहती है। वह ऐसा शासन चाहती है जहां अपराधियों का दबदबा हो या ऐसा शासन जहां कानून का राज कायम रहे। वह ऐसा प्रशासन चाहती है जहां एफआईआर दर्ज कराने के लिए गुहार लगानी पड़े या ऐसा प्रशासन जहां न्याय को प्राथमिकता मिले। वह ऐसा राज्य चाहती है जहां घुसपैठ का जाल फैलता जाए या ऐसा राज्य जहां सीमाएँ सुरक्षित और समाज स्थिर हो।

पश्चिम बंगाल के लोग हमेशा से सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और लोकतांत्रिक विचारों वाले रहे हैं। लेकिन आज वे जिस असुरक्षा और अव्यवस्था का सामना कर रहे हैं वह चिंता का विषय है। जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक दल जनता की भावनाओं और प्रदेश की वास्तविक समस्याओं को समझें। मुद्दे चाहे घुसपैठ हो या राजनीतिक हिंसा, चाहे भ्रष्टाचार हो या धार्मिक असंतुलन, इनका समाधान केवल मजबूत इच्छाशक्ति और पारदर्शी शासन से ही संभव है। यदि सरकारें अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करें तो पश्चिम बंगाल न केवल सुरक्षित बन सकता है बल्कि विकास की नई ऊंचाइयों को भी छू सकता है।2026 का चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का अवसर नहीं बल्कि एक ऐसा मोड़ है जो यह तय करेगा कि राज्य किस दिशा में जाएगा। जनता की सुरक्षा, सामाजिक सौहार्द और कानून व्यवस्था जैसे मूल प्रश्न इस चुनाव की वास्तविक धुरी बन चुके हैं। यही मुद्दे आने वाले वर्षों में बंगाल के राजनीतिक और सामाजिक भविष्य की दिशा तय करेंगे।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## बंगाल की मुस्लिम राजनीति पर हुमायूं कबीर का प्रहार

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 6 दिसंबर को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक नई मस्जिद की आधारशिला रखी। यह सिर्फ एक धार्मिक ढांचे का निर्माण नहीं, बल्कि कई स्तरों पर पहचान, भावनाओं और सत्ता-राजनीति के प्रतीकों को एक साथ सक्रिय करने वाला क्षण है। जिस तारीख को बाबरी विध्वंस हुआ था, उस दिन यह कार्यक्रम आयोजित करना और बाहरी धर्मगुरुओं तथा हजारों की भीड़ को जुटाना इसे महज स्थानीय आयोजन के दायरे से बाहर ले जाता है। यह एक खुला राजनीतिक संकेत है कि बंगाल का अल्पसंख्यक परिदृश्य अब एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है जहाँ धार्मिक पहचान और राजनीतिक महत्वाकांक्षा एक-दूसरे का पूरक बनकर उभर रही हैं।

टीएमसी ने मस्जिद-निर्माण को लेकर फैले तेज राजनीतिक संकेतों को भाँपते हुए कबीर को 4 दिसंबर को ही निलंबित कर दिया, ताकि उसके ऊपर लगने वाले 'तुष्टिकरण' के आरोपों को कम किया जा सके। पार्टी का तर्क है कि मस्जिद बनाना किसी व्यक्ति या समूह का अधिकार है, लेकिन बाबरी से जुड़ा नामकरण और तारीख का चयन ऐसी अनावश्यक उत्तेजना है जो बंगाल की दशकों पुरानी धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक धारा को मुश्किल में डाल देता है। टीएमसी को यह भी भली-भाँति पता है कि भाजपा इस प्रतीकात्मक राजनीति का उपयोग एक व्यापक नैरेटिव बनाने में करेगी कि राज्य सरकार का रवैया वर्षों से इस तरह के कदमों को प्रोत्साहन देता रहा है। निलंबन इसलिए पार्टी की एक रणनीतिक प्रतिक्रिया थी, ताकि वह आधिकारिक रूप से खुद को इस पूरे आयोजन से अलग दिखा सके और यह संदेश दे कि यह उसका एजेंडा नहीं है। लेकिन राजनीतिक वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल है, क्योंकि यही कार्रवाई मुस्लिम समाज के भीतर एक संदेह भी पैदा कर सकती है कि पार्टी अब उन मुद्दों से दूरी बनाने लगी है जिन्हें एक बड़ा वर्ग 'सम्मान' और 'हक़' के सवाल से जोड़कर देखता है।

हुमायूं कबीर जिस तरह इस मस्जिद को मुसलमानों की 'इज़्ज़त की लड़ाई' बता रहे हैं, वह इस पूरे घटनाक्रम को धार्मिक पहचान से सीधे जोड़ देता है। उनका यह दावा कि 25 बीघा जमीन पर मस्जिद के साथ अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, होटल और हेलिपैड भी बनेगा, इसे एक विशाल सामुदायिक-राजनीतिक परियोजना का रूप देता है। 22 दिसंबर को नया दल बनाने और लगभग 130-135 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की उनकी घोषणा यह साफ़ करती है कि यह केवल धार्मिक आस्था या भावनाओं का मुद्दा नहीं, बल्कि एक नया, अलग मुस्लिम वोट-बैंक खड़ा करने की महत्वाकांक्षा है। यह बंगाल के राजनीतिक मानचित्र में मुस्लिम राजनीति के भीतर एक नए प्रतिस्पर्धी मॉडल का उदय है, जो पहली बार इतनी स्पष्टता से सामने आया है।



मसलन, बंगाल में लंबे समय से मुस्लिम वोट काफी हद तक एकजुट होकर टीएमसी को मिलता रहा है, जिससे पार्टी को एक मज़बूत चुनावी आधार हासिल था। लेकिन कबीर का यह कदम इस एकजुटता को चुनौती दे सकता है। मुस्लिम वोट का आंशिक कटाव भी उन जिलों में निर्णायक प्रभाव डाल सकता है, जहाँ सीटें बेहद कम अंतर से तय होती हैं

मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर व दक्षिण 24 परगना जैसे जिले इसके केंद्र बन सकते हैं। इस प्रकार यह घटना मुस्लिम समाज के भीतर एक आंतरिक ध्रुवीकरण को जन्म देती है: एक ओर वे जो पहचान के सवाल को प्राथमिक मानते हैं और दूसरी ओर वे जो मानते हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर इसका नकारात्मक असर मुसलमानों को और अधिक असुरक्षित बनाता है। कांग्रेस और कई स्थानीय मुस्लिम नेताओं ने इसी आशंका का इज़हार किया है कि मस्जिद को 'बाबरी' के प्रतीक से जोड़ना एक बड़ा राजनीतिक-धार्मिक उबाल पैदा करेगा, जिसके परिणाम व्यापक होंगे और जिनका बोझ छोटे इलाकों के आम मुसलमानों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाना पड़ेगा।

भाजपा इस समय को एक अवसर के रूप में देख रही है। उसके लिए यह एक राजनीतिक स्वर्ण-क्षण है जहाँ वह मुस्लिम पहचान-आधारित लामबंदी को टीएमसी के दीर्घकालीन 'तुष्टिकरण' के परिणाम के रूप में पेश कर सकती है। भाजपा का संदेश बहुत सीधा और चुनावी दृष्टि से प्रभावी है कि यह स्थिति अचानक पैदा नहीं हुई, बल्कि राज्य सरकार के वर्षों तक की गई नीतियों और रुख ने ऐसे अवसरों को जन्म दिया है। भले ही टीएमसी ने अब कबीर को बाहर का रास्ता दिखा दिया हो, लेकिन भाजपा जिस तरह इस पूरे प्रकरण को टीएमसी की राजनीतिक विरासत से जोड़ रही है, वह चुनावी मानस को लगातार प्रभावित करेगा।

इस परिदृश्य का सबसे संवेदनशील पहलू कानून-व्यवस्था है। हाई कोर्ट ने कार्यक्रम को रोकने से इंकार करते हुए राज्य सरकार को पूरी जिम्मेदारी सौंपी। इसका सीधा अर्थ है कि आने वाले महीनों में इस स्थल से जुड़ा कोई भी तनाव चाहे प्रशासनिक चूक हो या सामाजिक तनाव सीधे सरकार की जवाबदेही का प्रश्न बनेगा। चुनावी समय में यह सबसे जोखिम भरा क्षेत्र है, क्योंकि किसी भी छोटे विवाद को राजनीतिक विमर्श में बड़े संकट के रूप में पेश किया जा सकता है।

इन समग्र परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह स्पष्ट है कि यह घटना महज़ एक धार्मिक ढांचे की नींव रखने की नहीं है। यह बंगाल के 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए एक 'ट्रिगर इवेंट' बन चुकी है, जिसने एक साथ तीन प्रमुख प्रवृत्तियों को उजागर कर दिया है: मुस्लिम राजनीति का संभावित विखंडन, ममता बनर्जी के लिए दोतरफ़ा दबाव जहाँ उन्हें भाजपा के आरोपों को निष्प्रभावी रखना है और साथ ही मुस्लिम वोट को भी अपने से दूर नहीं जाने देना है और भाजपा के लिए ध्रुवीकरण आधारित एक नए शक्तिशाली राजनीतिक नैरेटिव का उभार। इन तीनों का सम्मिलित प्रभाव यह सुनिश्चित करता है कि आने वाले महीनों में बंगाल की राजनीति सिर्फ विकास, योजनाओं या प्रशासनिक बहसों तक सीमित नहीं रहेगी। पहचान और भावनात्मक इतिहास से जुड़े सवाल इस चुनाव का केंद्र बनने जा रहे हैं। यह घटना, भले ही प्रतीकात्मक दिखती हो, लेकिन इसके राजनीतिक परिणाम बेहद ठोस और दूरगामी होंगे।

**महेन्द्र तिवारी**

# इंडिगो के संकट से सरकार की नीतियों पर भी सवाल

सरकार को नियम बनाने और उनको लागू करने के लिए व्यवहारिक अड़चन का भी ध्यान रखना चाहिए और नियमों को आमजन की समस्या को ध्यान रखते हुए लागू करना चाहिए पिछले पांच दिनों से देश के तमाम एयरपोर्ट पर जो दृश्य दिखाई दे रहा है,वह भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए एक बड़े संकट का संकेत है वहीं सरकारी स्तर पर बेहद अपरिपक्वता भरे फैसले का नतीजा है। देश की सबसे भरोसेमंद और सफल एयरलाइन मानी जाने वाली इंडिगो अचानक अपने इतिहास के सबसे खराब दौर से गुजर रही है। 2000 से अधिक उड़ानें रद्द होना, कोई साधारण प्रशासनिक गड़बड़ी नहीं, बल्कि एक ऐसी जटिल स्थिति है, जिसने भारत के एविएशन मॉडल की कमियों को उजागर कर दिया है। अगर देखा जाए तो ऑपरेशनल ब्रेकडाउन ने भारत की उड़ान व्यवस्था की विश्वसनीयता, नियामकीय क्षमता और यात्री हितों के प्रति प्रतिबद्धता तीनों को कठोर प्रश्नों के घेरे में ला दिया है। यह संकट सिर्फ एक एयरलाइन की गलती नहीं, बल्कि उस पूरे ढांचे की कमजोरी है जो वर्षों से बढ़ती मांग, सीमित संसाधन और अपर्याप्त नियमन के बीच लड़खड़ा रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इंडिगो के संकट ने आम यात्रियों की जिंदगी में अकल्पनीय अराजकता ला दी। पांच दिनों में सैकड़ों उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को जो जिन दिक्कतों और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, उसकी सिर्फ कल्पना ही जा सकती है। हजारों यात्री फंसे हुए हैं और एयरपोर्ट किसी रेलवे स्टेशन जैसी भीड़ से भर गए हैं। लोग फर्श पर सोने को मजबूर हैं, खाने-पीने की व्यवस्था नहीं, न होटल, न ईमानदार जानकारी, सब कुछ अव्यवस्थित, थका देने वाला और निराशाजनक सवाल उठता है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में हमारा एयर ट्रैवल सिस्टम इतनी आसानी से कैसे ढह सकता है? सवाल यह भी है कि क्या सरकार की नीतियों, रेगुलेशन और पायलट रोस्टर नियमों ने मिलकर यह संकट पैदा किया है? सवाल यह है कि आखिर वह एयरलाइन, जिसने भारत के यात्रियों को समय पर उड़ान की आदत डलवाई, वह खुद समय और संचालन दोनों को क्यों मैनेज नहीं कर पा रही ? कंपनी कभी मौसम को जिम्मेदार ठहराती, कभी एयरपोर्ट की भीड़ को, लेकिन वास्तविक चुनौती कहीं गहरे बैठी थी कि कर्मचारी प्रबंधन की कमजोरी और लंबे समय से बढ़ते परिचालन दबाव का ढेर। यह दबाव तव विस्फोटक बन गया जब सरकार के नए एफडीटीएल नियम लागू हुए। यह स्थिति किसी प्राकृतिक आपदा का परिणाम नहीं, बल्कि एक प्रशासनिक और प्रबंधकीय विफलता का परिणाम थी। किसी भी संकट में सबसे पहले शोषण के रास्ते खुलते हैं। इंडिगो की उड़ानें बंद होने के साथ ही अन्य एयरलाइनों ने कुछ रूटों पर टिकट कीमतें सामान्य से 10 गुना तक बढ़ा दीं। टिकटों की दामों में बढ़ोत्तरी ने यात्रियों को परेशानियों को और बढ़ा दिया है। दिल्ली-बेंगलुरु की सबसे सस्ती टिकट 40,000 रुपये से ऊपर दिखाई दी, जबकि कई फ्लाइट्स 80,000 रुपये तक पहुंच गई। यह व्यवहार पूरी तरह गैर-नैतिक था। संकट की घड़ी में लाभ कमाने की यह प्रवृत्ति दिखाती है कि भारतीय विमानन क्षेत्र में मूल्य नियंत्रण की ठोस व्यवस्था अब तक क्यों आवश्यक है। हालांकि सरकार ने बाद में फेयर-कैप लागू कर कीमतें नित्रित कीं, लेकिन यह कार्रवाई शुरुआत से ही की जानी चाहिए थी। देर से जारी नियंत्रण आदेश ने कई यात्रियों को आर्थिक रूप से बुरी तरह प्रभावित किया। हालांकि बाद में इस मामले में नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने दो बड़े आदेश जारी किए किए है। किराया सीमा लागू की गयी है। इसके अलावा प्रभावित यात्रियों से किसी भी प्रकार का री-शेड्यूलिंग शुल्क न लेने का आदेश दिया गया। ये निर्देश बेहद जरूरी थे, पर सवाल यह है कि ऐसी आपात स्थिति में सरकार ने तुरंत हस्तक्षेप क्यों नहीं किया? संकट कई दिनों से बढ़ रहा था, लेकिन मंत्रालय और डीजीसीए की चुप्पी ने हालात को भयावह बनने दिया। किसी भी राष्ट्र में जब यात्रियों का इतना बड़ा संकट उत्पन हो, तो सरकार की जिम्मेदारी होती है कि वह अस्थायी उड़ानें, वैकल्पिक व्यवस्था और मूल्य नियंत्रण तुरंत सुनिश्चित करे। साथ ही समझना होगा कि कि किसी एक कंपनी पर इतनी अधिक निर्भरता स्वयं में एक व्यवस्थागत खतरा है।

वास्तव में भारत का विमानन बाजार पिछले एक दशक में धीरे-धीरे दो बड़ी कंपनियों के बीच सिमटता चला गया है। इंडिगो और एयर इंडिया जब किसी एक कंपनी का बाजार पर इतना बड़ा नियंत्रण हो, तो किसी भी तकनीकी गड़बड़ी, स्टाफ संकट या प्रबंधन विफलता का असर पूरे देश की उड़ान व्यवस्था पर पड़ता है। यह स्थिति उस




'सिंगल पॉइंट ऑफ फेल्योर को दर्शाती है, जिससे खतरा लंबे समय से विशेषज्ञों द्वारा बताया जा रहा है। एविएशन सेफ्टी फर्म मार्टिन कंसल्टिंग के सीईओ मार्क डी मार्टिन के शब्द बेहद मार्मिक हैं कि जिस तरह एडीजीसी ने अपने ही नियमों पर कदम पीछे खींचे, उससे दुनिया को यह संदेश गया है कि भारत की एविएशन रेगुलेशन प्रणाली कमजोर है। जब एक नियामक संस्था किसी एयरलाइन कंपनी के सामने निष्क्रिय दिखती है, तो यह संकेत देता है कि नियमन सिर्फ कागजों में रह गया है। एक मजबूत विमानन देश की पहचान केवल आधुनिक विमानों से नहीं, बल्कि सशक और निष्पक्ष नियामक तंत्र से होती है। 2006 में दिल्ली-मुंबई की उड़ान से शुरू हुई इंडिगो की सफलता कहानी आज भारत के सबसे बड़े विमानन संकटों में से एक के रूप में दर्ज हो रही है। संकट के दौरान मूल्य शोषण रोकने के लिए ऑटोमेटिक फेयर कंट्रोल सिस्टम लागू होना चाहिए। इंडिगो संकट ने भारतीय विमानन क्षेत्र की गहराई तक बैठे संरचनात्मक दोषों को उजागर कर दिया है। यह समय है कि सरकार, एयरलाइंस और नियामक संस्थाएं मिलकर एक ऐसे उड्डयन ढांचे का निर्माण करें जिसमें पारदर्शिता हो, जवाबदेही हो यात्री अधिकार सुरक्षित हों और कोई भी कंपनी इतनी बड़ी न हो जाए कि उसकी गलती से देश का पूरा आकाश ठहर जाए भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती विमानन अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। लेकिन विकास केवल तब सार्थक होगा जब वह यात्री कल्याण, मजबूत नियमन और सुव्यवस्थित प्रबंधन के साथ आगे बढ़े। यह संकट एक चेतावनी है कि और यदि इससे सही सीख ली जाए, तो भारतीय विमानन का भविष्य और अधिक सुरक्षित, संवेदनशील और विश्वसनीय बन सकता है। इंडिगो का यह संकट केवल एक एयरलाइन की कहानी नहीं है। यह भारत के विमानन बुनियादी ढांचे, नीतियों, और प्रबंधन की गहरी खामियों का आईना है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बन रहा है। लेकिन अगर नींव कमजोर होगी, तो इस विकास की गति किसी भी दिन रुक सकती है, ठीक वैसे ही जैसे आज इंडिगो के रनवे पर रुक गई है। यात्रियों का भरोसा ही किसी एयरलाइन की सबसे बड़ी पूंजी है। इंडिगो को यह समझना होगा कि लाखों लोग उससे सिर्फ टिकट

नहीं खरीदते, बल्कि वे अपना समय, अपनी योजनाएं और अपनी उम्मीदें भीउस पर भरोसे से छोड़ते हैं। यह संकट एक चेतावनी है कि उसे सुनना इंडिगो के लिए जितना जरूरी है ध्यान रखना होगा कि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

इंडिगो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है. स्टैटिस्टा के मुताबिक, साल 2025 के सितंबर महीने तक का डेटा बताता है कि घरेलू उड़ानों में इंडिगो का हिस्सा 63 फीसदी है. दूसरे नंबर पर 13.6 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ एयर इंडिया, इंडिगो से बहुत दूर है, अक्टूबर 2025 तक भारत की घरेलू उड़ानों में लगभग 90 मिलियन यात्रियों ने इंडियो से सफर किया. इस संख्या के साथ बाजार में इंडिगो की हिस्सेदारी 64.5 प्रतिशत है. जहां तक मौजूदा संकट का सवाल है, तो नए नियमों के लिए समय रहते तैयारी ना करके ये दिक्कत इंडिगो ने खुद पैदा कीं.सरकार हवाई यात्रा को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए पायलटों के काम करने और आराम करने के घंटों से जुड़े नए नियम लाई. लेकिन इनके क्रियान्वयन के लिए तैयारी नहीं की गयी इससे सरकार के नीति नियंताओ को भी उत्तरदायी होने से बचा नहीं सकते हैं।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# इंडिगो का संकटः एकाधिकार और देश की उड़ान पर खतरा

**[विकल्प, प्रतिस्पर्धा और न्यायः अब फैसला हमारे हाथ में]**

**[टिकट महंगे, सपने टूटेः भारतीय हवाई यात्रा की नग्न सच्चाई]**

कभी आसमान आम आदमी का सपना था। आज हवाई यात्रा केवल अमीरों का खेल बन गई है। दिल्ली से चेन्नई का 9 हज़ार का टिकट अचानक 60-80 हज़ार तक पहुँच गया। यह केवल किराया नहीं, यह भारतीय एविएशन की नग्न सच्चाई का उद्घोष है। इंडिगो का हालिया मेल्टडाउन कोई आकस्मिक घटना नहीं; यह उस कमजोर ढांचे की चेतावनी है जिस पर वर्षों तक भरोसा किया गया। जब एक ही कंपनी के पास 63% से अधिक बाज़ार होता है, तो उसकी गड़बड़ी पूरे देश को हिला देती है। सबक साफ है–जब सारा दांव एक घोड़े पर होगा, और वह घोड़ा लंगड़ा हो, तो पूरा देश लंगड़ाएगा।

इंडिगो कभी 'लो-कॉस्ट किंग' थी। आज वही किंग बिना ताज और बिना तैयारी के संकट के बीच नंगा खड़ी है। नया एफडीटीएल (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) नियम आया–पायलटों को पर्याप्त आराम मिले। यह सही कदम है, लेकिन तैयारी न के बराबर थी। परिणाम भयानक रहा। पायलटों की भारी कमी, क्रू शॉर्टेज और सिस्टम क्रैश ने दिल्ली के मुख्य हब से उड़ानों को रद्द कर दिया। मुंबई में टिकट 48-93 हज़ार और बेंगलुरु में 80-92 हज़ार तक पहुँच गई। एक माँ अपनी बीमार बेटी के साथ दिल्ली नहीं पहुँच पाई। एक स्टार्टअप फाउंडर 2 करोड़ की फंडिंग राउंड चूक गया। यह केवल आंकड़े नहीं; यह टूटते सपनों और जीवन की कहानियाँ हैं।

सच्चाई यह है कि सस्ती उड़ानों का सपना पूरा करने के चक्कर में हमने हवाई यात्रा की रीढ़ ही तोड़ दी। पिछले दो वर्षों में इंडिगो के चालीस से अधिक विमान जमीन अभी भी प्रैट एंड व्हिटनी इंजन की खराबी के कारण ग्राउंडेड हैं। नए विमानों के आदेश में देरी और वैकल्पिक योजना की कमी ने हालात और गंभीर बना दिए। स्पाइसजेट दिवालिया होने की कगार पर है। विस्तारा और एयर इंडिया का विलय 2024 में पूरा हो चुका है, लेकिन एकीकरण प्रक्रिया अभी जारी है। अकासा तेजी से नई उड़ानें शुरू कर रही है, लेकिन अभी उसका प्रभाव सीमित है। परिणाम स्पष्ट है–इंडिगो की एक छींक पूरे क्षेत्र को हिला




देती है। यह केवल एकाधिकार नहीं है; यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे की चेतावनी है।

सुधार की शुरुआत तभी होगी जब हम एकाधिकार के खतरे को गंभीरता से समझें। टाटा को अपने विमान बेड़े में तेजी से तीन सौ नए विमान शामिल करने की अनुमति दी जानी चाहिए। अकासा को अपने 222 विमानों के मौजूदा ऑर्डर को तेजी से पूरा करने का अवसर मिलना चाहिए। नए निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए फ्लाइट राइट्स को पूंजी बाजार में लाना अनिवार्य है। इससे न केवल प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, बल्कि यात्रियों के लिए विकल्प और किरायों में स्थिरता भी आएगी।

सिर्फ़ कंपनियों को विस्तार देने से ही काम नहीं चलेगा। हवाई अड्डों के बुनियादी ढांचे पर भी तेज़ी से काम करना अनिवार्य है। जेवर, नवी मुंबई और 2030 तक बनने वाले पचास नए हवाई अड्डे केवल इमारतें नहीं हैं; ये पूरे भारतीय हवाई नेटवर्क की जीवन रेखा हैं। भीड़भाड़ वाले हबों को कम करना, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाना और लॉजिस्टिक सिस्टम को मज़बूत करना अब सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इससे देशभर में उड़ानों की सुगमता बढ़ेगी और एयरलाइंस के संचालन में स्थिरता सुनिश्चित होगी।

साथ ही, पायलटों की गंभीर और लगातार बढ़ती कमी को तुरंत और प्रभावी ढंग से दूर करना अनिवार्य है। वर्तमान में भारत में लगभग दस-बारह हजार सक्रिय पायलट हैं, जबकि 2030 तक यह संख्या बीस हजार से अधिक होना चाहिए, ताकि देश का घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई नेटवर्क सुचारु रूप से संचालित हो सके। इसके लिए नई उड़ान अकादमियाँ खोली जानी चाहिए और मौजूदा प्रशिक्षण क्षमता को कई गुना बढ़ाना होगा। साथ ही, लड़कियों को प्रोत्साहित करने और महिला पायलटों की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। यह केवल संख्या का सवाल नहीं है; यह उद्योग की मजबूती और समाज में समान अवसरों की अनिवार्यता का प्रतीक है।

किराया नियंत्रण पर भरोसा करना समाधान नहीं है। आज टिकट साठ-पैंसठ हज़ार इसलिए हैं क्योंकि सप्लाई कम है, मांग नहीं। सप्लाई बढ़ाओ–नए विमान, नई एयरलाइंस, सुचारु संचालन–और किराया अपने आप आठ हज़ार तक नीचे आ जाएगा। यह अर्थशास्त्र का बुनियादी नियम है, जिसे हम भावनाओं और तात्कालिक निर्णयों में भूल चुके हैं। यह संकट दर्द ज़रूर दे रहा है, लेकिन यह शायद आखिरी ऐसा दर्द हो सकता है। अगर सरकार और उद्योग ने आज साहस दिखाया, तो 2027 तक भारत का घरेलू हवाई नेटवर्क दुनिया का सबसे मजबूत, सबसे सस्ता और सबसे विविध नेटवर्क बन सकता है। साठ-अस्सी हज़ार का टिकट हमें यह कटु सच याद दिला रहा है कि आसमान किसी एक कंपनी की जागीर नहीं हो सकता। सस्ती उड़ान का सपना तभी साकार होगा जब उसे किसी एकाधिकार की दया, मनमानी और कमजोरी पर निर्भर न रहने दिया जाए। आकाश किसी एक का नहीं–वह हम सबका अधिकार है, हमारी सामूहिक उम्मीद है। अब फैसला हमारे हाथ में है। या तो हम अपना आसमान वापस छीनकर संतुलित, मजबूत और न्यायपूर्ण व्यवस्था बनाएँ, या फिर हमेशा ज़मीन पर खड़े होकर महँगी उड़ानों के सामने बेबस आँसू बहाते रहें।

**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑपरेशन प्रहार : 10 चोरी की बाइक के साथ 3 अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के थाना श्रीरामपुर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी में लिप्त 3 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये तस्कर चोरी की 10 मोटरसाइकिलों को मॉडिफाई कर उनसे अंग्रेजी शराब की तस्करी कर रहे थे। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संजिव सुमन के निर्देशन में की गई। पुलिस ने बंगरुआ गांव स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के पीछे से 31.68 लीटर अंग्रेजी शराब, 10 मोटरसाइकिल, 2 फर्जी नंबर प्लेट, 2 मॉडीफाइड पेट्रोल टैंकी, प्लास व पेंचकस बरामद किए। गिरफ्तार आरोपित बिहार के सीवान जिले के निवासी बताए गए हैं। बरामद शराब की कीमत लगभग 30 हजार रुपये तथा मोटरसाइकिलों की लागत लगभग 4 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

### देवरिया में एसटीएफ-बदमाश मुठभेड़ : एक घायल, दो गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के सलेमपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के महदहा चौराहे के पास शुक्रवार देर रात एसटीएफ और अंतरराज्यीय बदमाशों के बीच जोरदार मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि दो बदमाशों को पुलिस ने मौके से पकड़ लिया। पांच बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। प्रारम्भिक जांच में खुलासा हुआ है कि यह गैंग देवरिया जिले के दो बड़े व्यापारियों के अपहरण की योजना बना रहा था। धर्मेश शाही एसटीएफ सीनियर अधिकारी ने बताया कि मऊ और गाजीपुर जिलों के रहने वाले इन बदमाशों पर विभिन्न थानों में दर्जनों गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। एसटीएफ व पुलिस टीम फरार अपराधियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। जिले में एहतियातन हाई अलर्ट जारी किया गया है।

### चार पहिया वाहन के चपेट में आने से बाईक सवार युवक घायल

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर शनिवार की रात करीब नौ बजे चार पहिया वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी रतनपुर भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं परिजन घायल को नौगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाए जहां ईलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत असुरैना निवासी मोहम्मद शरीफ पुत्र गोबरी उम्र (30) बाईक पर दो महिलाओं को बैठाकर बरगदवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरा टोला मुड़ेरी छोड़ने जा रहा था। नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग के असुरैना चौराहे से करीब पांच सौ मीटर पूरब ही पहुंचा था कि सामने से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आ गया । उक्त वाहन के चपेट में आने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी रतनपुर में भर्ती करवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल रेफर के बाद परिजन नौगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाए जहां ईलाज चल रहा है। वहीं पुलिस चार पहिया वाहन को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि अभी किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिला है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

### ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में भदोही के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**भदोही।** यूनियन शोतोकान कराटे एसोसिएशन इंडिया की ओर से वाराणसी में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप के प्रथम दिवस में भदोही के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कई मेडल अपने नाम किए। मदर प्राइड एकेडमी के इब्राहिम साद ने स्वर्ण पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। इसी प्रकार वरदान इंटरनेशनल स्कूल के टेनी तोष तथा प्रॉपर्टी स्कूल की अलजेहरा फातिमा ने भी अपने-अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। डोनीव पब्लिक स्कूल, गोपीगंज के सावन कुमार ने स्वर्ण पदक जबकि आरिज संसारी ने रजत पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कोच सीयल यादव एवं श्याम सुंदर यादव ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# मुंहपका-खुरपका का प्रकोप बढ़ा, टीकाकरण न होने से पांच पशुओं की दर्दनाक मौत

**●पशुपालक दहशत में, पशु चिकित्सालय की कार्यशैली पर उठे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी गोरखपुर।** खजनी तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत उनवल से सटे कूड़ा भरत गांव और वार्ड नंबर 3 टेकवार में मुंहपका-खुरपका (FMD) बीमारी ने कहर ढा दिया है। मात्र दो दिनों में पांच मवेशियों की मौत हो चुकी है, जिससे पशुपालकों में भारी दहशत है। गांव के लोग आरोप लगा रहे हैं कि पशु चिकित्सालय उनवल के जिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारी नदारद हैं तथा टीकाकरण की कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिसके चलते बीमारी तेजी से फैलती जा रही है। कूड़ा भरत निवासी संजय यादव और बृजलाल यादव की पड़िया, अशोक यादव की गाय, ओपी यादव की पड़िया और टेकवार निवासी बैजनाथ यादव की गाय बीमारी की चपेट में आकर तड़प-तड़प कर दम तोड़ चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय से टीकाकरण हुआ होता तो उनके पशुओं की जान बच सकती थी। लेकिन पशु चिकित्सालय उनवल की लापरवाही ने हालात को बेहद भयावह बना दिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि पशु चिकित्सालय पर कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद नहीं रहता। कई बार पहुंचने पर लोग कहते हैं कि 'अभी डॉक्टर साहब कहीं बाहर गए हैं, बाद में आएंगे।' इस उदासीनता ने लोगों के भरोसे को पूरी तरह तोड़ दिया है। मजबूर होकर पशुपालक निजी दवा दुकानों से दवाएं खरीदकर अपने स्तर पर इलाज कर रहे हैं, लेकिन बीमारी तेज़ी से फैल रही है और कोई फायदा नज़र नहीं आ रहा। पशुपालकों ने बताया कि मुंहपका-खुरपका अत्यंत संक्रामक रोग है, जो तेज़ी से फैलता है। यदि विभाग ने तत्काल टीकाकरण अभियान नहीं चलाया तो आस-पास के गांवों में भी बड़े पैमाने पर पशु मरने का खतरा है। मृत पशुओं की संख्या बढ़ने से गांव में अफरा-तफरी का माहौल है और लोग रातभर अपने मवेशियों की देखभाल में लगे हुए हैं।

ग्रामीणों ने पशुपालन विभाग और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि टीकाकरण टीम गांव में भेजी जाए, बीमार पशुओं का इलाज कराया जाए और पशु चिकित्सालय की कार्यशैली की जांच हो। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी का फोन संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं मिल सका। पशुपालकों का कहना है कि यदि स्थिति ऐसे ही बनी रही तो गांव में पशु संपदा का भारी नुकसान हो सकता है। ग्रामीण प्रशासन से अपील कर रहे हैं कि बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए तुरंत राहत और चिकित्सा सहायता भेजी जाए, ताकि और पशुओं की जान बचाई जा सके।

# बंदरिया का अनोखा मातृत्व: कुत्ते के नवजात बच्चे को गोद में पाल रही, दृश्य देख लोग हुए भावुक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर** – जनपद के खजनी तहसील क्षेत्र स्थित नगर पंचायत उनवल के वार्ड नंबर 9-10 में बीते लगभग दस दिनों से एक ऐसा दृश्य सामने आ रहा है जिसे देख हर कोई हैरान भी है और भावुक भी। इंसानों में ममता की मिसालें तो अक्सर देखने को मिलती हैं, लेकिन यहां एक बंदरिया ने मातृत्व की ऐसी अनूठी परिभाषा गढ़ दी है, जिसे देखकर लोग प्रकृति की विस्मयकारी करिश्माई शक्ति को नमन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार यह बंदरिया पिछले कई दिनों से एक चार दिन के नवजात कुत्ते के बच्चे को अपने सीने से लगाए पूरे इलाके में घूम रही है। वह उसे इस तरह गोद में थामे रहती है जैसे कोई मां अपने शिशु को पकड़कर चलती है। हैरानी की बात यह है कि बंदरिया न केवल उसे अपने पास सहेजकर रखती है बल्कि उसे अपना दूध भी पिला रही है। कुत्ते का यह नन्हा बच्चा भी उसकी गोद में पूरी तरह सुरक्षित महसूस करता है और उससे ऐसे सटा रहता है मानो वही उसकी असली मां हो।

स्थानीय निवासियों का मानना है कि इस बंदरिया का अपना बच्चा या तो कहीं बिछड़ गया है या किसी दुर्घटना में उसकी मौत हो गई होगी। ममता से व्यथित होकर जब वह अपने बच्चे की तलाश में वार्ड नंबर 9 पहुँची तो उसे तीन-चार दिन का यह नन्हा कुत्ता दिखाई पड़ा। बस फिर क्या था, मातृत्व की भावना उमड़ पड़ी और उसने उसे अपनी गोद में उठा लिया। तब से वह उसे लेकर कभी छतों पर, कभी गलियों में, तो कभी पेड़ों के बीच घूमती नजर आती है। बच्चों ने जब पहली बार बंदरिया को कुत्ते के बच्चे से चिपके देखा तो शोर मचा दिया। कुछ शरारती बच्चों ने ढेला मारकर कुत्ते के बच्चे को छुड़ाने की कोशिश भी की, लेकिन बंदरिया ने उसे और कसकर पकड़ लिया और तेज़ी से ऊपर छत की ओर छलांग लगा दी। दिन भर वह घरों की छतों और पेड़ों के बीच फुर्ती से घूमती रहती है, जबकि रात में राजा साहब के बाग में उसके रुकने की जानकारी मिली है।

अब यह दृश्य पूरे वार्ड में चर्चा का मुख्य विषय बना हुआ है। रोजाना दर्जनों लोग इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए पहुंच रहे हैं। महिलाएं और बुजुर्ग इसे प्रकृति का चमत्कार बता रहे हैं, जबकि बच्चे इसे किसी फिल्मी दृश्य जैसा मानकर खुशी जताते हैं। वन विभाग के लिए यह घटना जहां चिंता का विषय है, वहीं समाज के लिए यह संदेश भी देती है कि ममता और संवेदना किसी दायरे में बंधी नहीं होती–न प्रजातियों में, न भाषाओं में, न ही किसी भेद में। प्रकृति कभी-कभी ऐसे करिश्मे दिखा देती है जो इंसानों के मन को झकझोरने के साथ-साथ उन्हें करुणा और प्रेम की नई सीख दे जाते हैं।

### जरूरतमंदों को मिलेगा सहारा 30 दिसंबर को गोपीगंज में वितरित होंगे 1500 कंबल

**गोपीगंज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक आवश्यक बैठक नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल के आवास पर आयोजित की गई, जिसमें आगामी कंबल वितरण कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संगठन द्वारा लगातार नौवें एवं अंतिम वर्ष गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम 30 दिसंबर 2025, दिन मंगलवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 1500 कंबलों का वितरण सुनिश्चित किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष एवं ज्ञानपुर चेयरमैन घनश्याम दास गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष रतन लाल अग्रहरि, दामोदर अग्रहरि, दिनेश उमर, अभिषेक जायसवाल, रितेश जायसवाल, अवधेश सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## वार्षिक सामान्य निकाय समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सलेमपुर, देवरिया।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) लिमिटेड परसिया भगवती, मझौवा, विकास खंड सलेमपुर की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक समिति प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं जिला सहकारी बैंक देवरिया के सभापति रविन्द्र प्रताप मल्ल ने कहा कि सहकार से समृद्धि अभियान को साकार करने के लिए जिला सहकारी बैंक लगातार ऋण वितरण बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार समितियों को बहुउद्देशीय बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है, जिससे किसानों की सभी जरूरतें एक ही मंच पर पूरी हो सकें। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश सिंह ने किसानों से अपील किया कि वे बैंक शाखाओं एवं बी-पैक्स से जुड़कर अधिकाधिक लाभ प्राप्त करें। बैठक में किसानों को कम ब्याज पर मिलने वाले ऋण तथा सहकारी विभाग से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

पूर्व प्राचार्य जटाशंकर दूबे ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के किसानों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने सहकारी संस्थाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए सभी सदस्यों से समिति की प्रगति हेतु सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में समिति अध्यक्ष अजीत मिश्र ने सभी आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।उक्त अवसर पर कुसुमाकर पाण्डेय, पंचम लाल, सर्वेश कुमार द्विवेदी, भुनेश्वर मिश्र, इंद्रजीत यादव, अरुण कुमार सिंह, सतीश सिंह, रविशंकर मिश्रा, अजय दूबे, विश्वनाथ पाण्डेय, मुक्तिनाथ दूबे सहित अनेक किसान व सदस्य उपस्थित रहे।

## व्यापारियों ने दुकान के किराए में हुई वृद्धि को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** रेलवे द्वारा अपनी जमीन पर आवंटित किए गए दुकानों के किराए में किए गए अप्रत्याशित वृद्धि को लेकर सिद्धार्थनगर के व्यापारियों में रोष व्याप्त है। जिसे लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कसौधन के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारियों द्वारा रविवार को सांसद जगदंबिका पाल को ज्ञापन सौंप अप्रत्याशित हुए किराया वृद्धि को कम किए जाने की मांग की। सांसद को सौंपे हुए ज्ञापन में कहा गया है कि दुकानों में सन् 1982 से लेकर 2025 तक रेलवे की आई डब्ल्यू बढ़नी सिद्धार्थनगर द्वारा जो भी किराया तय किया गया, व्यापारी देते रहे। दुकान का किराया सन् 1982 से वार्षिक 403 रुपए में, 7 प्रतिशतबढ़ोत्तरी के हिसाब से 31 मार्च 2025 तक 2032 रुपए जमा किया गया अब 400 गुना बढ़ा के वार्षिक 70,000 कर दिया गया है, जो कि यहां के व्यापारियों के लिए बहुत ही अधिक है। अचानक हम व्यापारियों को आई डब्ल्यू बढ़नी द्वारा सूचित किया गया कि सिद्धार्थनगर के सर्किल रेट के हिसाब से 70,000 रुपये किराया सालाना अब देना होगा। कोरोना काल में लगे लॉकडाउन से वर्तमान में हम सभी व्यापारियों की आर्थिक स्थिति सही नहीं है। हम व्यापारी अचानक बढे हुए किराया रेलवे (आई डब्ल्यू बढ़नी सिद्धार्थनगर) को देने में असमर्थ हैं। हमारी समस्या का निराकरण करें, अन्यथा हम भुखमरी के कगार पर आ जायेंगें। सांसद द्वारा आश्वासन दिया गया कि वह अपने स्तर से इस समस्या के निदान का प्रयास करेंगे। इस दौरान उमेश कुमार साहू, अमित, सुमन साहू, सुनील मौर्य, रवि प्रताप, निसार अहमद, मनीष कुमार, बलिकरन, अजहरुदीन, चंद्रिका प्रसाद, दीपक कुमार, श्रीराम रस्तोगी सहित अन्य व्यापारी शामिल रहे।

## विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर संवाद कार्यक्रम हुआ आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज सभागार में रविवार को विकसित भारत को लेकर युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा व मॉय भारत के उप निदेशक समर बहादुर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में बोलते हुए उप निदेशक समर बहादुर ने कहा कि भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाने में युवाओं का योगदान अमूल्य है। समारोह में पूर्व उप निदेशक स्वास्थ्य डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल, रोशन सिंह, शोभनाथ प्रजापति, ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने विकसित भारत को लेकर युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं संवाद कार्यक्रम में प्रतिभागी मीनाक्षी कोरी, तनु मिश्रा,शशांक त्रिपाठी, महीप सिंह ने विकसित भारत को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा ने देश के निर्माण में युवाओं से रचनात्मक भूमिका का आहवान किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 रिचा सुकुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। एनएसएस के जिला नोडल डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने संवाद कार्यक्रम के उददेश्य पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ0 गंगाधर मिश्र ने किया।कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 शिवकुमार यादव ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर साहित्यकार अनूप प्रतापगढ़ी, डॉ0 सीमा त्रिपाठी, इं. जितेन्द्र त्रिपाठी, शिवाकांत मिश्र आदि रहे।

## एसआईआर लक्ष्य पूर्ण करने वाले गांव किये जायेंगे पुरस्कृत - पप्पू पांडेय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** पडरौना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम जंगल रामाधाम विशुनपुरा में रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता पप्पू पाण्डेय के नेतृत्व में एसआईआर के समर्थन में लोगों को जागरूक किया गया, इस कार्यक्रम का संचालन विशुनपुरा मण्डल मंत्री एवं पूर्व ग्राम प्रधान मनोज कुमार गौंड ने किया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय ने कहा कि लगभग एक माह पूर्व से ही पूरे प्रदेश में गांव गांव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एस आई आर का फॉर्म भरा जा रहा है, जिसको लेकर सरकार भी गंभीर है, इस अभियान को बड़े ही मनोयोग के साथ बीएलओ कर्मचारी फॉर्म भरने का कार्य कर रहे हैं, जो भविष्य में आने वाले समय में बहुत ही कारगर साबित होगा, इसलिए देश की रक्षा के लिए एस आई आर अति आवश्यक है, एवं देश की एकता एवं अखंडता के लिए भी जरुरी है। हमारी टीम भी हर गाँव में पूर्ण मनोयोग से लगकर एस आई आर का काम देख रही है जो सराहनीय है। इसके लिए उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई गई।

उन्होंने आगे कहा कि कुछ अराजकता फैलाने वाले दल के बिरोधियो द्वारा आम जनमानस में अफवाहों का जाल फैलाने का कार्य किया जा रहा है जिसका हमलोग खंडन भी कर रहे हैं, लोगों को यह बताने का कार्य किया जा रहा है कि एस आई आर के फायदे क्या हैं। शत प्रतिशत एस आई आर पूर्ण करने वाले गाँव को पुरस्कृत भी किया जायेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमुख रूप से रामेश्वर कुशवाहा, धर्मेंद्र यादव, शाह करीम, मुनीब, कवलपतिया देवी, अमर, नागु, उमेश, शंकर, तूफानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## हेड कॉन्स्टेबल सरोज की संदिग्ध मौत में बड़ा खुलासा, हत्या का आरोपी सिपाही अष्टभुज तीन महीने बाद कोर्ट में सरेंडर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** सीआईडी में तैनात महिला हेड कॉन्स्टेबल सरोज यादव की रहस्यमयी मौत के मामले में शनिवार को बड़ा मोड़ आया, जब हत्या के आरोपी यूपी पुलिस के सिपाही अष्टभुज कुमार यादव ने करीब तीन महीने तक फरार रहने के बाद अदालत में सरेंडर कर दिया। शाहपुर पुलिस की लगातार दबिश के बीच आरोपी का आत्मसमर्पण पूरे घटनाक्रम को नई दिशा देता दिख रहा है। सरोज की मौत 27 फरवरी 2025 की रात हुई थी। शुरुआती स्तर पर इसे सामान्य मामला मानकर जांच आगे बढ़ी, लेकिन पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित कर दिया गया। कई महीनों की प्रतीक्षा के बाद अगस्त में आई फॉरेंसिक रिपोर्ट ने मामले की पूरी तस्वीर बदल दी। रिपोर्ट के अनुसार सरोज की मौत एल्युमीनियम फॉस्फाइड जहर से हुई थी। इसके बाद शाहपुर पुलिस ने सितंबर में सरोज के पिता हरीलाल यादव की तहरीर पर अष्टभुज, उसकी मां और पिता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

सरोज के पिता हरीलाल यादव, जो सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त हैं, ने दामाद अष्टभुज पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके अनुसार खलीलाबाद में तैनाती के दौरान अष्टभुज के एक महिला कांस्टेबल से अवैध संबंध थे। जब सरोज ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की जाती थी। पिता का आरोप है कि अवैध संबंधों को जारी रखने और सरोज के नाम पर लिए गए बड़े इंश्योरेंस से आर्थिक लाभ उठाने के लिए साजिशन जहर देकर हत्या की गई। परिवार के अनुसार शादी के बाद सरोज के नाम 50 लाख का टर्म इंश्योरेंस, 41 लाख का संयुक्त लोन, तथा 20 लाख का एक अन्य बैंक लोन लिया गया था। आरोप यह भी है कि सरोज की मौत के बाद अष्टभुज ने इंश्योरेंस क्लेम के लिए प्रयास किए। सरोज और अष्टभुज की शादी 11 दिसंबर 2013 को हुई थी और उनके दो बच्चे – अनमोल (9 वर्ष) और अक्षरा (6 वर्ष) हैं। परिजनों ने यह भी दावा किया कि 27 फरवरी की रात अष्टभुज ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर सरोज को जहर दिया और 28 फरवरी की रात करीब 1:36 बजे फोन कर परिवार को बताया गया कि सरोज की तबीयत खराब है। परिजनों का आरोप है कि उन्हें गुमराह किया गया और असली घटना छुपाई गई। शाहपुर थाना प्रभारी नीरज राय ने पुष्टि की कि आरोपी ने अदालत में सरेंडर कर दिया है। पुलिस अब उसकी रिमांड लेकर पूछताछ की तैयारी कर रही है। मामला बेहद संवेदनशील होने के कारण पुलिस आगे की कार्रवाई में तेजी लाने में जुट गई है।

## तिलक समारोह से गहनों से भरा बैग चुराने का मामला सुलझा

**●गोरखनाथ पुलिस ने 7 लाख के आभूषण बरामद किए, मुख्य आरोपी फरार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** कोतवाली क्षेत्र के प्रगति मैरिज हॉल में 21 नवंबर को हुए तिलक समारोह के दौरान चोरी हुए गहनों के बैग को गोरखनाथ पुलिस ने बरामद कर लिया है। हालांकि घटना को अंजाम देने वाला शातिर चोर मौके से फरार हो गया। चोरी गए गहनों की कीमत लगभग 7 लाख रुपये बताई जा रही है। गोरखनाथ थाना पुलिस के उपनिरीक्षक अनूप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। 6 दिसंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मध्य प्रदेश निवासी आरोपी बाबी सासी धर्मशाला बाजार स्थित शराब भट्ठी के पास रेलवे लाइन किनारे खड़ा है और किसी साथी का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी रेलवे ट्रैक की ओर भागने लगा। पकड़े जाने के डर से उसने हाथ में लिए झोले को फेंक दिया और ट्रैक पर आ चुकी ट्रेन का फायदा उठाकर अंधेरे में फरार हो गया। पुलिस ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन वह हाथ नहीं लगा।

पुलिस द्वारा बरामद झोले को खोलकर देखा गया तो उसमें तिलक समारोह से चोरी हुआ पूरा सामान मौजूद था। बरामद आभूषणों में शामिल हैं– पीली धातु: 1 हार (35 ग्राम), 2 कंगन (19 ग्राम), 2 झुमके (8 ग्राम), 1 अंगूठी (1.6 ग्राम) सफेद धातु: प्लेट (156 ग्राम), नारियल (28 ग्राम), 5 पान पत्ता (22 ग्राम), मछली (22 ग्राम), 5 सिक्के (43 ग्राम), 5 सुपारी (13 ग्राम), 2 हाथ पलासी (53 ग्राम), कर्धनी पेटी (300 ग्राम)।

बरामदगी के बाद मामले में धारा 317(2) BNS की बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी बाबी सासी एक सक्रिय गिरोह का सदस्य है, जो विभिन्न राज्यों में शादी-विवाह समारोह में शामिल होकर आभूषण व नकदी चोरी करता है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश जारी है। घटना से संबंधित FIR मु0अ0सं0 502/2025 धारा 303(2) BNS पहले ही दर्ज की जा चुकी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी किसी भी समय हो सकती है और आगे की विधिक कार्रवाई प्रगति पर है।

## व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास और अधिक हुआ मजबूत

**●व्यापार मंडल ने प्रभारी निरीक्षक दिनेश मौर्य सहित पूरे थाना स्टाफ का अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरहज, देवरिया।** व्यापारी उमाशंकर मद्धेशिया के घर हुई करोड़ों की चोरी का मात्र दो दिनों में सफल पर्दाफाश करते हुए बरहज पुलिस ने 81 लाख रुपये नकद और स्वर्णाभूषण बरामद किए। त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करने पर व्यापार मंडल ने थाना बरहज के प्रभारी निरीक्षक दिनेश मौर्य सहित पूरे थाना स्टाफ का अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। समारोह में व्यापारी समाज ने पुलिस टीम की कार्यकुशलता की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्रवाई से क्षेत्र के व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

कार्यक्रम में भाजपा नेता व व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष अमरेन्द्र गुप्त, पूर्व चेयरमैन उमाशंकर सिंह उमेश, व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिशंकर चौरसिया, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम मद्धेशिया, पीड़ित व्यापारी उमाशंकर मद्धेशिया, व्यापारी नेता शम्भू जायसवाल, रामकेश्वर जायसवाल, पवन मद्धेशिया सहित बड़ी संख्या में व्यापारी व बरहज थाना स्टाफ मौजूद रहा। व्यापार मंडल ने उम्मीद जताई कि पुलिस-व्यापारी तालमेल से क्षेत्र में सुरक्षित व्यापारिक माहौल लगातार मजबूत होगा।

### सांसद ने मतदाताओं को किया जागरूक

सांसद डॉ. विनोद बिंद ने ग्रामसभा कोइलरा, चंद्रपुरा में मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने बीएलओ, बूथ अध्यक्ष और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लोगों को मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (SIR) के बारे में जागरूक किया। सांसद ने मतदाताओं से अपील की कि वे आवश्यक फॉर्म विधिवत भरें और सभी दस्तावेज निर्धारित तिथि तक समय से जमा करें। उन्होंने आगामी चुनावों में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को चुनाव सूची में अपना नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी। सांसद ने लोगों से मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (SIR) में सक्रिय सहयोग की अपील की।बचे हुए मतदाताओं का नाम जुड़वाने के लिए गांव के लोगों से सहयोग की अपील की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुनील बिंद, सांसद प्रतिनिधि संजय बिंद, शिवम तिवारी, ज्योति कुमारी, पवन पटेल, देवेश बरनवाल, जितेंद्र, सुरेन्द्र, श्याम बहादुर, विश्वनाथ आदि उपस्थित रहे।

## दहेज उत्पीड़न व घरेलू हिंसा मामले में मुकदमा हुआ दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



गोला थाना क्षेत्र के ग्राम डांडीखास में एक नवविवाहिता के साथ दहेज उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा का प्रकरण सामने आया है। विवाहिता के पिता द्वारा गोला थाने में दिए गए लिखित तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्यवाही शुरू कर दिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार बड़हलगंज थाना क्षेत्र के मरचीपार गांव निवासी सोमनाथ गौंड ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री ज्योति का विवाह इसी वर्ष 22 मई को निर्भय गौंड पुत्र जीतन गौंड निवासी डांडी थाना गोला के साथ संपन्न हुआ था। प्रार्थी ने दहेज में अपने हैसियत से ज्यादा लगभग ढाई लाख नगद, सोने के आभूषण व अन्य घरेलू सामान दिया था। शादी के एक ही माह बाद ज्योति को कम दहेज लाने का ताना सुनने को मिलने लगा। ज्योति के पति निर्भय, ननद खुशी, भाई अजय तथा ससुर जीतन प्रसाद सब मिलकर ज्योति को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देने लगे। उक्त ससुराल पक्ष के लोग ज्योति से एक लाख रुपए की मांग कर रहे हैं व ना देने पर घर से भगा देने की धमकी देते हैं। अभी हाल में ही ज्योति को उसके पिता के पास दिल्ली पहुंचा दिया गया है और बिना पैसे के विदाई कराने से इनकार कर रहे हैं। ऐसे में पीड़ित के पास प्रशासन के सहारे के अलावा कुछ भी विकल्प नहीं बचता। उक्त संबंध में थाना गोला में दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम पंचायत महेवा एस आई आर कार्य हुआ पूरा

#### खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह की अगुवाई में पूरा हुआ कार्य



**लखीमपुर-खीरी।** ब्लॉक फूलबेहड़ की ग्राम पंचायत महेवा में खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह के नेतृत्व में स्थ्रक्र फॉर्म भरने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मझरा फॉर्म विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं संबंधित स्टाफ मौजूद रहे। गौरतलब है एस आई आर विशेष प्रांगण पुनरीक्षण में 1038 मतदाताओं के गणना फॉर्म डिजाइन कार्य मझरा फॉर्म महेवा में प्रधानाध्यापक शाइमा बीएलओ गुरमीत कौर शारिक हुसैन जैदी व प्राथमिक विद्यालय मझरा फॉर्म नीलम मौर्य और सोनी व नितेश मिश्रा के सहयोग में कार्य पूरा कर लिया गया।

कार्य के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह ने शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और SIR प्रक्रिया के सभी बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यह प्रक्रिया शिक्षा व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने में मददगार साबित होगी। शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह का धन्यवाद किया।

### महिला थानाध्यक्ष द्वारा काउंसलरों के सहयोग 15 मामलों में सुलह का प्रयास करके 08 जोड़े की कराई विदाई



**लखीमपुर- खीरी,** रविवार 07 दिसम्बर 2025 , पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में थानाध्यक्ष थाना महिला शिल्पी शुक्ला ने परामर्शदाताओं के सहयोग से 15 परिवारिक विवादों में पक्षकारों के मध्य सुलह का प्रयास कर के 08 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराके बिखरते परिवारों को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है! बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में महिला थानाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला, काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी श्रीमती नीति गुप्ता के द्वारा दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 15 शिकायती प्रार्थना- पत्र में काउंसलरों व महिला आरक्षी सुमन लता, बबली पवार, सारिका चौहान के सहयोग से 08 जोड़े पति- पत्नी की विदाई कराई गई है 05 मामले ऐसे थे जिसमें पति- पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था, दोनों पक्षों की सहमति से सोचने का समय दिया गया, एवं 02 मामले माननीय न्यायालय में लम्बित होने के कारण पक्षकार न्यायालय में उपस्थित होकर मामले का निस्तारण करेगें, पति- पत्नी की विदाई कराके बिखरते परिवारों को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है!

### आजमगढ़ में मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा का हुआ भव्य अनावरण



**आजमगढ़** जनपद के महाराजगंज ब्लॉक, विधानसभा गोपालपुर के त्रिपुरारपुर खालसा गांव (पोस्ट- महेशपुर) में रविवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय शिवपाल सिंह यादव तथा विशिष्ट अतिथि सांसद धर्मेंद्र यादव शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधि, नफीस अहमद- विधायक, गोपालपुर, दुर्गा प्रसाद यादव- सदर विधायक, पूजा सरोज- विधायक, मेंहनगर, H. N. सिंह पटेल- विधायक, सगड़ी संग्राम यादव- विधायक, अतरौलिया आलम बदी- विधायक, निजामाबाद हवलदार यादव- जिलाध्यक्ष, सपा, बबीता चौहान- जिला अध्यक्ष, महिला सभा, कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के संघर्षपूर्ण जीवन, समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने में उनकी भूमिका एवं सेना में दिए गए योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में सभी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# आधा अधूरा काम करा कागजो पर काम पूर्ण दिखाये जाने के आरोप

**● मामला ग्राम पंचायत सलेमपुर कोन का है जहां महेश के मकान से सामुदायिक शौचालय होते हुये उत्कर्ष के मकान तक नाली इटरलाकिंग का आधा अधूरा र्निमाण कराकर कार्य पूर्ण दिखाये जाने का मामला बना चर्चा का विषय**

**काम अपूर्ण होने के बाबजूद कैसे बन गयी पूरे काम की एम बी**









स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** शासन और जिले की तेज तर्रार जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह की सख्ती के बावजुद पंचायत विभाग मे सरकारी धन का दुरूपयोग किये जाने के मामले जन चर्चा का विषय बन रहे हैं। ताजा मामला ग्राम पंचायत सलेमपुर कोन का है जहांपर ग्राम प्रधान पंचायत सचिव की मिलीभगत से ठेके पर नाली और इंटरलाकिंग रौड निंनाण कराये जाने का मामला चर्चा का विषय बना है। सूत्रो के बतायनुसार उक्त रोड और नाली निमाण कार्य ठेकेदार ने आधा अधूरा निर्माण कार्य कराकर टी.ए.ओर जे.ई.की मिलीभगत से आधा काम कराकर कार्य पूर्ण कागजो पर दिखाकर सरकारी धन का बंदरबाट किये जाने की योजना बना डाली। जबकि हकीकत की जमीं पर काम आज भी अपूर्ण पडा है।

लोगो की जुबानी सत्य माने तो यह ठेकेदार साहब बी.डी.ओ. साहब के खास बताये जाते है इसलिये इन ठेकेदार साहब के हर गुनाह माफ कर दिये जाते हैं। सूत्र बताते हैं महेश के मकान से सामुदायिक शौचालय होते हुये उत्कर्ष के मकान तक इंटरलाकिंग रोड और नाली निर्माण कार्य पूरा करायेजाने का प्रस्ताव ग्राम पंचायत सलेमपुर कोन से पास हु आ था जिसके लिये स्टीमेट 946409 रुपया बना था। यह कार्य मनरेगा योजना से होने की योजना बनायी गयी थी। उक्त कार्य नियम कानून को ताक पर रखकर मानक विपरीत कार्य कराया गया। शेष कार्य आज भी अधूरा पडा है। और जिम्मेदार लोग आंख बंद किये सबकुछ देख रहे हैं। देखना यह है कि कि उक्त मामले पर खंड विकास अधिकारी मामले की निष्पक्ष.जांचकराकर कार्यवाही की जाती है।

## माँ अन्नपूर्णा रसोई के दो वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिकोत्सव कर दानदाताओं का सम्मान किया गया




**● परमार्थ के कार्य में ईश्वर भी साथ देता है:- अंजनी शरणजी महराज।**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** मो0 तीर्थ स्थिति नीलकण्ठ मैदान में संचालित माँ अन्नपूर्णा रसोई के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित वार्षिकोत्सव का शुभारंभ अंजनी शरण महराज,रोहितानंद महराज तथा पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात रसोई संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी ने रसोई संचालन की रुपरेखा रखी ।कोषाध्यक्ष आदर्श सोनी ने आय व्यय का व्यौरा पेश करते हुए बताया 17 लाख 78 हजार 572 रुपये की कुल आय हुई तथा 17 लाख 07 हजार 527 रुपये खर्च हुए।

माँ अन्नपूर्णा रसोई सेवा समिति अध्यक्ष एवं चेयरमैन नगर पालिका विजय शुक्ला रिंकू ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा,' जरूरतमंदो की सेवा के दो वर्ष पूरे होने पर सभी दानदाताओं एवं सहयोगीजनों का आभार व्यक्त करता हूँ तथा इस ईश्वरीय कार्य में भविष्य में सहयोग के लिए आमंत्रित करता हूँ। बतौर मुख्य अतिथि अंजनी शरणजी महराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा,' परमार्थ के कार्य में ईश्वर भी साथ देता है। जरुरतमंद को भोजन करवाना श्रेष्ठ कार्य है।कलयुग में अन्नदान प्राणदान कहा गया है। वृंदावन से आए विशिष्ट अतिथि रोहितानंद जी महराज ने कहा कि,' भजन के विविध रुप है- नरसेवा, स्वध्याय, गुरु आज्ञापालन, संनिधि। गरीबों, असहायों एवं जरुरतमंदों की सेवा ही सच्चा भजन है। विशेष शोशल मीडिया के माध्यम से मेलबर्न आष्ट्रेलिया में कार्य कर रही स्वाति शर्मा ने रसोई में दान किया ।वह मूलतः पलिया खीरी की निवासी हैं। सभी दानदाताओं को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माँ अन्नपूर्णा रसोई सेवा समिति महामंत्री समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष आनंद त्रिवेदी, मंत्री विकास मिश्रा, मंत्री दिनेश मिश्रा, अविनाश गुप्ता, समाजसेवी केशव अग्रवाल, भाजपा नेता विश्वनाथ सिंह, के के गुप्ता, श्याममूर्ति शुक्ला, शिवकुमार बाजपेयी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## मेला महोत्सव का भव्य शुभारम्भ, विधायक व एप्जा चेयरमैन ने काटा फीता



**मैगलगंज खीरी** कस्बा स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित मेला महोत्सव का शुभारम्भ बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में कस्ता विधायक सौरभ सिंह (सोनू) तथा एप्जा चेयरमैन रविन्द्र मिश्रा ने फीता काटकर मेले का औपचारिक शुभारम्भ किया।उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य रूप से- मेला आयोजक अनुराग एम सारथी, रानू बाजपेई, मेला संरक्षक कमल बिहारी गुप्ता, किसान नेता श्यामू शुक्ला, नवाब अक्लवे हसन, मित्रकुमार अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य दिनेश गुप्ता, बाबू जी, प्रधान लल्लू (गुरुदेवखेड़ा), शिवशंकर तिवारी, सोनू बाजपेई, रामकुमार गुप्ता, रामशंकर गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राममोहन गुप्ता, संजीव गुप्ता (गुड्डू), प्रखर तिवारी, बिपिन बिहारी गुप्ता, डब्बू शुक्ला, प्रधान लालता, ललित गुप्ता, प्रधान योगेन्द्र सिंह, प्रधान गौरव शुक्ला आदि उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और मेले के सफल संचालन को लेकर उत्साह व्यक्त किया।

## झंडा दिवसः खीरी में सशस्त्र सेनाओं को नमन, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने किया सैनिक स्मारिका का विमोचन, वीर शहीदों को श्रद्धाभिवंदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर रविवार को जिला मुख्यालय देशभक्ति की भावनाओं से सराबोर रहा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का प्रतीक ध्वज लगाया और प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इसी अवसर पर डीएम ने सैनिक स्मारिका का विमोचन भी किया।

डीएम ने शहीदों के परिजनों और वीर सेनानियों के सम्मान में सहयोग राशि प्रदान की। वहीं 1965 के भारत-पाक युद्ध की हीरक जयंती पर निदेशालय सैनिक कल्याण, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी स्मृति चिह्न भी उन्हें सौंपा गया। इस स्मृति चिह्न में परमवीर चक्र से सम्मानित 1965 युद्ध के नायक, उत्तर प्रदेश के सपूत ष्टत्तस्न अब्दुल हमीद की तस्वीर प्रमुख रूप से अंकित है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने भारतीय सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर वीर जवानों और उनके परिजनों को हृदय से प्रणाम करते हुए कहा कि देश-देशवासियों की रक्षा के लिए अपने प्राणों को उत्सर्ग करने वाले वीरों के परिवारों के कल्याण के लिए सहयोग करने का यह दिन है। मां भारती के गौरव एवं सम्मान की रक्षा करते हुए प्राणोत्सर्ग करने वाले शहीदों के आश्रितों एवं परिजनों तथा दिव्यांग सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के कल्याण के इस पुनीत कार्य में हम सभी योगदान दें। देश के वीर जवानों और उनके परिजनों को प्रणाम करता हूं।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर मोटर वाहनों में लगने वाले कार ध्वज तथा प्रतीक ध्वज वितरित किए जाते हैं। वितरण द्वारा संग्रहित राशि से शहीद सैनिकों के आश्रित परिजनों, दिव्यांग सैनिकों, पूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण व पुनर्वास से संबंधित आर्थिक सहायता योजनाएं संचालित की जाती हैं।

उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था तब बनाई गई थी, जब देश की, सेना की, और सैनिकों की आर्थिक स्थिती अच्छी नहीं थी। आज स्थिती काफी बेहतर है। फिर भी सेना के अटूट मनोबल को और सबल बनाने के प्रति जन जन की प्रचूर भावना को सैनिक कल्याण के साथ समेकित करने की इस व्यवस्था को कायम रखना आवश्यक है।

## बी एस एस स्कूल के बच्चो को स्कूल प्रबंधन के तरफ से गोरखपुर जाने का मिला मौका गोरखनाथ मंदिर का होगा दर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गाजीपुर।** रविवार को सहजतपुर बाराचवर स्थित बी एस एस स्कूल के बच्चो को एक बार फिर घुमने का मौका मिला। बता दें की स्कूल के तरफ से हर साल बच्चों घुमने का मौका मिलता है। इस बार स्कूल प्रबंधन के तरफ से गोरखपुर जाने का मौका मिला। रविवार को स्कूल प्रबंधन ने निजी साधन द्वारा गोरखपुर के लिए रवाना किया। प्रबंधक विजेन्द्र यादव ने बताया की विद्यालय की तरफ से हर साल कक्षा दो से लेकर कक्षा आठ के बच्चो को एतिहासिक व धार्मिक स्थलों पर भेजा जाता है। इस बार हमारे विद्यालय के तरफ से बच्चों को गोरखपुर भेजा गया है। उन्होंने बताया की बच्चों को एतिहासिक व धार्मिक स्थलों पर इस लिए हम भेजते हैं। ताकि बच्चे अपने इतिहास को जाने उन्होंने बताया की पढ़ने से अधिक ज्ञान इतिहास को देखने से भी होता है। दुसरी बात की बच्चों का दिमाग भी संतुलित हो जाता है। घुम कर आने के बाद बच्चों का पढ़ाई में ज्यादा मन लगने लगता है। उन्होंने बताया की इस बार हमारे बच्चे गोरखपुर गये हुए हैं। जहां गोरखपुर में बच्चों को गोरखनाथ का दर्शन कराया जायेगा। तत्पश्चात बच्चों लेकर चौरी चौरा ले जाया जायेगा। जहां बच्चों को देश के प्रति बलिदान हुए उन नायकों की जानकारी दी जायेगी जिनके वजह अंग्रेज हुकूमत से निजात मिला। गोरखपुर में स्थित चिड़िया घर को भी दिखलाया जगायेगा। बच्चों को रेल म्यूजियम में घुमाया जायेगा ताकि बच्चों को रेल इतिहास की जानकारी मिल सके।

## अचानक लगी आग से तीस हजार की नकदी सहित घरेलू सामान जलकर राख



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव बांसगांव निवासी रमाशंकर पुत्र तौलेराम ने पुलिस मे दिये गये प्रार्थना पत्र मे बताया है कि वह अपने तीन बच्चो व पत्नी के साथ पास मे ही दूसरे कमरे मे सोये हुये थे। लेकिन सात दिसम्बर की अल सुवह लगभग चार बजे अचानक उसमे रखे कंडो मे लग गई देखते ही देखते कमरे मे रख्खे तीस हजार रूपये जो कि गन्ना बेचकर आये पैसो के सहित तीन बोरी गेहू, रजाई, गदृदा, चारपाई आदि घरेलू सामान जलकर राख हो गया। परिजनो ने पास मे ही लगी पानी की टंकी को चलाकर आग पर काबू पाया जब तक सारा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुची डायल 112 की पुलिस मे मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया है। वही सबेरे ही गृहस्वामी ने किसी अनहोनी घटना के चलते थाना हैदराबाद मे तहरीर दी है।

## बंटवारे की भूमि पर बैमानी पर उतारू मझला भाई



**● अवैध रूप से कब्जा पाने में असफल भाई दे रहा जान माल की धमकी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर- खीरी** जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में ग्राम बरतेर ओयल बेहजम ब्लाक चौकी ओयल थाना खीरी के रहने वाले पीड़ित अयोध्या प्रसाद ने बताया पिता की भूमि गाटा संख्या 1407 क्षेत्रफल हेक्टेयर 0,0510 जिसका कुछ रकबा 7,1/2 बीघा है जिसमें प्रत्येक भाई का हिस्सा 2,1/2 बीघा है जिसमें पीड़ित को 1,1/ 2 बीघा तथा छोटे भाई हरद्वारी को 1,1/2 बीघा और 4,1/2 बीघा अपने हिस्से में लेकर मझला भाई रामाशंकर काफी दबंगई कर रहा है पीड़ित की 1 बीघा भूमि विपक्षी भाई रामाशंकर नहीं दे रहा जिस पर आज दिनांक 10 12-2025 को विपक्षी लेवर लाकर चौहद्दी करने का प्रयास कर रहे थे पीड़ित ने डायल 112 पर फोन किया पुलिस आई कब्जा रूक गया लेकिन पीड़ित को धमकाते हुए कहा कब्जा कर लेने दो भाई हैं लेखपाल एस आई आर मे ब्यस्त होने की बात कर रहा स्थानीय चौकी ओयल पुलिस की संलिप्तता में विपक्षी के हौसले बुलंद हैं पीड़ित को आशंका है विपक्षी धन-बल पुलिस में सेटिंग कर कब्जा कर लेंगे क्योंकि विपक्षियों की जबरदस्त सेटिंग है पुलिस भी विपक्षी की भाषा बोल रहीं हैं देखते हैं ज़िला अधिकारी से मिलने के बाद पीड़ित को न्याय मिलता है की पीड़ित न्याय के लिए दर दर भटकने पर मजबूर रहेगा यह भविष्य के गर्भ में है।

## वो जो जागती थी सबके सोने के बाद तक हमारे प्यार से जलने लगी थी रात तक मुशायरा में शायरों ने शमा बांधा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बरेली/क्योलडिया।** नगर में आज मुशायरा का आयोजन किया गया आयोजन में प्रदेश के साथ ही दूसरे प्रदेशों के भी शायरो ने हिस्सा लिया मुशायरा का आगाज डॉक्टर बृजभूषण बलियावी ने अपने इस कलामके साथ किया जो काम न करना था वही काम किया है जिस दौर में मरना था वही दौर दिया है इन खून के रिश्तो नेबड़े जख्म दिए हैं इन खून के रिश्तों ने बाद खून पिया है मुशायरे की निजामत कर रहे शान जिया बरेलबी ने कलाम पेश करते हुए कहा।

खुद अपना ही खसारा कर रहे हैं बिना तेरे गुजारा कर रहे हैं हमारी रूह मैली हो चुकी है बदन से बस गुजारा कर रहे हैं पंडित राजेश शर्मा रिठौरा ने पड़ा बादलों की घटा मचलती है दिल की भी रुत बदल रही है अभी मेरे छूने से हो गई है खफा फूलों को क्यों मसल रही है अभी इस पर भी श्रोता लगातार तालियां बजाते रहे फहीम दानिशने अपना कलाम पेश करते हुए कहा भोजन बालों में तुम उंगलियां फिर आई थी।

सफेद पड़ गए हैं देख लो वह बोल तक रिजवान फरीदी ने अपना कलाम पेश करते हुए पढ़ा शेर को शेर बनाने में जमाने है लगे हैं बाल जब हो गए उजले तो कमाल आया है यूनिस चिश्ती ने कलाम पड़ा जो काम न करना था वही काम किया है जिस दौर में मरना था वही दौर दिया है युवा शायर आदिल ने पड़ा तजकिरा ए परेशानी करूंगा नहीं जिऊंगा लेकिन मारूंगा नहीं फिर से करूंगा।

एक बार मोहब्बत लेकिन शादी से पहले करूंगा नहीं इस पर भी श्रोता तालियां बजाते रहे फहीम दानिश नेकलाम पडा पूछा है मां ने फोन पर कैसे हो मेरे लाल इतनी जरा सी बात पर आंसू निकल पड़े तस्वीर उनकी सीने पर रख के सो गया फिर यूं लगा तस्वीर से बाजू निकल पड़े इस पर भी श्रोता तालियां बजाते रहे सुनैना जिलानी ने पढ़ा बादलों की घटा मचलती है दिल की भी रूत बदल रही है।

अभी तस्लीम शेरी ने पढ़ा हमसफर और यह जन में फर्क यारों है बहुत हमसफर जब लूटता है छोड़ता कुछ भी नहीं शालिनि शर्मा उत्तराखंड ने भी अपनी गजल पड़ी मुशायरों में सभी शायरो को बैज लगाकर सम्मान किया गयामुशायरे के बाद सभी शायरो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया मुशायरे का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार नजमुल हसन अंसारी ने किया इस दौरान आयोजक ग्राम प्रधान रविंदर गंगवार डंपी सिद्दीकी रहे कार्यक्रम में निजाम अंसारी शादाब अंसारी गाजी सकलानी मोहम्मद शादाव मोहम्मद आरिफ लला यादराम, पत्रकार हीरालाल गंगवार शाहिद अल्वी शाहिद अहमद आजम कोटेदार इमरान अंसारी समेत सैकड़ो लोगों ने मुशायरा में शिरकत की।

## वाराणसी के कैथी गांव में स्थित मार्कंडेय महादेव जहां यमराज भी आकर हार गये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश का वाराणसी नगरी काशी जिसे मोच्छ नगरी भी कहा जाता है। इसी मोच्छ नगरी में एक बार यमराज को भगवान भोले नाथ की कृपा से किसी के प्राण लिए बगैर जाना पड़ा था। तभी तो काशी नगरी सनातन धर्म में इतना महत्वपूर्ण है, हम बात कर रहे हैं काशी नगरी के प्रवेश द्वार कैथी ग्राम सभा की जो वाराणसी व गाजीपुर के सीमा पर पड़ता है। यही से काशीनगरी वाराणसी यानी की मोच्छ नगरी का प्रवेश द्वार आरंभ हो जाता है तो लहुरीकाशी गाजीपुर जनपद का भी सीमा प्रारंभ हो जाता है। अब सवाल ये है की हम इतनी बड़ी धार्मिक नगरी के एक गांव कैथी की चर्चा क्यों कर रहे हैं। तो बताते चलें की कैथी गांव जहां यमराज को भी हार का सामना करना पड़ा था तो इस गांव के बगैर वाराणसी की बात करना व्यर्थ है।

**कैथी गांव में विराजमान हैं मारकंडेय महादेव**

गाजीपुर जनपद मुख्यालय से करीब साठ किलोमीटर व वाराणसी से करीब बीस किलोमीटर की दुरी जो वाराणसी गाजीपुर मुख्यमार्ग से करीब छः किलोमीटर दूर कैथी ग्राम सभा है जहां पौराणिक स्थल मारकंडेय महादेव का विशालकाय स्थान है। जहां महाभारत काल के समय पांडव भी अपनी अज्ञातवास काट चुके हैं। पुराणों के अनुसार यमराज भी कैथी गांव स्थित भगवान भोले नाथ के दरबार आकर हार चुके हैं। कहां जाता है की भगवान भोले नाथ का नामकरण किया गया है। अब सवाल ये उठता है की मारकंडेय कौन थे यमराज यहां कैसे हारे इन सब सवालों के जबाब हम जानेंगे। इन्हीं सब सवालों के जबाब पाने के लिए स्वतंत्र प्रभात की टीम वाराणसी के कैथी गांव पहुंची थी।

**कौन थे मारकंडेय**

जब हमारी टीम मारकंडेय महादेव मंदिर पहुंची तो वहां हमारी मुलाकात मंदिर के पुजारी गौरव गिरी व उनके गुरु से इन लोगों ने हमारी टीम से बात करतें हुए कहा की इस स्थान पर शिवलिंग कब से है इसका कोई जवाब नहीं है। इनका नामकरण मारकंडेय ऋषि के नाम रखा गया है। इन लोगों ने बताया की मारकंडेय ऋषि मृकंड ऋषि के पुत्र थे जीनकी उम्र अल्पायु थी जो बारह वर्ष था। इन्हीं के नाम पर भगवान भोलेनाथ को मारकंडेय महादेव कहा जाता है। यही पर यमराज का सामना भगवान शिव से हुआ था। कथाओं के अनुसार मृकंड ऋषि निसंतान थे उन्होंने अपनी पत्नी से कहां की मैं पुत्र प्राप्ति हेतु तपस्या करने जा रहा हूं। मृकंड ऋषि तपस्या करने ब्रम्हा जी के पास गये जहां उन्होंने कहा की पुत्र तुम्हारी मनोकामना यहां पुर्ण नहीं हो सकती बिष्णु जी के पास जावों तब मृकंड ऋषि वहा भी गये बिष्णु जी ने उन्हें भगवान शिव के पास भेजा। जब मृकंड ऋषि भगवान शिव के पास पहुंचे तो शिव ने कहा की आप को कैसा पुत्र चाहिए अल्पायु या पुर्ण आयु मृकंड ऋषि ने पुछा की भगवन अल्पायु व पुर्ण आयु आप क्यों कह रहे हैं। जिसका जबाब देते हुए शिव ने कहां की अल्पायु पुत्र जो होगा वो बहुत तेजस्वी होगा। तब मृकंड ऋषि ने अल्पायु पुत्र की कामना की इस पर शिवजी ने कहां की जाओ आप तपस्या करो आप पुत्र रत्न होगा। तब मृकंड ऋषि ने तपस्या करने के लिए आदि गंगा के तट पर जो यहां से मात्र पांच सौ मिटर की दुरी पर है। यही बैठ कर मृकंड ऋषि ने तपस्या कर मारकंडेय जी को प्राप्त किया था। मंदिर के पुजारी ने बताया की मृकंड ऋषि का निवासस्थान भिमीसाड़ जो सितापुर जिले में पड़ता है।

**हरिवंश पुराण का जप करायें थे मृकंड ऋषि**

मंदिर के पुजारी गौरव गिरी ने बताया की अठारह पुराणों में एक पुराण हरिवंश पुराण भी है। जब मृकंड ऋषि आदि गंगा के तट पर तपस्या कर रहे थे तभी उनको एक भविष्यवाणी हुई की यहां से कुछ दुरी पर भगवान शिव विराजमान हैं वहां पर आप हरिवंश पुराण का जाप करें तो आप को भगवान शिव के द्वारा दिया हुआ आशिर्वाद प्राप्त होगा। इसी के उपरांत मृकंड ऋषि ने अठारह हजार ऋषियों के साथ हरिवंश पुराण का जप किया था। कहां जाता है की इस स्थान पर जो कोई भी कामना करता है उस व्यक्ति की कामना पुर्ण हो जाता है, पुजारी ने बताया की यहां पर जिन लोगों के संतान नहीं है वो लोग इस स्थान पर हरिवंश पुराण का जप करायें है। तब पुत्र रत्न प्राप्त हो जाता है।

**भगवान शिव से यमराज का हुआ था सामना**

किंवदंती है की जब मारकंडेय ऋषि आठ वर्ष के हुए तो उनके पिता मृकंड ऋषि को चिंता होने लगी वो रात दिन यही सोचते थे की अब मारकंडेय को चार वर्ष ही धरती पर रहना है। ये चिंता देख मारकंडेय ने कहां की पिता जी आप किस बात की चिंता कर रहे हैं । इस उन्होंने कहा की पुत्र तुम भगवान शिव की कृपा से मुझे प्राप्त हुए हो लेकिन तुम्हारी आयु मात्र 12, वर्ष है जिसमें आठ वर्ष बित गये है। तब मारकंडेय ने कहां की पिता जी जब मैं शिव कृपा से आ सकता हूं तो उन्हीं कृपा से क्या मैं अपनी अल्पायु समाप्त नहीं कर सकता इतना



कहने के बाद मारकंडेय शिव के पास पहुंच तपस्या करने लगे जब मारकंडेय का उम्र 12 वर्ष पुर्ण हुआ तो यमराज ने अपने दुत को भेजा कहां की जा मारकंडेय की उम्र पुर्ण हो चुका है लेकर आ। जैसे यमराज का दुत मारकंडेय को लेने पहुंचा तो भगवान शिव कृपा से दुर वापस चला गया। जिसे देख यमराज क्रोधित हो स्वयंम मारकंडेय को लेने पहुंचे यमराज को देख मारकंडेय रोने लगे व चन्द्रशेखर, चंद्रशेखर पुकारने लगे। अपने भक्तों को देख भगवान शिव ने प्रगट हो यमराज से पुछा की तुम कौन हो तो यमराज ने कहां भगवान मैं काल हूं इस पर भगवान भोलेनाथ कहां की तुम काल हो तो मैं महाकाल हूं, तुम यहां कैसे आये हो तब यमराज ने कहां भगवान आप ही बारह वर्ष का अल्पायु दिये है जो आज पुर्ण हो गया है। तब भगवान ने कहां की अपना वहीं खाता में देखें वारह वर्ष मैं कहां हूं जिसमें सतजुग त्रेता, द्वापरयुग व कलयुग को मिला कर एक वर्ष होता है ब्रम्हा जब एक पलक गिरता है तो विष्णु का एक घड़ी होता है। इन सबको मिलाकर जब बारह वर्ष पुरा होगा तब बारह साल उम्र होगा।

**इसी स्थान पर गंगा गोमती का होता है संगम**

पुराणों के अनुसार मारकंडेय महादेव मंदिर से करीब एक किलोमीटर की दुरी पर गोमती नदी जिसे पुराणों में आदि गंगा कहां गया है। वो निकलती है मंदिर के पुजारी ने बताया की आज जो गंगा जी को आप लोग इस स्थान पर देख रहे हैं। वो भागीरथ जी के द्वारा यहां लाई गई है। जिनका संगम आदि गंगा यानी गोमती नदी से करीब एक किलोमीटर की दुरी पर हुआ है।

**कंटकबन जहां पर पांडवों ने बिताया अज्ञातवास**

कथाओं के अनुसार आज से करीब पांच हजार साल पहले कैथी गांव का नाम कंटकबन था । जहां पर पांडव भी बनवास के समय अपना समय यही बिताया था। ग्रामीणों के अनुसार कंटकबन राजा दुव्यदास के द्वारा बसाया गया था । आज भी खेती गांव के सिवानों में बबुल का पेड़ या कांटेदार पौधे मौजूद हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न



**आजमगढ़** भारतीय जनता पार्टी लालगंज द्वारा मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के संबंध में जिले पर एक बृहद बैठक आयोजित की गयी बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा उत्तर प्रदेश शिव भूषण सिंह उपस्थित रहे बैठक में जिला प्रभारी,जिला प्रवासी, जिलाध्यक्ष, पूर्व एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चो के जिलाध्यक्ष मंडल अध्यक्षगण एवं मंडल प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा SIR अभियान के माध्यम से हम मतदाताओं से मिलकर उनका फॉर्म जमा करा रहे हैं, 2027 के चुनाव नतीजे अगर हमारे पक्ष में करना है तो हमें कमर अभी से कसनी पड़ेगी ये अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसमें जिम्मेदार और पार्टी के महत्वपूर्ण पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को लगना होगा मुख्य अतिथि ने जिले में चल रहे SIR अभियान की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लालगंज भाजपा विनोद राजभर, जिला प्रभारी मुराहु राजभर, पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय, पूर्व जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद राय,कार्यक्रम संयोजक डॉ शैलेन्द्र यादव, मनोज यादव, हरीश तिवारी, प्रमोद राय, हनुमंत सिंह, शेर बहादुर सिंह, सुनील सिंह डब्बू, अभिषेक सिंह बाबी, अरुणाकर सिंह, अनुपम पांडे, चंद्रजीत तिवारी, आदर्श राय, मनीष सिंह, राजवीर सिंह, सूरज सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने मूल्यांकन सूची की दरों को पुनः प्रभावी किया

संशोधित प्रस्तावों को सूची में शामिल



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर जनपद भदोही की संपत्तियों की मूल्यांकन सूची का पुनरीक्षण करते हुए पूर्व निर्धारित दरों–दिनांक 08.11.2024 एवं 09.11.2024–को 08 दिसंबर 2025 से पुनः प्रभावी कर दिया गया है, जिसमें उप निबंधक ज्ञानपुर, भदोही व औराई द्वारा भेजे गए संशोधनों को भी अद्यतन सूची में जोड़ा गया है। उत्तर प्रदेश स्टाम्प (संपत्ति का मूल्यांकन) नियमावली, 1997 एवं उसके संशोधनों के तहत किए गए इस पुनरीक्षण के अनुसार 0.200 हेक्टेयर से अधिक नगरीय/अर्धनगरीय तथा आबादी से सटी कृषि भूमि का मूल्यांकन सड़क की चौड़ाई के आधार पर क्रमशः 20, 30 व 40 प्रतिशत बढ़ेगा, जबकि आबादी/आवासीय गतिविधियों की निकटता के आधार पर कृषि भूमि का मूल्यांकन 50, 30 व 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ तय होगा। औद्योगिक घोषित भूमि का मूल्यांकन सामान्य अकृषक भूमि दर से 50 प्रतिशत कम पर निर्धारित किया गया है। साथ ही मूल्यांकन सूची के भाग-2 प्रारूप 4(2) में दर्ज 'आबादी से सटी (मार्ग विहीन)' को संशोधित कर 'आबादी से सटी भूमि' कर दिया गया है।

### आईआईसीटी एलुमनाई मीट वापी वैप्टर में पूर्व छात्रों का मिलन

**भदोही।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कार्पेट टेक्नोलॉजी के पूर्व छात्र शनिवार को अतुल लिमिटेड में आयोजित एलुमनाई मीट में एकत्र हुए। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के निदेशक डॉ. आर.के. वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में किया गया। मीट में पूर्व छात्रों ने न केवल पुरानी यादों को ताज़ा किया, बल्कि अपने व्यावसायिक अनुभवों और उपलब्धियों को भी साझा किया। संबोधन में डॉ. वार्ष्णेय ने आईआईसीटी में हो रहे हालिया विकासों की जानकारी दी और एलुमनाई नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए, नियमित रूप से ऐसे आयोजन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में 2008 से 2025 बैच के लगभग 50 पूर्व छात्र शामिल हुए। इस दौरान प्रदीप शुक्ला (2008), मुनेंद्र सिंह (2009), अनूप चौरसिया (2010), विशाल मिश्रा (2013), अभिषेक श्रीवास्तव और दीपक ने अपने सुझाव और अनुभव प्रस्तुत किए। पाँच पूर्व छात्र अपने परिवारों के साथ पहुँचे, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी आत्मीय हो गया। डॉ. वार्ष्णेय ने वेल्सपन लिविंग लिमिटेड और अतुल लिमिटेड का दौरा कर उद्योग शिक्षा सहयोग को मजबूत करने और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। एलुमनाई मीट के आयोजन में अभिषेक, निकेत और सुमित की अहम भूमिका रही। पूरे कार्यक्रम का समन्वय श्री बी.सी. रे के मार्गदर्शन में किया गया।

## पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य जागरूकता साइकिल यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपीगंज।** पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से भदोही साइकिलिंग क्लब द्वारा रविवार को विशाल साइकिल यात्रा निकाली गई। क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल अंसारी के नेतृत्व में निकली इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य, योग, पर्यावरण सुरक्षा और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया।अताउल अंसारी के आह्वान पर बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पर्यावरण प्रेमियों ने यात्रा में हिस्सा लिया।

गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से शुरू हुई साइकिल यात्रा को अताउल अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि महीने में एक वृक्ष लगाएं, हफ्ते में छः दिन परिवार के लिए और एक दिन देश और समाज के लिए निकालकर लोगों को जागरूक करें और प्रतिदिन आधे घंटे का योग व्यायाम करें। इससे सभी स्वस्थ रहेंगे पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा और देश भी तरक्की करेगा। साइकिल यात्रा शुरू होकर फूलबाग, सोनकरी, मेवड़ापुर, टीकापुर, कांजी हाउस, जौहरपुर, ननवगपुर, नवलपुर, नत्थूपुर, जखौंव, लालापुर के आसपास का भ्रमण करते हुए मेवड़ापुर में समाजसेवी अब्दुल गफ्फार अंसारी के आवास पर इसका समापन हुआ।

पूरी यात्रा के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल अंसारी ने जगह-जगह रुककर लोगों को वृक्षारोपण, योग, स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण संवर्धन पर जागरूक किया। यात्रा के दौरान अताउल अंसारी की टीम द्वारा 'वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, करो योग रहो निरोग, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, हम सबने ये ठाना है - पूरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ बनाना है, भारत माता की जय, वंदे मातरम' जैसे जागरूकता नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

साइकिल यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल अंसारी के साथ जगदीश यादव, बनारसी बिंद, सरफराज अहमद, श्याम सुंदर बिंद, प्रमोद मौर्या, पंकज सिंह, कमलेश कश्यप, राजीव जायसवाल, महमूद आलम, सुंदरम चौधरी, अबरार हाशमी, जिगर गुप्ता, आशीष बिंद, रितिक कनौजिया, आफताब आलम, हिमांशु चौधरी, फैज आलम, आनंद बिंद, अजहान खान, अभी कनौजिया, समीर शेख, उज्जवल गुप्ता, मैनुद्दीन अली, इमरान अहमद, गोपाल चौधरी, आर्यन यादव, हिमांशु बिंद सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## पुलिस लाइन में वामा वेलनेस कैंप, 50 पुलिसकर्मियों व परिजनों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में रिज़र्व पुलिस लाइन ज्ञानपुर में वामा सारथी के तहत वामा वेलनेस कैंप आयोजित किया गया, जिसमें कुल 50 पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयुष विभाग एवं होम्योपैथिक विभाग की सहभागिता से लगाए गए इस शिविर में हृदय, दंत, नेत्र, त्वचा, बीपी, शुगर सहित कई रोगों की जांच की गई। पुलिस परिवार की 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को निःशुल्क स्त्री रोग परामर्श तथा पैप स्मीयर व मैमोग्राम टेस्ट हेतु विशेष कूपन कार्ड (वैधता 31 मार्च 2026) वितरित किए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह पहल पुलिस परिवार के स्वास्थ्य, जागरूकता व मनोबल वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है और इससे उनके समग्र कल्याण में सीधा लाभ मिलेगा।

## पुरुष नसबंदी पखवाड़ा संपन्नः चार पुरुष व 256 महिलाओं की नसबंदी, गांव-गांव पहुंची परिवार नियोजन सेवाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक मनाए गए पुरुष नसबंदी पखवाड़े में जनपद में चार पुरुषों सहित 256 महिलाओं की नसबंदी कराई गई। इस अवधि में परिवार नियोजन संबंधी अन्य सेवाएं भी व्यापक रूप से प्रदान की गईं।

परिवार नियोजन प्रबंधक पद्माकर त्रिपाठी ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित पखवाड़े के दौरान परिवार नियोजन सेवाओं को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाया गया। इस अभियान में चार पुरुषों की नसबंदी, 256 महिलाओं की नसबंदी, 317 महिलाओं में कॉपर-टी की स्थापना, 398 अंतरा इंजेक्शन का प्रयोग, 1455 माला-एन तथा 1190 छाया गोलियों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आरएम गुप्ता ने बताया कि एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर सेवाएं प्रदान की हैं। जिला चिकित्सालय के सर्जन द्वारा सुरक्षित नसबंदी प्रक्रियाओं को संपन्न कराया गया। साथ ही आम जनमानस में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है।

**बताए गए परिवार नियोजन के प्रमुख लाभ**

सीएमओ डॉक्टर संतोष गुप्ता ने बताया कि पुरुष नसबंदी पखवाड़े के अंतर्गत ग्रामीण अंचलों तक परिवार नियोजन के लाभ नव दंपति सहित आम जनमानस को बताए गए हैं, जिनमें परिवार का आर्थिक, स्वास्थ्य और सामाजिक रूप से बेहतर विकास, माता-पिता तथा बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा, बच्चों में कुपोषण, मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु के जोखिम में कमी, महिलाओं को स्वस्थ अंतराल और सुरक्षित मातृत्व का अवसर, दंपतियों के जीवन स्तर में सुधार, अधिकारियों ने बताया कि परिवार नियोजन न केवल मातृ-शिशु स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि बेहतर और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी है।

## ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने दिखाई संवेदनशीलता

**● विद्युत बिल राहत योजना में बढ़ाया बड़ा लाभ**

**31 मार्च 2025 के बाद भुगतान करने वाले बकायेदार भी होंगे लाभान्वित**

**सरकार का उद्देश्य अधिकतम लोगों को राहत देनाःश्री ए के शर्मा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही,** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एक और बड़ी राहत प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पहले 31 मार्च 2025 के बाद आंशिक भुगतान कर चुके उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया था, जिससे अनेक उपभोक्ता योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। विभिन्न जनपदों के दौरे और विद्युत बिल राहत शिविरों के निरीक्षण के दौरान कई उपभोक्ताओं ने मंत्री श्री शर्मा से आग्रह किया कि अप्रैल, मई, जून आदि महीनों में उन्होंने कुछ न कुछ भुगतान अवश्य किया है, किंतु फिर भी उनका काफी बकाया शेष है, इसलिए उन्हें भी योजना का लाभ दिया जाए।

उपभोक्ताओं की इस पीड़ा और वास्तविक स्थिति को समझते हुए ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने अत्यंत संवेदनशीलता के साथ अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए कि ऐसे सभी उपभोक्ताओं को योजना के लाभ से वंचित न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार का उद्देश्य अधिकतम लोगों को राहत देना है, इसलिए भुगतान कर चुके किन्तु अब भी बकायेदार उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिलना चाहिए।ऊर्जा मंत्री के निर्देशों के क्रम में अब 30 नवंबर 2025 तक भुगतान करने वाले ऐसे सभी उपभोक्ताओं को भी विद्युत बिल राहत योजना में शामिल कर लिया गया है। इस निर्णय से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक बोझ में बड़ी कमी आएगी।जनहित में लिए गए इस महत्वपूर्ण फैसले से प्रदेशभर के उपभोक्ताओं ने ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने वास्तव में जनता की परेशानी को समझा और राहत प्रदान करने का सार्थक प्रयास किया है। सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम उपभोक्ता हित और संवेदनशील प्रशासन की स्पष्ट मिसाल है।

## 20 दिसंबर को भव्य हिंदू महासभा सम्मेलन का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** संगम क्षेत्र सुंदरवन कटेवना में श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन के रूप में विश्व का सबसे ऊंचा तांबे का शिव मंदिर आकार ले रहा है। लगभग 180 फीट ऊंचे शिवलिंगाकार ताम्र-धातु मंदिर के निर्माण कार्य ने गति पकड़ ली है। गर्भगृह हेतु मिट्टी की खुदाई व प्रारंभिक संरचनात्मक कार्य शुरू कर दिए गए हैं। इसी कड़ी में रविवार को मंदिर प्रांगण में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में माँ राजलक्ष्मी मंदा ने बताया कि 20 दिसंबर को भव्य हिंदू महासभा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिले सहित देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन हिंदुत्व की एकता और सांस्कृतिक शक्ति को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा आयोजन होगा।

माँ राजलक्ष्मी मंदा ने कहा कि 'सम्मेलन में जिले के सम्मानित जन, विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि और बाहर से आने वाले विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। अतिथियों की सूची तैयार की जा रही है।

बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्य विभाजन किया गया। सुरक्षा, स्वागत-प्रबंध, मंच संचालन, आवास-व्यवस्था और मीडिया समन्वय से जुड़े दायित्व अलग-अलग टीमों को सौंपे गए। मंदिर परिसर में कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई।

सुंदरवन कटेवना में बन रहा 180 फीट ऊंचा शिवलिंगाकार ताम्र-मंदिर न केवल भदोही, बल्कि पूरे देश का धार्मिक गौरव बनेगा। तांबे की विशाल संरचना और अद्वितीय डिजाइन इसे विश्व में विशेष पहचान देगी। निर्माण कार्य तेजी से जारी है। बैठक में गुरुजी मदन कुमार, सतीश सुप्रिया उपाध्याय, अजय पांडेय, अनिल मिश्रा, मनीष पांडेय, दीपक सिंह, आशुतोष पांडेय, श्री प्रकाश दुबे, सुशील राय, राजेश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान 5.0: जनपद में 'बहु-बेटी सम्मेलन' के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शनिवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में 'बहु-बेटी सम्मेलन' आयोजित किए गए। मिशन शक्ति टीम और एंटी रोमियो टीम द्वारा ग्राम स्तर तक पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं विभिन्न सरकारी सुरक्षा सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सम्मेलन में महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, एम्बुलेंस सेवा 108, मिशन शक्ति केंद्र, वन स्टॉप सेंटर सहित अन्य हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, महिला उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित सहायता और आत्मरक्षा से जुड़े सुझाव भी बताये गये। विभिन्न थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें आशा-बहु, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री, स्वयं सहायता समूह, समाजसेवी एवं स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। थाना हरैया क्षेत्र के ग्राम गुगौली खुर्द, थाना तुलसीपुर में गुलरिया घाट, थाना कोतवाली नगर में भीखमपुर, थाना रेहरा बाजार में तेलियारतनपुर, थाना गौरा चौराहा में थारुआ, थाना कोतवाली उतरौला में बनगंवा, थाना महाराजगंज तराई में मैनहवा, थाना सादुल्लानगर में अंचलपुर, थाना गैसड़ी में परसा, थाना श्रीदत्तगंज में बायभीट, थाना कोतवाली देहात में कलवारी तथा थाना ललिया क्षेत्र के ग्राम मंगरा में यह सम्मेलन आयोजित हुआ।

सम्मेलन में महिलाओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति, अपराध, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न या मदद की आवश्यकता होने पर वे तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों से संपर्क करें और समस्या छुपाने के बजाय शिकायत दर्ज कराएं। अंत में सभी प्रतिभागी महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा जागरूकता की शपथ दिलाई गई। बलरामपुर पुलिस ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को मजबूत बनाने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

## पति, सास, ससुर सहित पांच के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा




**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के जहांगीराबाद में विवाहिता की हुई मौत के मामले में मायके वालों की तहरीर पर सास ससुर पति,ननद व देवर सहित पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी दिलीप निषाद की पत्नी पूजा निषाद ने शुक्रवार की रात फांसी लगाकर जान दे दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। विवाहिता के पिता धर्मेंद्र निषाद निवासी घोरहट करछना प्रयागराज ने थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि अपनी पुत्री का विवाह तीन वर्ष पूर्व दिलीप निषाद के साथ किया था, यथा संभव दान दहेज भी दिया था, ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए अवगत कराया कि शादी के बाद से ही उसका उत्पीड़न करते थे। मारपीट से परेशान होकर उसने फांसी लगाकर जान दे दी पिता की तहरीर पर पुलिस ससुर बसीदेर, पति दिलीप, सास, ननद व देवर के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा कायम कर लिया।

## महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अभिमन्यु मांगलिकपुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के निर्देशन में एवं शुभम अग्रवालअपर पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में जनपद भदोही के समस्त थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम व एण्टी रोमियो टीमों द्वारा व्यापक रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।इस अभियान के अंतर्गत महिला पुलिस कर्मियों व मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थित प्रमुख बाजारों, कस्बों, स्कूलों/कॉलेजों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य भीड़-भाड़ वाले महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर पहुँचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके सुरक्षा अधिकारों, सशक्तिकरण योजनाओं एवं सहायता संसाधनों के प्रति जागरूक किया गया।

महिलाओं की सुरक्षा हेतु संचालित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई एवं संबंधित पंपलेट वितरित किए गए:

वीमेन पावर लाइन - 1090, महिला हेल्पलाइन - 181, पुलिस आपातकालीन सेवा - 112, सीएम हेल्पलाइन - 1076, स्वास्थ्य सेवा - 102, एम्बुलेंस सेवा - 108

जनपद पुलिस द्वारा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, जिससे समाज में महिला सुरक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल एवं जनसहभागिता को और अधिक सशक्त किया जा सके।

## आयुध निर्माणियों का निगमीकरण किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं- अशोक सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय मुख्यालय कटहरी बाग कानपुर कैंट में महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का सफल आयोजन किया गया, जिसमें देश भर से सभी रक्षा इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष एवं इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंह ने की। सभी पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने माला पहनाकर और शाल ओढ़ाकर महासंघ के अध्यक्ष अशोक सिंह का स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों के भविष्य पर चर्चा की गई। बैठक में मौजूदा केंद्र सरकार द्वारा आयुध निर्माणियों के निगमीकरण का कड़े शब्दों में विरोध किया गया।

बैठक में महासंघ ने रक्षा क्षेत्र के सभी विभागों के निगमीकरण को देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बताया और कहा कि इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। बैठक में बोलते हुए महासंघ के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि महासंघ किसी भी प्रकार से कर्मचारियों के अवशोषण के विरुद्ध है। कर्मचारी अपने रिटायरमेंट तक पूर्णतः सरकारी कर्मचारी रहेंगे और महासंघ इसकी लड़ाई आखिरी तक लड़ता रहेगा। उन्होंने कहा केंद्र सरकार द्वारा अभी हाल में ही लागू किए गए चार श्रम कानूनों को भी श्रमिक विरोधी बताया। अशोक सिंह ने कहा कि सभी रक्षा विभागों में रिक्त पदों को भरने के साथ मृतक आश्रितों को शत प्रतिशत नौकरी दी जाए। उन्होंने कहा कि यह महासंघ की ही देन है जो रक्षा मंत्रालय को आयुध निर्माणियों का डीम्ड डेपुटेशन 26 नवंबर 2026 तक बढ़ाया है। किसी भी कीमत पर आयुध निर्माणियों का निगमीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा। पुरानी पेंशन को लेकर भी कोई समझौता नहीं किया जाएगा। आगे चाहे कुछ भी कुर्बानी देनी पड़े। उन्होंने देश के सभी कामगारों, मजदूरों, किसानों से आह्वान किया कि सभी एकजुट हों और अपनी ताकत को पहचाने। क्यों कि एकजुटता ही सफलता की कुंजी है। बैठक में मुख्य रूप से एच. एन. तिवारी, विनोद तिवारी, जी. डी.शर्मा, राकेश कुमार, सिद्धनाथ तिवारी, समीर बाजपेई,आशुतोष तिवारी, नितिन पांडेय, महेंद्र नाथ, सर्वेश भदौरिया, रोहित कुमार, हिमांशु प्रजापति, चक्रेश यादव, नीरज सिंह, पी. एस. बाजपेई, उमेश शुक्ला, सियाराम, राकेश कुमार, अशोक कुमार, रतन कुमार आदि रहे।

## पुरानी पेन्शन बहाली के आंदोलन में शहीद हुए डॉ. राम आशीष सिंह को किया नमन

**● पुरानी पेंशन बहाली की मांग को पूरा करे सरकार-तौआब अली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में रविवार को अटेवा के बैनर तले कैंप कार्यालय मड़वानगर में पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन में शहीद हुए डॉ. राम आशीष सिंह की शहादत को याद किया गया। इस दौरान शिक्षकों कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।

सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष तौआब अली ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर डॉ0 राम आशीष सिंह लखनऊ में आंदोलन करते हुए शहीद हो गए थे। हम उनकी शहादत को नमन करते हैं। और साथ ही सरकार से मांग करते हैं की पुरानी पेंशन को बहाल करें , यही शहीद डॉ0 राम आशीष सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।प्रदेशीय संयुक्त मंत्री जनार्दन शुक्ला, मंडलीय महामंत्री दीपक सिंह प्रेमी एवं मंडलीय आय व्यय निरीक्षक डॉ0 कमलेश चौधरी ने न्यू पेंशन स्कीम और यूनिफाइड पेंशन स्कीम को शिक्षकों कर्मचारियों के लिए अहितकर बताया।और कहा कि कर्मचारियों का भविष्य केवल पुरानी पेंशन योजना में ही सुरक्षित है।संरक्षक बृजेश वर्मा ,प्रमोद ओझा, देवेंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष अमरचंद वर्मा मीडिया प्रभारी नीरज वर्मा, संगठन मंत्री कैलाश नाथ ने संयुक्त रूप से शहीद डॉ0 राम आशीष सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि जब आज भी देश के कई प्रदेशों में पुरानी पेंशन योजना लागू है तो उत्तर प्रदेश की सरकार इसे बहाल करने में आनाकानी क्यों कर रही है

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेशीय कोषाध्यक्ष बृजेंद्र वर्मा ,प्रदेश मंत्री ध्रुव नारायण चौधरी, जिला अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा, मंडलीय मंत्री श्रवण गुप्ता तथा जिला महामंत्री सत्य प्रकाश मौर्य ने भी डॉ0 राम आशीष सिंह श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं कहा की अटेवा के साथ मिलकर हम यह लड़ाई तब तक लड़ते रहेंगे जब तक कि पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती । यही एक शहीद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

श्रद्धांजलि सभा को ज्ञानेन्द्र भारती, राकेश सिंह, बाबूराम वर्मा, सुरेंद्र यादव, राहुल चौधरी, रमेश कुमार, सुशील चौधरी सुनील कुमार, अतुल कुमार, चंदन श्रीवास्तव, अब्दुल समद, अजय कुमार, राम विलास, प्रकाश कुमार गौतम, राकेश, विजय कुमार, राजेश गिरी, पप्पू सक्सेना, सुखराज गुप्ता, अर्जुन प्रसाद, संजय यादव, अवधेश कुमार वर्मा, राकेश मिश्रा , महेंद्र पटेल, प्रवेश वर्मा, अजीत चौधरी,लालजी वर्मा, संदीप यादव, अनीस अहमद, अमरनाथ, सहित अनेक लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस ने पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस ने पाक्सो एक्ट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर तथा क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर के पर्यवेक्षण में की गई। थानाध्यक्ष दुर्विजय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 97/2025, धारा 64(2)/65(1) बीएनएस एवं 3/4 पाक्सो एक्ट में नामजद एवं वांछित अभियुक्त कमलेश उर्फ बम भोले पुत्र घनश्याम, निवासी विशुनपुर कला, थाना कोतवाली गैसड़ी को पकड़कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय रवाना किया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-** कमलेश उर्फ बम भोले पुत्र घनश्याम, निवासी विशुनपुर कला, थाना कोतवाली गैसड़ी, जनपद बलरामपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-** थानाध्यक्ष/विवेचक दुर्विजय सिंह, उपनिरीक्षक वसी अहमद, कांस्टेबल सूर्यप्रकाश, कांस्टेबल राजेश कुमार, पुलिस के अनुसार आरोपित के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है और उसे न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सन्त निरंकारी मंडल शाखा द्वारा किया गया स स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**फूलपुर प्रयागराज।** फूलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 50 निरंकारी अनुयाइयों ने रक्तदान किया ब्रांच के मुखी भोला नाथ यादव ने मुख्य अतिथि का निरंकारी पद्धति अनुसार स्वागत किया एवं सभी का आधार व्यक्त किया उस मौके पर उन्होंने कहा कि मिशन का संदेश हैं मानव हो मानव का प्यारा एक दूजे का बने सहारा इसी संदेश के साथ समय समय पर निरंकारी मिशन के द्वारा अनेक समाजिक कार्य किए जाते हैं रक्त नालियों में नहीं नाड़ियों में बहाना हैं ऐसा संदेश सतगुरू बाबा हरदेव जी महराज ने हमेशा से प्रेरित किया हैं उसी ओर सभी निरंकारी श्रद्धालु समय-समय पर सामाजिक कार्यों में भाग लेते हैं।

### एक वारंटी अभियुक्त व एक अभियुक्ता गिरफ्तार



**नैनी, प्रयागराज।** न्यायालय की निर्धारित तारीखों पर हाजिर न होने पर नैनी पुलिस ने रविवार की सुबह महेवा पश्चिम पट्टी मोहल्ले से एक वारंटी अभियुक्त व एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया।नैनी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महेवा पश्चिम पट्टी निवासी सोनू भारतीया पुत्र अशोक भारतीया और बब्ली पत्नी अशोक कुमार जो, कि न्यायालय की निर्धारित तारीखों पर हाजिर नहीं होते रहे। जिन्हें पकड़ कर कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया गया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनों धारा 504, 506 व 3/4 डाबरी एक्ट के तहत आरोपी रहे।

### अज्ञात कारणों से लगी आग तीन बीघे का पुआल जलकर हुआ राख



**रविवार को दोपहर बाद खजुरी कला गांव में हुआ हादसा**

**कोरांव प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के खजुरी कला गांव में रविवार को दोपहर बाद 3 बजे के करीब अज्ञात कारणों से पुआल के ढेर में आग लग गई। इस हादसे में तीन बीघे का पुआल जल कर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक खजुरी कला गांव के रहने वाले राम जी शुक्ल ने अपने तीन बीघे धान की मड़ाई शनिवार को ही ।करा ली थी। रविवार को उस पुआल की कुट्टी भी कटवाने के लिए मशीन बुलवाई थी। लेकिन मशीन न आ पाने के कारण कुट्टी नहीं कट पाई और अज्ञात कारणों से पुआल के ढेर में आग लग गई। जिससे तीन बीघे खेत का पुआल जल कर राख हो गया। हालांकि बताया जा रहा है कि बोरियों में भरकर मड़ाई की हुई धान भी पुआल के बगल में ही रखा था। लेकिन धान को लोगों ने बचा लिया। आग लगने की सूचना 112 डायल कर पुलिस एवं फायर कर्मियों को भी दी गई। जिसके बाद पुलिस और फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पुआल की आग को बुझाया। जब तक आग बुझती तब तक पुआल का ढेर जलकर राख हो गया था।

### किसानों का 11 सूत्री मांगों को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन

**प्रयागराज** – मुख्यालय बारा पर भारतीय किसान यूनियन आजाद (हिंद) के द्वारा शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दिन धरना प्रदर्शन किया। किसान के प्रदेश संगठन मंत्री राकेश त्रिपाठी के अगुवाई में तहसीलदार को 11 सूत्री ज्ञापन सौपां। बहेलिया समाज व घुमंतू समाज को जनजाति व आवासीय पट्टे एवं हाईवे में लगे स्ट्रीट लाइट को लेकर भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। किसानों ने आवारा पशुओं की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने उप जिलाधिकारी 11 सूत्री ज्ञापन के माध्यम से वन विभाग के खाली जमीनों पर बेसहारा मवेशियों के लिए उचित व्यवस्था पर ज्यादा जोर दिया। धरने के दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद। उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी। उन्होंने धरना प्रदर्शन खत्म करने के साथ-साथ चेतावनी भी दिया कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह 26 जनवरी 2026 को पांच कालिदास मार्ग में आंदोलन के लिए बाध्य होगा। धरना प्रदर्शन बैठक में जिला अध्यक्ष राजाराम पांडे, मंडल सचिव अंकुश शुक्ला, मंडलमहासचिव अंकित सिंह मोनू,जिला महासचिव हिमांशू सिंह ब्लॉक अध्यक्ष नगीना सिंह, पंकज कुशवाहा , अंशुमान त्रिपाठी आदि किसान मौके पर मौजूद रहे।

# धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका, 2002 नदेसर शूटआउट केस में अपील खारिज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर से पूर्व सांसद धनंजय सिंह को शनिवार (6 दिसंबर) को इलाहाबाद हाईकोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है. कोर्ट ने 2002 में वाराणसी के नदेसर इलाके में धनंजय सिंह पर हुए जानलेवा हमले से जुड़े गैंगस्टर एक्ट मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी अपील को खारिज कर दी. हाईकोर्ट की सिंगल बेंच में यह फैसला जस्टिस लक्ष्मीकांत शुक्ला ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद दिया. कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद माना कि गैंगस्टर एक्ट जैसे मामलों में 'पीड़ित' के रूप में व्यक्तिगत शिकायतकर्ता की अपील पोषणीय नहीं है. कोर्ट ने धनंजय सिंह की क्रिमिनल अपील को खारिज कर दिया।

यह मामला 4 अक्टूबर 2002 का है, उस वक़्त तत्कालीन विधायक धनंजय सिंह अपनी कार से लौट रहे थे. तभी वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र में नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा के पास उनकी गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. इसमें धनंजय सिंह मस्त उनके चार साथी घायल हुए थे. जबाब में धनंजय सिंह ने भी गोलियां चलाई थीं. धनंजय सिंह ने इस हमले में विधायक अभय सिंह, एमएलसी विनीत सिंह और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था. सभी केन खिलाफ गैंग्स्टर एक्ट में मामला दर्ज हुआ.ट्रायल कोर्ट में चारों बरी इस मामले में 29 अगस्त 2025 को वाराणसी के स्पेशल जज (गैंगस्टर एक्ट) सुशील कुमार खरवार ने सुबूतों के अभाव में चारो मुख्य आरोपियों संदीप सिंह, संजय सिंह,विनोद असिंह और सत्येन्द्र सिंह उर्फ़ बबलू को बरी कर दिया. जिसके खिलाफ धनंजय सिंह ने हाईकोर्ट में चुनौती दी।

उनके वकीलों ने तर्क दिया कि धनंजय सिंह इस मामले में खुद पीड़ित हैं. इसलिए उनकी अपील पोषणीय होनी चाहिए. सुनवाई के बाद कोर्ट ने स्पष्ट किया कि गैंगस्टर एक्ट जैसे मामलों में व्यक्तिगत शिकायत या पीड़ित की अपील कानूनी रूप से वैद्य नहीं है. जस्टिस्ट लक्ष्मीकांत शुक्ला ने कहा कि गैंगस्टर एक्ट में राज्य द्वारा चलाये अभियोजन में निजी पक्ष का कोई स्थान नहीं. और उनकी अपील खारिज हो गयी. इन दिनों धनंजय सिंह पर कफ सिरप घोटाले को लेकर कई तरह के दावे किए जा रहे हैं. मुख्य आरोपियों को उनका करीबी बताया जा रहा है. अब राजनीतिक प्रतिद्वंदियों को कोर्ट से रात उनके लिए एक नई चुनौती बन गयी है।

## नैनियां आईटीसी में निःशुल्क उद्यमिता प्रशिक्षण



**नैनी, प्रयागराज।** लोरियल फ़ाउंडेशन एवं नांदी फ़ाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर में उद्यमिता कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह विशेष कार्यक्रम बेरोज़गार महिलाओं एवं युवतियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित होगा। कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को विभिन्न कौशलों का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी महिलाओं और युवतियों को प्रमाणपत्र (Certificate) तथा स्टार्टअप किट दी जाएगी, ताकि वे आत्मनिर्भर बनते हुए अपने कौशल को आजीविका से जोड़ सकें।फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि पूरा कार्यक्रम पूरी तरह निशुल्क है तथा इसका लक्ष्य अधिक से अधिक महिलाओं को आर्थिक रूप से मज़बूत करना है। स्थानीय स्तर पर यह पहल महिलाओं को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## ऑनलाइन बाबा को मिली जान से मारने की धमकी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** कई साल से अरैल संगम तट पर मां गंगा-यमुना की आरती-पूजन और साफ-सफाई में अपने भक्तों के साथ लगे रहने वाले बाबा राजबाबू मिश्रा (ऑनलाइन बाबा) को मोबाइल फोन पर दाढ़ी उखाड़ कर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने में आया है। योगी शासन में बाबा को मिली धमकी से वह और उनका पूरा परिवार डरा सहमा सा है। बाबा ने अपने और परिवार की जानमाल बचाने को मुख्यमंत्री के पोर्टल जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई है। इसके साथ उन्होने प्रयागराज पुलिस कमिश्नर, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर को भी प्रार्थना पत्र भेज कर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। बता दें कि सुरसरि त्रिवेणी गंगा आरती सेवा ट्रस्ट अलर्कपुरी (अरैल) तीर्थराज प्रयागराज के अध्यक्ष राजबाबू मिश्रा ऑनलाइन बाबा के नाम से जाने जाते हैं। अरैल तट पर प्रतिदिन मां गंगा-यमुना की आरती, पूजन के साथ ही अपने सेवादारों के साथ पवित्र तट पर नियमित साफ-सफाई कर गंगा सेवा में लगे रहते है। अरैल तट पर बाबा की अपनी कुटिया है। उन्होने बताया कि शनिवार 6 दिसंबर 2025 को दोपहर लगभग डेढ़ से दो बजे के बीच बाबा की कुटिया के समीप अरैल बांध रोड पर कुछ लोग उनके भक्त धन्ना को मारने-पीटने की नीयत से घेरे हुए थे। यह देखकर भक्त की सहायता करने उसके पास पहुंच गए। बीच-बचाव किया। इसके कुछ देर बाद ही मोबाइल नंबर से ऑनलाइन बाबा के मोबाइल पर कॉल किया गया जिसमें उसे अरैल निवासी नैनी थाने के हिस्ट्रीशीटर का नाम लेकर धमकाते हुए घर पर बुलाया जा रहा है और बराबर ढाड़ी उखाड़ कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। बाबा को जिस नंबर से फोन किया गया था ट्रू कॉलर में उस नंबर में उसका नाम विवेक मल्लाह (विवेक पंडा) लिखकर आ रहा है।

# सरकार ने हवाई किराया किया फिक्स, 500 किमी के लिए 7500 रुपये, जानें उड़ानों की नई टिकट दरें

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** इंडिगो संकट को लेकर सरकार अब सख्त नजर आ रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस संकट से निपटने के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार की ओर से इंडिगो को यात्रियों का पैसा तुरंत वापस करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही सरकार ने दूसरी एयरलाइन के किराये में हुए बेहताशा बढ़ोतरी पर भी लगाम लगा दी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी प्रभावित रूट्स पर सही और वाजिब किराया सुनिश्चित करने के लिए अपनी रेगुलेटरी पावर का इस्तेमाल किया है। सरकार ने एयरलाइन से कहा कि वह तय हवाई किराये से ज्यादा न लें। घरेलू एयरलाइंस यात्रियों से नीचे बताई गई सीमा से अधिक किराया नहीं वसूल सकती हैं।

500 किमी तक की दूरीः अधिकतम किराया 7500 रुपये, 500-1000 किमी की दूरीः अधिकतम किराया 12000 रुपये,1000-1500 किमी की दूरीः अधिकतम किराया 15000 रुपये, 1500 किमी से अधिक की दूरीः अधिकतम किराया 18000 रुपये। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उपरोक्त किराया सीमाएं लागू उपयोगकर्ता विकास शुल्क, यात्री सेवा शुल्क और करों को छोड़कर हैं। ये किराया सीमाएं बिजनेस क्लास और आरसीएस उड़ानों पर लागू नहीं होंगी। सरकार की ओर से कहा गया है कि किराया सीमाएं तब तक लागू रहेंगी जब तक किराये स्थिर नहीं हो जाते या अगला आदेश जारी नहीं होता। ये किराया सीमाएं सभी प्रकार की बुकिंग पर लागू होंगी, चाहे टिकट एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट से खरीदा गया हो या किसी ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट के प्लेटफॉर्म से। एयरलाइंस सभी श्रेणियों में टिकट उपलब्धता बनाए रखेंगी और आवश्यकता होने पर उन सेक्टरों में क्षमता बढ़ाने पर विचार करेंगी जहां मांग अचानक बढ़ गई हो।

सरकार ने आदेश दिया है कि एयरलाइंस रद्दीकरण से प्रभावित सेक्टरों में अचानक या असामान्य किराया वृद्धि से बचेंगी। एयरलाइंस प्रभावित यात्रियों को अधिकतम संभव सहायता प्रदान करेंगी, जिसमें संभव होने पर वैकल्पिक उड़ान विकल्प शामिल हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इंडिगो की उड़ान बाधित होने से हजारों यात्रियों के प्रभावित होने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने शनिवार को एयरलाइन को निर्देश दिया कि रद्द की गई उड़ानों के लिए टिकट के रिफंड की प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी कर ली जाए। सरकार ने साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि यात्रियों के छूटे हुए सामानों को अगले दो दिनों में उन तक पहुंचा दिया जाए।

इसके अलावा, एयरलाइन को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि जिन यात्रियों का ट्रैवल प्लान रद्द या प्रभावित हुआ है, उनसे कोई रिशेड्यूलिंग चार्जेस न लिए जाएं। मंत्रालय ने साफ किया कि रिफंड प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी या नियमों का पालन न करने पर तुरंत नियामक कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया कि एयरलाइन यह सुनिश्चित करे कि उड़ान रद्द होने या देरी के कारण यात्रियों के छूटे हुए सामान का पता लगाया जाए और अगले 48 घंटों के भीतर उन तक पहुंचाया जाए। इस बीच देश के कई



हिस्सों में आज भी इंडिगो की सैकड़ों उड़ानों के कैंसिल होने से यात्री परेशान हैं। कैंसिलेशन की वजह से देश के कई बड़े हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। सुबह से लगातार उड़ानों के रद्द होने की खबरें आ रहीं हैं। ज्यादातर स्थानों पर यात्री बिना किसी स्पष्ट विकल्प के फंस गए। कुछ जगहों पर एयरलाइन के काउंटर बंद दिखे, कहीं वैकल्पिक फ्लाइट्स बेहद महंगी थीं और कहीं उड़ानों की स्थिति को लेकर यात्रियों को आखिरी क्षण तक इंतजार करना पड़ा। बिगड़े हालात में रेलवे को भी हस्तक्षेप करना पड़ा और विशेष ट्रेनें चलाने के साथ कई एयरपोर्टों पर हेल्पडेस्क स्थापित किए गए। इंडिगो के परिचालन में आ रही समस्याओं पर एयरलाइन की ओर से शनिवार को बयान जारी किया गया। इस बयान में इंडिगो ने कहा कि एयरलाइन पूरे नेटवर्क में अपने परिचालन को पटरी पर लाने के लिए पूरी लगन से काम कर रही है। इंडिगो ने कहा, 'हमारी टीमें शेड्यूल को स्थिर करने, देरी को कम करने और इस दौरान ग्राहकों की मदद करने पर केंद्रित हैं। शनिवार को रद्दीकरण की संख्या 850 उड़ानों से नीचे आ गई है, जो कल की तुलना में काफी कम है। हम अगले कुछ दिनों में इस संख्या को धीरे-धीरे कम करने की दिशा में काम कर रहे हैं।'

# अडानी कोयला खदान के लिए 6 लाख पेड़ों की बलि: एमपी विधानसभा में हंगामा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की अंतिम बैठक के दौरान शुक्रवार को सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ। अडानी समूह की धीरौली कोयला खदान परियोजना के तहत लगभग 6 लाख पेड़ काटे जाने के खिलाफ कांग्रेस विधायकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। विधायक विक्रांत भूरिया के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हंगामा मचने के बाद विपक्षी दल के सदस्यों ने सदन से वाकआउट कर दिया। उन्होंने इस मामले की न्यायिक जांच और सदन की संयुक्त समिति गठित करने की मांग की है। झबुआ से आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विधायक विक्रांत भूरिया ने विधानसभा में उठाए गए मुद्दे पर कहा, 'धीरौली, अमरेली और बिरकुनिया जैसे गांवों में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई हो रही है। आदिवासी आबादी को उनके अधिकारों से वंचित कर पूंजीपतियों और कोयला खनन को फायदा पहुंचाया जा रहा है। ग्राम सभाओं से अनुमति जबरदस्ती और धमकी देकर ली जा रही है। इस मामले की न्यायिक जांच जरूरी है। पेसा (पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम), वनाधिकार अधिनियम (एफआरए) और अन्य कानूनों का जिले भर में उल्लंघन हो रहा है। धरौली ब्लॉक में 1,398 हेक्टेयर वन भूमि का विनाश हो रहा है। लगभग 6 लाख पेड़ काटे जाने हैं।' भूरिया ने कहा कि सिंगरौली में पेड़ काटकर अन्य जिलों में पौधे लगाने से स्थानीय आबादी और पर्यावरण को कोई लाभ नहीं होगा।

कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि कोयला ब्लॉक क्षेत्र 2023 तक पेसा अधिनियम के तहत संरक्षित था, लेकिन 2023 से 2025 के बीच इसकी स्थिति बदल दी गई। उन्होंने दावा किया कि पेड़ काटने के दौरान क्षेत्र में 1,500 पुलिसकर्मी सुरक्षा के लिए तैनात थे। विपक्ष ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों पर अडानी समूह को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया। इसके जवाब में वन मंत्री राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि पेड़ों की कटाई केंद्र और राज्य के नियमों के अनुसार हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया, 'धीरौली कोयला ब्लॉक 3 मार्च 2021 को खनिज और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 के प्रावधानों के तहत सराई तहसील के विभिन्न गांवों में 2,672 हेक्टेयर क्षेत्र में कोयला खनन के लिए स्ट्राटाटेक मिनरल प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित किया गया था।

मंत्री अहिरवार ने बताया कि आवंटन के बाद, वन (संरक्षण और विकास) अधिनियम, 1980 के तहत 1,397.54 हेक्टेयर वन भूमि के हस्तांतरण का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया, जिसकी अंतिम मंजूरी 9 मई 2025 को मिली। कोयला ब्लॉक क्षेत्र पेसा अधिनियम के अधिसूचित क्षेत्र में नहीं आता।' अहिरवार ने बताया कि 1,397.54 हेक्टेयर क्षेत्र में 5,70,667 पेड़ काटने की अनुमति दी गई है, जिसमें से अब तक 33,000 पेड़ काटे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की शर्तों का पालन करते हुए अन्य जिलों जैसे आगर मालवा, रायसेन, शिवपुरी और सागर में 13.97 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने धमकी या स्थानीय अधिकारों पर असर के आरोपों को भी गलत ठहराया। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पेसा अधिनियम पर सफाई देते हुए कहा कि सिंगरौली जिले में आदिवासी आबादी कम होने के कारण यह कानून कभी लागू ही नहीं हुआ। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने इस घटना को 'पर्यावरणीय त्रासदी और स्थानीय आदिवासी समुदायों के लिए आपदा' करार दिया। उन्होंने परियोजना के लिए कानूनी और पर्यावरणीय मंजूरियों में कई उल्लंघनों का आरोप लगाया तथा केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों पर अडानी समूह को लाभ पहुंचाने का इल्जाम लगाया। कांग्रेस ने धीरौली कोयला खनन परियोजना का मुद्दा कई बार उठाया है।

# गोवा के नाइटक्लब में आधी रात भीषण आग से 25 की मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** उत्तर गोवा जिले के अरपोरा गांव में एक नाइटक्लब में शनिवार-रविवार की दरमियानी देर रात करीब ढाई बजे भीषण आग से 25 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ज्यादातर क्लब के किचन स्टाफ हैं, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मृतकों में चार पर्यटक भी हैं। क्लब के मालिक और जनरल मैनेजरों के खिलाफ स्न्नढ्ढक्र दर्ज की गई है और गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। घटना ने गोवा के नाइटलाइफ और अवैध निर्माणों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच पूरी होने तक क्लब को सील कर दिया गया है। हादसा जिस नाइटक्लब में हुआ उसका नाम 'बर्च बाय रोमियो लेन' है। यह क्लब पिछले साल ही शुरू हुआ था और पर्यटन सीजन में युवाओं व पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय था। क्लब राजधानी पणजी से क़रीब 25 किलोमीटर दूर अरपोरा में है। गोवा के पुलिस महानिदेशक अलोक कुमार ने पीटीआई को बताया कि आग की शुरुआत रसोई में रखे गैस सिलेंडर के फटने से हुई। मृतकों की संख्या बढ़ रही है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार सुबह पत्रकारों से कहा था, '23 में से सिर्फ तीन लोगों की मौत जलने से हुई है, बाकी सभी की मौत घुटन के कारण हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार क्लब ने अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया था।

## प्रयागराज मण्डल में चालू वित्तीय वर्ष में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान

- **चेकिंग अभियानों में करीब 7.96 लाख से अधिक यात्री किए गए प्रभारित। 54.67ल करोड़ से अधिक जुर्माना।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज–** मंडल मण्डल रेल प्रबन्धक, रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/कोचिंग, हरिमोहन के नेतृत्व में रेल यात्रियों को सुरक्षित, सुखद और आरामदायक यात्रा के साथ बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रयागराज मण्डल ने बिना टिकट अनियमित टिकट, अनबुक लगेज एवं गंदगी फैलाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्टेशनों एवं ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाये ।

प्रयागराज मण्डल में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल से नवंबर माह तक चलाये गए चेकिंग अभियानों में बिना टिकट, अनियमित टिकट, अनबुक लगेज एवं गंदगी फैलाते हुए कुल 7.96 लाख यात्रियों को प्रभारित कर 54.67 करोड़ रुपये जुर्माने स्वरूप वसूल किए । इनमें से 3,78,154 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिनसे 32,73,27,546 रुपये जुर्माने स्वरूप वसूल किया गया । 3,96,133 यात्रियों को अनियमित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिनसे 21,60,78,389 रुपये जुर्माना वसूल किया गया । 22,566 यात्रियों के बिना बुक किए गए सामान एवं गंदगी फैलाने वालों से 33,14,124 रुपये जुर्माना वसूल किया गया।

प्रयागराज मण्डल में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के नवंबर माह में चलाये गए चेकिंग अभियानों में बिना टिकट, अनियमित टिकट, अनबुक लगेज एवं गंदगी फैलाते हुए कुल 1.19 लाख यात्रियों को प्रभारित कर 8.18 करोड़ रुपये जुर्माने स्वरूप वसूल किए । इनमें से 53,639 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिनसे 4,69,61,860 रुपये जुर्माने स्वरूप वसूल किया गया । 63,149 यात्रियों को अनियमित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिनसे 3,44,48,639 रुपये जुर्माना वसूल किया गया । 2684 यात्रियों के बिना बुक किए गए सामान एवं गंदगी फैलाने वालों से 4,39,860 रुपये जुर्माना वसूल किया गया।

# मिनी कुंभ की तर्ज़ पर आयोजित होगा माघ मेला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** संगम की रेती पर इस बार माघ मेले में आकर श्रद्धालु पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं. इस बार 75 वर्षों के बाद यानि 76वें वर्ष में सूर्य मकर राशि में अपने ही दिन यानी रविवार को प्रवेश कर रहे हैं. जिससे माघ मेले में अद्भुत संयोग बना रहा है. यही वजह है कि योगी सरकार भी माघ मेला 2025-26 को मिनी कुंभ के तौर पर आयोजित कर रही है. खुद सीएम योगी आदित्यनाथ माघ मेले की तैयारियों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं. हर साल संगम की रेती पर प्रयागराज में माघ मास में माघ मेले का आयोजन होता है. तो वहीं 6 साल पर कुंभ और 12 साल पर महाकुंभ का आयोजन होता है. ?लेकिन इस बार माघ मेले में ऐसा अद्भुत संयोग बना रहा है कि जो लोग महाकुंभ में नहीं आ सके, इस माघ मेले में आकर पुण्य के भागी बन सकते हैं. प्रयागराज की महिमा के बारे में गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है 'को कहि सकई प्रयाग प्रभाऊ, कलुष पुंज कुंजर मृगराऊ '. वहीं ऐसी मान्यता है कि माघ मास में जब सूर्य उत्तरायण होते हैं और सूर्य की किरणें जब गंगा और यमुना के जल में पड़ती है तो जल की बूंदें अमृत समान हो जाती है, जिसमें स्नान से सभी पाप धुल जाते हैं. काया का शुद्धिकरण हो जाता है।

इसी वजह से गोस्वामी तुलसीदास जी ने माघ मास की महिमा का बखान करते हुए कहा है. 'माघ मकर रवि कर गाति होई, तीरथ पतिहिं आव सब कोई ', 'देव दनुज किन्नर नर श्रेनी, सादर मज्जहिं सकल त्रिवेनी' यानि माघ मास में लगने वाले माघ मेले की महिमा का बखान नहीं किया जा सकता. सूर्य का योग सूर्य के दिवस से ही शुरू हो रहा है. जिस दिन सूर्य उत्तरायण होंगे उस दिन रविवार है, यह अद्भुत संयोग 75 वर्षों बाद 76 वें वर्ष में हो रहा है. रविवार को आदित्यवार भी कहा गया है. उनके मुताबिक इस संयोग में संगम की त्रिवेणी में स्नान और दान का विशेष महत्व है और इससे जनमानस का भी कल्याण होगा. कुंभ के दौरान स्नान करने से जिस पुण्य की प्राप्त होती है. वही पुण्य इस बार के माघ मेले में स्नान से भी प्राप्त होगा. योगी सरकार भी महाकुंभ के बाद आयोजित होने जा रहे इस माघ मेले को मिनी कुंभ के तौर पर आयोजित कर रही है. योगी सरकार ने माघ मेले के क्षेत्रफल को 750 हेक्टेयर से बढ़कर 800 हेक्टेयर कर दिया है।

मेले एक अतिरिक्त सेक्टर बनाया जा रहा है. 6 के बजाय 7 सेक्टर बनाए जा रहे हैं. एक अतिरिक्त पांटून ब्रिज छह के बजाय सात पांटून ब्रिज बनाए जा रहे हैं. योगी सरकार के पूर्व मंत्री और बीजेपी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह के मुताबिक 2025 में दिव्य, भव्य और सुरक्षित महाकुंभ आयोजित हुआ था. उन्होंने कहा है कि माघ मेला जल्द आ रहा है. 2019 के कुंभ में जहां करीब 24 करोड़ लोग आए थे. इसलिए सरकार का अनुमान है कि इस बार 15 से 18 करोड़ लोग आ सकते हैं. उसके मुताबिक ही मेले की तैयारी हो रही है. मेले का क्षेत्रफल, पांटून ब्रिज, अस्पतालों की क्षमता बढ़ाई जा रही है. संगम की धरती पर पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर्व 3 जनवरी 2026 से 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक माघ मेले का आयोजन होगा. 44 दिनों तक चलने वाले इस माघ मेले में जहां करीब 25 लाख श्रद्धालु पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर्व से लेकर एक फरवरी माघी पूर्णिमा तक कल्पवास का संकल्प लेकर कल्पवास करेंगे. वहीं पूरे माघ मेले के दौरान करोड़ों श्रद्धालु, साधु संत और कल्पवासी आस्था की डुबकी भी लगाएंगे. जिससे पूरे 44 दिनों तक संगम की रेती पर धर्म और अध्यात्म की बयार बहती रहेगी.माघ मेले में कुल 6 प्रमुख स्नान पर्व होते हैं. पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा 3 जनवरी को होगा, दूसरा स्नान पर्व मकर संक्रांति 15 जनवरी, तीसरा और सबसे बड़ा स्नान पर्व मौनी अमावस्या 18 जनवरी, चौथा स्नान पर्व बसंत पंचमी 23 जनवरी और पांचवा स्नान पर एक फरवरी को माघी पूर्णिमा का होगा.माघी की पूर्णिमा पर ही बड़ी संख्या में कल्पवासी अपना संकल्प पूरा कर त्रिवेणी स्नान के बाद वापस घर लौट जाते हैं. कुछ श्रद्धालु माघ मेले के समापन 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक यहां पर रुकते हैं. इस तरह से मेले का समापन 15 फरवरी महाशिवरात्रि के स्नान पर्व के साथ हो जाएगा. 3 जनवरी पौष पूर्णिमा, 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 को मौनी अमावस्या, 30 जनवरी को बसंत पंचमी 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के साथ स्नान पर्व के साथ मेले का समापन होगा. 3 जनवरी पौष पूर्णिया से कल्पवासियों की बड़ी संख्या एक फरवरी माघी पूर्णिमा तक रहेगी. माघ मेले में 20 से 25 लाख कल्पवासी, एक माह का प्रवास करते हैं. कल्पवासियों की पूरे एक माह कठिन तपस्या और साधना चलती है. इसके साथ ही प्रमुख स्नान पर्वों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचते हैं. पूरे माघ मेले के दौरान डेढ़ महीने में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे. सिंचाई विभाग माघ मेले में 10 हजार क्यूसेक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा.नमामि गंगे को जल की शुद्धता बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. पावर कॉरपोरेशन नियमित विद्युत आपूर्ति के साथ ही बिजली सुरक्षा की व्यवस्था करेगा. पीडब्ल्यूडी कनेक्टिंग मार्गों के साथ-साथ 7 पांटून ब्रिज बनाए जा रहे हैं और 160 किमी की चकर्ड प्लेट लोक निर्माण विभाग द्वारा बिछाई जा रही है. जिससे लोगों को आवागमन में कोई दिक्कत ना हो. यूपी जल निगम द्वारा 242 किमी पेयजल लाइन बिछाई जाएगी।

85 किमी सीवर लाइन बिछाने की कार्रवाई होगी. ताकि गंगा और यमुना नदियों में सीवर का एक बूंद का रिसाव ना होने पाए. यूपी पावर कारपोरेशन की ओर से 25 अस्थाई विद्युत सब स्टेशन बनाए जाएंगे. सिंचाई विभाग की ओर से बढ़ निरोधक उपाय किए जाएंगे. सिंचाई विभाग शुद्ध पेयजल आपूर्ति भी सुनिश्चित करेगा. मेले का दायरा बढ़ाया गया है. 800 हेक्टेयर में 7 सेक्टर में मेला बसाया जाएगा. अलग-अलग दिशाओं से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 42 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है. यूपी पुलिस द्वारा भी मेले को सकुशल संपन्न करने के लिए पर्याप्त पुलिस कार्मिकों को तैनात किया जा रहा है. मेला क्षेत्र में 17 थाने, 42 चौकियां, 20 फायर टेंडर, सात अग्निशमन चौकी, 20 अग्निशमन के वॉच टावर, एक जल पुलिस थाना, एक जल पुलिस कंट्रोल रूम और गोताखोर तैनात किए जाएंगे. सरकार माघ मेले के इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए हर संभव तैयारी कर रही है. 8 किमी डीप वाटर बैरिकेडिंग भी पुलिस द्वारा बनाई जाएगी. नगर विकास विभाग द्वारा सीसीटीवी कैमरे से और एक आई युक्त 400 कैमरे से क्राउड मैनेजमेंट, क्राउड डेंसिटी एनालिसिस और इंसिडेंट रिपोर्टिंग की जाएगी. स्वच्छता निगरानी की भी व्यवस्था कैमरे के माध्यम से की जाएगी. ट्रैफिक और क्राउड मैनेजमेंट के लिएअंतर्जनपदीय और अन्तर्राज्यीय कार्य योजना विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं. 3800 परिवहन निगम की बसें लगाई जाएंगी. 3000 परिवहन निगम की बसें होंगी, 75 शटल बसें होंगी. शहर से मेला क्षेत्र और मेला क्षेत्र से शहर लाने के लिए इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी. 200 बसें रिजर्व में रहेंगी. माघ मेले में महाकुंभ मेले की तर्ज पर टेंट सिटी भी बसाई जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## विधायक ने इगुनिया में पीसीसी पथ निर्माण का किया शिलान्यास



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोज कुमार यादव ने रविवार को ग्राम इगुनिया में दिनेश सिंह के घर से उमेश ठाकुर के घर तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। लंबे समय से सड़क निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे ग्रामीणों में इस पहल को लेकर खुशी देखी गई। शिलान्यास समारोह के दौरान विधायक यादव ने कहा कि इगुनिया के लोगों की यह बहुप्रतीक्षित मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सड़क के शेष हिस्से का निर्माण कार्य भी शीघ्र ही प्रारंभ कर पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसरोकार से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देना ही उनका संकल्प है। साथ ही उन्होंने इगुनिया के प्रति अपने भावनात्मक जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीतिक जीवन में यहां के लोगों का समर्थन सदैव उन्हें मिलता रहा है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अरविंद सिंह ने किया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, मुखिया संघ अध्यक्ष विरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, स्थानीय मुखिया पप्पू रजक, जीप प्रतिनिधि सुधीर कौशल, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह, समिति सदस्य युगल तुरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रेड कार्ड कंपनी का बिजनेस मीटिंग सम्पन्न, इलेक्ट्रीशियनों को किया गया सम्मानित



**चंदवा, झारखंड:-** निशु इलेक्ट्रिक शॉप में रेड कार्ड कंपनी द्वारा रविवार को भव्य बिजनेस मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें मॉड्यूलर स्विच, सॉकेट और उन्नत लाइटिंग सेंसर से लैस नवीनतम उत्पादों की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। कार्यक्रम में रेड कार्ड के प्रतिनिधियों ने बताया कि कंपनी के मॉड्यूलर स्विच सॉकेट न केवल टिकाऊ हैं, बल्कि आधुनिक तकनीक से लैस होने के कारण ऊर्जा बचत और सुरक्षा दोनों दृष्टिकोण से बेहद उपयोगी हैं। और सभी प्रोडक्ट में 20 साल की गारंटी है। मीटिंग में क्षेत्र के 30 से अधिक इलेक्ट्रीशियन मौजूद रहे। मौके पर सभी इलेक्ट्रीशियनों को गिफ्ट और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। रेड कार्ड टीम ने प्रतिभागियों को सुरक्षित तरीके से विद्युत कार्य करने के महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए, साथ ही यह भी समझाया कि कंपनी के उत्पाद किस तरह काम करते हैं और उनमें क्या विशेषताएँ शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों के लिए लंच की व्यवस्था की गई। उपस्थित इलेक्ट्रीशियनों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ उनके प्रोफेशनल विकास के लिए भी बेहद उपयोगी साबित होते हैं।

## भाजपा के पूर्व जिला मंत्री वशिष्ट दत्त पाण्डेय का निधन: बलिया में शोक सभा, कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**बलिया।** भाजपा के पूर्व जिला मंत्री वशिष्ट दत्त पाण्डेय के निधन पर रविवार को टीडी चौराहा स्थित पं. दीन दयाल चबूतरा पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित इस शोक सभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्व. पाण्डेय के कृतित्व और व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वशिष्ट दत्त पाण्डेय सादगीपूर्ण जीवन, उच्च विचार और परोपकार की भावना से प्रेरित थे। वे समाज में पीड़ितों और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। कोई भी परेशान व्यक्ति जब उनके पास पहुंचता, तो वे अपने काम छोड़कर उसकी बात ध्यान से सुनते और यथासंभव मदद करते थे। संगठन और समाज के प्रति उनका अद्भुत संतुलन सभी के लिए प्रेरणा था। शोक सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत नेता की याद में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने कहा कि वशिष्ट दत्त पाण्डेय जैसे त्यागी और सरल व्यक्तित्व विरले ही मिलते हैं। इस अवसर पर राजीव मोहन चौधरी, संजय राय, सत्य प्रकाश सिंह, अनूप सिंह, शत्रुघ्न राय, सोनू सिंह, संजय चौबे, अमित सिंह, पंकज राय, ओम नारायण चौबे, मंटू सिंह, अवनीश शुक्ला, देवेन्द्र सिंह, दिग्विजय सिंह, अभिषेक बाबू और श्रीवास्तव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत की पावन धरा पर विदेशी आक्रांताओं के नाम पर मस्जिद का निर्माण भारतीय अस्मिता पर चोट - हिन्दू विचार मंच पाकुड़िया इकाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** भारत वर्ष जैसे पंथनिरपेक्ष प्रजातांत्रिक राष्ट्र की पवित्र धरा पर विदेशी आक्रांताओं के नाम पर मस्जिद का निर्माण हिन्दू विचार मंच पाकुड़िया इकाई ने भारतीय राष्ट्र की अस्मिता पर गहरी चोट बताया है। हिन्दू विचार मंच ने अपनी अभिव्यक्ति में कहा है कि मस्जिद मुस्लिम भाइयों का सामूहिक इबादत का पवित्र स्थल है और भारत वर्ष की पवित्र भूमि पर विदेशी आक्रांता बाबर के नाम पर जिसने भारत की पावन भूमि पर अमानवीय कृत्य करते हुए असंख्य लोगों विशेषकर सनातनियों की नृशंस हत्या करा कर अनगिनत मंदिरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया और मस्जिदें खड़ी कराई जिसके प्रमाण बाबरनामा में मिलते हैं और जिसकी पुष्टि पुरातत्व विभाग की खुदाई से मिलती रही है। मस्जिद निर्माण पवित्र कर्म है इस पर किसी प्रकार की बाधा या आपत्ति किसी भी सनातनी को नहीं है। लेकिन मस्जिद का निर्माण देश में कहीं भी किसी भारतीय मुस्लिम धर्मगुरु या राजनेता के स्मरण में होने पर किसी भारतीय तथा विशेष रूप से सनातनियों को किसी प्रकार की आपत्ति या विरोध नहीं होता। परंतु बाबर जैसे आक्रांता के नाम पर मस्जिद निर्माण करना स्वतंत्र भारतीय राष्ट्र में विदेशी आक्रमणकारी बाबर का महिमामंडन करने के उद्देश्य से मस्जिद की नींव रखना सनातन और भारत विरोधी मानसिकता है जो भारत में अराजकता पैदा कर भारत की सामूहिक प्रगति को पुनः बाधित करेगा। मंच ने बाबरी मस्जिद निर्माण के पक्षकार मुस्लिम धर्मगुरुओं एवं मुस्लिम नेताओं की प्रतिक्रिया पर कहा है कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद को जबरन ध्वस्त कर राम मंदिर का निर्माण करने पर मुस्लिम समाज में काफी रोष रहा है पर बंगाल में बेलडांगा के निकट उसी 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद निर्माण की नींव रखना क्या संविधान विरोधी या अनुचित नहीं कहा जाएगा? वहीं मुस्लिम विद्वानों द्वारा बाबरी मस्जिद निर्माण के पक्ष में दिए गए कथन पर अपनी तीव्र प्रतिक्रिया में मंच ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश के मुस्लिम भाइयों को यह भली-भांति ज्ञात होना चाहिए कि श्रीराम मंदिर राम जन्मभूमि की पवित्र धरा पर 495 वर्षों के भीषण संघर्षों के बाद जिसमें भारत के मुस्लिम भाइयों का भी प्रशंसनीय सहयोग रहा है और दूसरी ओर उक्त स्थल पर भारतीय पुरातत्व विभाग के सर्वेक्षण तथा खुदाई में मंदिर के चिन्ह मिलने के बाद सर्वोच्च न्यायालय में वाद-विवाद के उपरांत श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर श्रीराम मंदिर का भव्य निर्माण संभव हुआ। क्या अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर विशाल मंदिर ध्वस्त कर बाबर ने मस्जिद का निर्माण नहीं किया? सनातन विरोधी आक्रांता बाबर यदि मंदिर को ध्वस्त न करता और कहीं खाली भूमि पर बाबरी मस्जिद का निर्माण कराता तो कोई विवाद नहीं रहता। पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तोड़कर उसी पर बाबरी नाम से मस्जिद का निर्माण करना आक्रमणकारी लुटेरे बाबर की सनातन विरोधी घृणित मानसिकता को दर्शाता है और उसकी पुनरावृत्ति बंगाल के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद निर्माण की नींव रखते हुए 6 दिसंबर 2025 को विधायक हुमाऊ कबीर ने की है जिससे भारतीय राष्ट्र में जिहादी मानसिकता को भड़काने तथा देश को असहज कर सामूहिक विकास की धारा को अवरुद्ध करने का प्रयास किया गया है। हिन्दू विचार मंच ने भारत के इतिहास के आलोक में कहा कि सनातन भूमि भारत वर्ष की केंद्रीय सत्ता पर किसी शक्तिशाली सम्राट का शासन सातवीं सदी में नहीं रहने से विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं जैसे मुहम्मद बिन कासिम, गोरी, गजनवी, बख्तियार खिलजी आदि लुटेरों ने अपार धन-संपदा की लूट-पाट की। दूसरी ओर देशी राजाओं के आपसी द्वेष के कारण भारत में मुगलों को आने का अवसर मिला। इसके बाद आए कुटिल अंग्रेज। सातवीं से बीसवीं सदी तक कुल तेरह सौ वर्षों तक मुस्लिम आक्रांताओं और अंग्रेजों की पराधीनता में असंख्य यातनाएँ झेलता रहा भारत और इस पराधीनता काल में व्यापक स्तर पर सनातनियों का धर्मांतरण तथा अमानवीय पीड़ाएँ झेलनी पड़ीं। अस्तु मदनी एवं अन्य मुस्लिम धर्मगुरुओं ने सार्वजनिक मंचों से कहा है कि अन्याय होने पर जिहाद किया जाएगा। बात-बात पर संविधान की बात करने वाले ऐसे मोलानाओं को यह अवश्य समझना चाहिए कि भारत पर तेरह सौ वर्षों की पराधीनता झेलने के बाद भी स्वतंत्र भारत के इतिहास में इस्लामिक देश पाकिस्तान निर्माण के केवल छह महीने बाद 1948 में ही जिहादी मानसिकता का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर राज्य पर आक्रमण कर एक हिस्सा हड़प लिया। लेकिन 'वसुधैव कुटुंबकम्' की अवधारणा तथा सहिष्णु वृत्ति के कारण सनातनियों को स्वतंत्र भारत में भी अब तक जिहाद जैसी बातें सुननी पड़ रही हैं। इस पर भारतवासियों विशेष रूप से सनातनियों को गंभीरता पूर्वक मंथन करना चाहिए कि विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं के महिमामंडन की यह प्रवृत्ति तथा भारत जैसे पंथनिरपेक्ष राष्ट्र में जिहादी मानसिकता वालों का प्रतिकार किस प्रकार किया जाना चाहिए। क्योंकि भारत वर्ष की पवित्र धरा स्वर्ग से भी बढ़कर है और इसकी रक्षा का पूरा दायित्व सनातनियों के शक्तिशाली कंधों पर है।



## घाघरा पार अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई: मनियर पुलिस ने 75,000 लीटर लहन और 10 भट्ठियां नष्ट



**बलिया।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मनियर थाना पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई अंजाम दी। पुलिस टीम ने घाघरा नदी के उस पार यूपी-बिहार बॉर्डर क्षेत्र में छापेमारी करते हुए करीब 75,000 लीटर अवैध अपमिश्रित लहन, शराब बनाने के उपकरण तथा 10 अवैध भट्ठियां नष्ट कर दीं। यह कार्रवाई एसपी ओमवीर सिंह के निर्देशन, एएसपी उत्तरी दिनेश चन्द्र शुक्ल और सीओ बांसडीह जयशंकर मिश्र के पर्यवेक्षण में की गई। जानकारी के मुताबिक, थानाध्यक्ष मनियर कौशल कुमार पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बॉर्डर क्षेत्र में छापेमारी की। मौके पर लहन, नौसादर, फिटकरी सहित भारी मात्रा में अवैध शराब तैयार करने की सामग्री मिली, जिसे नष्ट कर दिया गया। पुलिस के पहुंचने तक अवैध शराब निर्माता फरार हो चुके थे। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब निष्कर्षण पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

## सीएचसी बिरनी में ग्रामीण स्वास्थ्य प्रैक्टिशनरों के लिए एनवीबीडीसीपी पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गिरिडीह** सीएचसी बिरनी के मीटिंग हॉल में एमओआईसी डॉ. साकिब जमाल की अध्यक्षता में ग्रामीण स्वास्थ्य प्रैक्टिशनरों के लिए राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएचसी स्तर से बीपीएम जयशंकर कुमार, एमपीडब्लू टीम, तथा जिला स्तर से राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम कंसल्टेंट इंद्रदेव और एमटीएस संजीव शामिल हुए। साथ ही पिरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम ऑफिसर सुनील भी प्रशिक्षण में उपस्थित रहे और पूरा सहयोग दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिनमें शामिल हैं मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस और कालाजार। सभी ग्रामीण स्वास्थ्य प्रैक्टिशनरों को इन बीमारियों के लक्षण, पहचान, बचाव और उपचार से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा, आने वाले एमडीए राउंड को सफल बनाने में आरएचपी की भूमिका पर भी चर्चा की गई जैसे कि समुदाय को दवा खाने के लिए प्रेरित करना, लोगों में जागरूकता फैलाना, फाइलेरिया रोकथाम के कार्यों में सहयोग करना और ज़रूरत के अनुसार हाथ-से-हाथ मदद प्रदान करना। पूरे कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, सवाल पूछे और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम सफल रहा और सभी को महत्वपूर्ण तथा उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई।

# ओल्ड जीटी रोड पर ट्रेलर डिवाइडर से टकराकर पलटा, चालक घायल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बरही, झारखंड:-** बरही थाना क्षेत्र के ओल्ड जीटी रोड गया रोड स्थित रेलवे ब्रिज के समीप शनिवार रात लगभग 9 बजे एक ट्रेलर संख्या एनएल 01 के 4681 अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गया और पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रेलर सड़क के बीचों-बीच उलटकर आवागमन बाधित हो गया। घटना के तुरंत बाद मौजूद लोगों ने मदद कर पर पहुँचकर ट्रेलर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला और उसे प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई। इसकी जानकारी तत्काल बरही थाना को दी गई। सूचना मिलते ही बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल चालक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेजा, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद किरान मशीन की मदद से पलटे हुए ट्रेलर को सड़क किनारे हटाया गया और आवागमन को फिर से सामान्य किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज के सामने बने डिवाइडर के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। डिवाइडर की दूरी ब्रिज से मात्र 30 मीटर है और सड़क एक तरफ से ढलान पर होने के कारण रात्रि में नीचे उतरते वाहन चालकों को डिवाइडर दिखाई नहीं देता। लोगों ने बताया कि पहले भी यहाँ सांकेतिक चिन्ह लगाए गए थे, लेकिन वे दुर्घटनाओं को रोक पाने में असफल रहे। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से चिंतित स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि संभावित हादसों को रोकने के लिए कम से कम 50 मीटर डिवाइडर को हटाया जाए, जिससे सड़क सुरक्षित बनाई जा सके।

# बरही में सड़क दुर्घटना में मजदूर महिला की मौत, वाहन पकड़ाया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरही, झारखंड:-** बरही चौक पर रविवार को पैदल चल रहे महिला को मालवाहक ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बेंदगी ग्राम निवासी तपेश्वर रविदास की 35 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी उर्फ मीना देवी के रूप में हुई। बताया जाता है कि उर्मिला देवी एक संवेदक के पास दिहाड़ी मजदूरी करती थी। रविवार की सुबह वह घर से पैदल तिलैया रोड स्थित एक मकान में काम करने जा रही थी। इसी दौरान बरही चौक पर एक मालवाहक ट्रक संख्या यूपी 74 एटी 7095 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर हजारीबाग की ओर भगाने लगा, जिसे बाद में पदमा ओपी पुलिस व बरही पुलिस के सहयोग से वाहन को पकड़ लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडलीय अस्पताल में स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा, समाजसेवी दिनेश साव, पंसस प्रतिनिधि झमन यादव, अरविंद कुमार दास, नरेश साव, नंदकिशोर दास, मो. इनायत समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता पहुंच गए। अस्पताल परिसर में महिला-पुरुषों की भारी भीड़ जुट गई। मौजूद मुखिया व ग्रामीणों ने आश्रित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूर्ण कर शव को उनके परिजनों को सौंप दिया। इधर मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि उर्मिला देवी अत्यंत गरीब थी। उसके दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रही थी।



# अल्फ़ालह हेल्प डेस्क की ओर से पगमिल में वोटर लिस्ट मैपिंग शिविर आयोजित, बड़ी संख्या में लोग हुए लाभान्वित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**हज़ारीबाग, हजारीबाग:-** पगमील वार्ड नंबर 02 के मतदाताओं के लिए फ़हीमा स्कूल चौक स्थित अल्फ़लाह कॉलोनी में अल्फ़ालह हेल्प डेस्क की ओर से एक महत्वपूर्ण वोटर लिस्ट मैपिंग शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक चला, जिसमें बीएलओ सुनीता देवी ने मतदाताओं की मैपिंग प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा किया। समाजसेवी सबा करीम लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि क्षेत्र के सभी मतदाताओं की मैपिंग समय पर पूरी हो सके। उनका कहना है कि समय पर मैपिंग होने से मतदाता बिना किसी परेशानी के अपने मताधिकार का उपयोग कर पाएंगे और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में योगदान देंगे। यह शिविर मुख्यतः उन मतदाताओं की सहायता के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिनका नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है। शिविर में उपस्थित लोगों की प्रक्रिया तुरंत और सरल तरीके से पूरी की गई, जिससे उन्हें काफी सुविधा मिली। कई मतदाताओं ने इस मौके का लाभ उठाकर अपने रिकॉर्ड में आवश्यक सुधार और अपडेट करवाए। शिविर में सरताज आलम, महताब आलम, सैयद अफ़ज़ल, शमीम खान, एजाजुल हक़, राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक शामिल हुए। सभी ने इस पहल को मतदाताओं के लिए अत्यंत उपयोगी और सराहनीय बताया। अल्फ़ालह हेल्प डेस्क ने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे वोटर लिस्ट संबंधित जानकारी, सुधार और अपडेट के लिए ऐसे शिविरों में अवश्य भाग लें। यह न केवल जन-जागरूकता को बढ़ाएगा, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी को भी सुनिश्चित करेगा।

# ददरी मेले के समापन पर उमड़ा जनसैलाब, खरीदारी से पट गया मेला; मेला रास्ता कदम चौराहा पर लगा रहा जाम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलिया।** ऐतिहासिक ददरी मेले के अंतिम रविवार को आस्था और उत्साह का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह 9 बजे से ही लोगों का मेला क्षेत्र की ओर पहुंचना शुरू हो गया था। दोपहर होते-होते पूरा मेला मैदान खचाखच भर गया। इसी भीड़भाड़ के बीच रविवार को ददरी मेले का औपचारिक समापन भी संपन्न हो गया। कई दुकानदार अपनी दुकानें समेटकर लौटने लगे, लेकिन अधिकतर स्टॉल पूरी रौनक के साथ खुले रहे, जहां लोगों ने खूब खरीदारी की। बच्चों में झूले, चर्खी, जलपरी और मौत के कुएं के करतब का खास रोमांच दिखा। झूला और जलपरी के टिकट काउंटर पर देर शाम तक लंबी कतारें लगी रहीं। शहर के लोग शाम चार बजे के बाद बड़ी संख्या में पहुंचे और देर रात तक खरीदारी का सिलसिला चलता रहा। रात होते ही पूरा मेला क्षेत्र चमकदार रोशनी से जगमगा उठा। देर रात तक मेला परिसर भीड़ से भरा रहा, जिसके चलते कई स्थानों पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस को कई जगह फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटाना पड़ा। मेले में घूमने के बाद लोगों ने गुड़ही जलेबी, छोला और अन्य स्थानीय व्यंजनों का स्वाद जमकर लिया। सस्ते दामों पर सामान खरीदने वालों की भीड़ 'हर माल 10 और 25 रुपये' वाली दुकानों पर उमड़ती रही। मेला छोड़ते समय खजला खरीदना लोगों ने नहीं भूला।

### शहर में दिनभर रहा जाम, सबसे अधिक कदम चौराहा प्रभावित

ददरी मेले के कारण रविवार को पूरे शहर में जाम की स्थिति बनी रही। जगदीशपुर, ओवरब्रिज, स्टेशन मालगोदाम, कदम चौराहा, टोल टैक्स से लेकर मुख्य मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। सुबह 10 बजे के बाद भीड़ बढ़ने पर वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ते रहे। पटरी पर अतिक्रमण और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी के कारण पैदल चलना भी लोगों के लिए चुनौती बन गया। ट्रैफिक प्रभारी सुबह से शाम तक एक चौराहे से दूसरे चौराहे पर जाम छुड़ाने में जुटे रहे। चित्तू पांडेय चौराहा, स्टेशन रोड, रोडवेज तिराहा, टीडी कॉलेज चौराहा, मालगोदाम, जगदीशपुर, मिड्ढी और सबसे ज्यादा कदम चौराहा पर घंटों जाम लगा रहा। ओवरब्रिज पर दोनों ओर से वाहन फंस जाने से स्थिति और भी गंभीर हो गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

# नागरिक एकादश को हराकर जिलाधिकारी एकादश ने जीता मैच

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चित्रकूट:** जिला मुख्यालय के सोनेपुर स्थित जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति में दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट एवं चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब कर्वी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए जा रहे नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2025 को सद्भावना मैच रविवार को जिलाधिकारी एकादश व नागरिक एकादश के बीच खेला गया। जिसमें जिलाधिकारी एकादश ने नागरिक एकादश को आठ विकेट से हराकर सद्भावना कप पर कब्जा जमाया। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए जिलाधिकारी एकादश की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में नागरिक एकादश को 98 रनों पर रोक दिया। नागरिक एकादश की ओर से अभय श्रीवास्तव ने 12, स्वप्निल अग्रवाल ने 15, अतुल अग्रवाल ने 19 एवं रोहित गुप्ता ने 12 रनों का योगदान दिया। जिलाधिकारी एकादश के बली, डॉ विवेक, स्वप्निल को दो-दो विकट प्राप्त हुए। जवाब में जिलाधिकारी एकादश की टीम ने निर्धारित 99 रनों के लक्ष्य को 10.3 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर प्राप्त कर लिया एवं कप पर कब्जा जमाया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को उनके शानदार 27 रन बनाने एवं एक विकेट लेने पर उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। साथ ही जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को बेस्ट बैट्समैन, नागरिक एकादश के स्वप्निल को बेस्ट बॉलर, विधायक अनिल प्रधान को बेस्ट फील्डर एवं बेस्ट कीपर नागरिक एकादश के अमित अग्रवाल को चुना गया। समापन समारोह में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी रामबाबू गुप्ता, नेशनल हॉकी कोच डॉ प्रेम शंकर शुक्ला, नेशनल वालीबॉल रेफरी डॉ तुषारकांत शास्त्री, सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी न्यायिक केशव यादव, आशुतोष कुमार आदि ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को कप एवं पदक देकर सम्मानित किया। रविवार को हुए मैच में अंपायर फिरोज अंसारी व राहुल धुरिया, कमेंटेटर सर्वेश निगम व संतोष धुरिया तथा स्कोरर शशि भूषण सिंह रहे। टूर्नामेंट का अगला मैच पूल बी की मध्य प्रदेश की जबलपुर एवं उत्तर प्रदेश की कानपुर के मध्य खेला जाएगा।

# भैसौंधा पुलिस चौकी का एसपी ने किया उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चित्रकूट:** जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना भरतकूप अंतर्गत नव सृजित भैसौंधा चौकी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि थाना भरतकूप अंतर्गत भैसौंधा चौकी का उद्घाटन होने से चौकी क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों के ग्रामीण आसानी से अपनी शिकायत पुलिस दे पाएंगे। साथ ही पुलिस के भी मौके पर पहुंचने वाले समय में कमी आएगी। चौकी के उद्घाटन से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बढ़ेगी, जिससे आम-जनमानस में सुरक्षा का भाव पैदा होगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने चौकी क्षेत्र के समस्त चौकीदारों को कंबल भी वितरित किए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन/कार्यालय यामीन अहमद, प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव, प्रभारी निरीक्षक भरतकूप उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल, ग्राम प्रधान भैसौंधा सहित गाँव के सम्भ्रान्त नागरिक आदि मौजूद रहे।



# संक्षिप्त खबरें

## खाद लेने मुख्यालय आये किसान की बाइक टक्कर से मौत

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम घटवार में रहने वाले सोनू कुशवाहा पुत्र चन्दन कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 3 दिसम्बर की शाम करीब 6 बजे उसके पिता चन्दन खाद लेने ललितपुर आये हुये थे, जहां से वह गांव वापस जा रहे थे। बताया कि घटवार जाते समय जैसे ही वह मसौरा बैरियल के पास पहुंचे, तो हाई-वे के पास मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एल. 0447 के चालक ने तेजी व लापरवाही से उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उन्हें सिर व शरीर में गंभीर रूप से चोट आ गयी। वहां मौजूद लोगों ने उसके पिता को उपचार के लिए एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें झांसी रेफर कर दिया। जब वह अपने पिता को झांसी एम्ब्युलेंस के जरिए ले जा रहा था, तभी तालबेहट के पास उसके पिता की मौत हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकली



### ग्राम बन्देसरा में 7 दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ, 14 दिसंबर को होगा भंडारा

**तालबेहट।** ग्राम बन्देसरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। प्रथम दिवस की इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, ग्रामीण व श्रद्धालु शामिल हुए। गांव के तालाब से पवित्र जल भरकर कलशों की स्थापना की गई। आयोजकों ने बताया कि 7 दिवसीय यह कथा महोत्सव वेदांताचार्य, महामंडलेश्वर बालकराम दास जी महाराज के मुखारविंद से प्रतिदिन रसपूर्ण प्रवचनों के साथ संपन्न होगा। कथा स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है तथा ग्रामीणों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल है। आगामी 14 दिसंबर को कथा की पूर्णाहुति, हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र भर से श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान गीता मनोहर यादव हैं, जिन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## रामपुर गांव में समूह से लोन दिलाने के नाम पर ठगी




### 25 महिलाओं से एक लाख रुपये ऐंठे जाने का आरोप
### पीड़ित महिलाओं ने कोतवाली में दिया प्रार्थनापत्र

**तालबेहट।** विकासखण्ड के ग्राम रामपुर के बड़ाहार में समूह के नाम पर महिलाओं से ठगी का मामला सामने आया है। गांव की लगभग 25 महिलाओं ने एक महिला पर लोन दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिलाओं ने इस संबंध में कोतवाली तालबेहट में प्रार्थनापत्र देकर न्याय की मांग की है।

शिकायती पत्र में महिलाओं ने आरोप लगाया कि मेवा कुशवाहा पत्नी साकूलाल कुशवाहा, निवासी ग्राम रामपुर ने समूह से लोन दिलाने का झांसा देकर प्रत्येक महिला से अलग-अलग रकम जुटाकर कुल मिलाकर एक लाख रुपये झांसा देकर ले लिए। महिलाओं का कहना है कि घटना को छह माह बीत चुके हैं, न तो लोन मिला और न ही उनकी जमा की गई रकम वापस की गई है। पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि जब वे अपने रुपये वापस मांगती हैं तो विपक्षी गालीगलौज करती है तथा रकम लौटाने से साफ इनकार कर देती है। इससे ग्रामीण महिलाओं में रोष व्याप्त है।

महिलाओं ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से मांग की है कि उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाई जाए तथा विपक्षी महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रार्थना पत्र में बिमला, रेखा सहित ग्राम की 25 महिलाओं के हस्ताक्षर शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ओबरा, सोनभद्र में सेवा और आस्था का महासंगम एसडीएम ने स्वयं किया खिचड़ी वितरण, श्रद्धालुओं से की बातचीत

**●सेवा और आस्था का महासंगम ओबरा, सोनभद्र में श्री राम सेवा समिति का 16वां विशाल खिचड़ी भंडारा संपन्न**

**ओबरा एसडीएम ने स्वयं किया खिचड़ी वितरण, श्री राम सेवा समिति के नेक कार्य की सराहना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ओबरा, सोनभद्र (उत्तर प्रदेश)-** औद्योगिक नगरी सोनभद्र के ओबरा क्षेत्र में, श्री राम सेवा समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को हनुमान मंदिर पर आयोजित होने वाला विशाल खिचड़ी भंडारा आज सामाजिक समरसता और प्रशासनिक भागीदारी का अनूठा उदाहरण बन गया। हिंदू सनातन धर्म के प्रति सेवा और समर्पण की भावना दर्शाते इस आयोजन का 16वां सप्ताह 6 दिसंबर, शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आज के पावन आयोजन में, ओबरा के एसडीएम (उप-जिलाधिकारी) विवेक कुमार सिंह ने लेखपाल अमित कुमार के साथ विशेष रूप से शिरकत की। एसडीएम ने न केवल स्वयं प्रसाद वितरण कार्य में साझेदारी की, बल्कि खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करने आए हजारों श्रद्धालुओं और जरूरतमंदों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत भी की। संवाद के दौरान, एसडीएम ने लोगों की कुशल-क्षेम पूछी और भंडारे के अनुभव पर राय ली। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा यह समिति बहुत ही नेक कार्य कर रही है, और सभी का पेट भरना एक मानव का दूसरे मानव के प्रति कर्तव्य है। मुझे उम्मीद है कि यह प्रसाद आपको शक्ति और प्रसन्नता देगा। प्रसाद ग्रहण कर रहे लोगों ने भी एसडीएम के इस सहज और विनम्र व्यवहार की हृदय से सराहना की और समिति के कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।समिति के कार्य की प्रशंसा करते हुए, एसडीएम विवेक कुमार सिंह ने इस पहल को पुण्य का कार्य बताया। उन्होंने जोर देकर कहा ऐसा पुण्य का कार्य बहुत ही कम लोग करते हैं। सभी को पुण्य का कार्य करना चाहिए। ऐसा कार्य करने से कोई भूखा नहीं रहेगा और हिंदू सनातन धर्म को एक भाईचारा बनाकर चलेगा।उन्होंने समिति को धन्यवाद दिया और यह भी आश्वासन दिया कि सरकारी कार्य से फुर्सत मिलते ही वे इस कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य के भागी बनने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे।समिति के अध्यक्ष एवं आयोजक, पत्रकार अजीत प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि यह अटूट भंडारा वर्ष 2025 में 23 अगस्त (शनि अमावस्या) से निरंतर चल रहा है, जिसे स्थानीय समुदाय का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त है। गुप्तकाशी के नाम से जाने जाने वाले सोनभद्र में, समिति इस सेवा कार्य के माध्यम से गरीबों की सेवा करने के साथ-साथ देश में भाईचारा बनाए रखने, स्वच्छ एवं साफ नीति को बढ़ावा देने और हिंदू सनातन धर्म को एकजुट करने का व्यापक संदेश दे रही है। आयोजक अजीत सिंह का दृढ़ मत है कि किसी जरूरतमंद को भोजन कराने से बड़ा कोई धर्म नहीं है। एसडीएम की उपस्थिति और लोगों से सीधे संवाद ने इस आयोजन को न केवल प्रशासनिक बल दिया है, बल्कि सामाजिक समरसता के प्रति एक महत्वपूर्ण उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। श्री राम सेवा समिति की इस नेक पहल को आगे बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं श्री राम सेवा समिति के संरक्षक ओम प्रकाश सिंह, सर्वेश दुबे, संकट मोचन झा, राजू श्रीवास्तव अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह उपाध्यक्ष पुष्पा दुबे सचिव सरिता सिंह कोषाध्यक्ष रीता कुमारी सक्रिय सदस्य मनोज कुमार, अमित गुप्ता, दीपक माली श्री राम सेवा समिति का यह साप्ताहिक भंडारा, जिसे अब ओबरा एसडीएम का व्यक्तिगत सहयोग मिल रहा है, ओबरा में सामाजिक सेवा और भाईचारे की एक नई और मजबूत नींव रख रहा है। इस बर खिचड़ी का भंडारा राजू श्रीवास्तव से किया गया।

# मुशायरे में शायरों ने पढ़े उम्दा कलाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था वान ए गजल मध्य प्रदेश के तत्वाधान में कौमी एकता एवं मुशायरा का कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी बदरूद्दीन कुरैशी ने की। जबकि मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को गति दी। पश्चात उज्जैन की नौजवान शायर नवाज असीमी ने नाते पाक एवं मनीष अंजुम सोनी ने सरस्वती वंदना पढ़कर कार्यक्रम का आगाज किया। इस मौके पर नगर के शायर व गीतकार करीम असर ललितपुरी की साहित्यिक 50 वर्षों की सीमाएं एवं देश-विदेश में जिले का नाम रोशन करने के लिए संस्था की ओर से शासन की राज्यमंत्री ने शाल उड़ाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नैनीताल से आए कवि मोहन ने शेर पढ़ते हुए कहा कि पांव दाबू मां बाप के तो खुशी मिले, बैसूद दुनिया पे चलने से फायदा क्या। झांसी के शायर जब्बार शारिब ने कुछ यूं कहा कि मैं तो सूरज हूं कभी रात में नहीं, निकलता वह मुझसे मिलने मगर दिन में भी नहीं आती। नोमान के शायर हाशिम नोमानी ने कहा कि कब्र के अंदर भी तो चैन नहीं मिलता कब्र के अंदर भी जिंदा रहना पड़ता है। सूफयानी काजी ने कहा एल्म और तहजीब का खजाना है, जिससे रोशन गरीब खाना है। प्रतापगढ़ से राजीव राज ने कहा कि अभी भी वक्त के गुलेल में हूं अजब बात है कि कैसे खेल में हूं वह कत्ल करके भी संसद भवन में बैठे हैं। मैं एक रोटी चुरा के तिहाड़ जेल में हूं। एमआर सोज ने कहा कि रेजा रेजा विखर गया हूँ, मै अपने साये से डर गया हूं। असर ललितपुरी ने कहा शहर में दुश्मन के बार क्या करते हम ने तलवार दिखाई रख ली। मौके पर अबरार दानिश महिदा, असरार चंदे, रवि मंजर भोपाली ने भी कार्यक्रम में खूब भी वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के प्रारंभ में यही ललितपुरी ने अतिथियों को वैच लगा कर सम्मानित किया। इस दौरान मनमोहन संज्ञा, भारत राजा, विजय जैन, रविशंकर एड., अख्तर अब्दुल रहमान, कलानाथू उस्ताद, रवि शंकर, डा.शिवनारायण, आरिफ खान, मासूम कौसर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में बाबू बदरुद्दीन कुरैशी ने आभार जताया।

## महिला पर लोहे की रॉड से हमला, सिर फटा

**ललितपुर।** राजकीय महाविद्यालय के पास स्थित मा.कांशीराम कालोनी में निवासरत राजकुमारी पत्नी अशोक कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 6 दिसम्बर को शाम करीब 5 बजे संजना पुत्री मुकेश, रंजीत पुत्र मुकेश, गिरजा पत्नी मुकेश व अज्ञात लोगों ने आरएमव्ही कॉलेज के पास उसके घर में घुस आये और बिना कारण गालियां देते हुये लाठी-डण्डों व लोहे की रॉड से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बीच-बचाव करने पर पुत्री व पति आये तो उनके साथ भी मारपीट कर दी। आरोप है कि संजना ने उसके सिर में लोहे की रॉड मार दी, जिससे उसका सिर फट गया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस आ गयी, वह उसे अस्पताल उपचार के लिए भेजा। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 352, 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## भारतीय जैन मिलन की मासिक बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट ।** भारतीय जैन मिलन बहुमंडल वासुपूज्य जिनालय शाखा की मासिक बैठक शाखा अध्यक्ष अलका जैन के आवास पर आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भक्तामर पाठ के साथ हुआ, जिसके पश्चात जैन तीर्थ रक्षा अभियान के अंतर्गत सामूहिक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य संयोजक नीतू जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जैन मिलन द्वारा आगामी 25 दिसंबर को दोपहर 2 बजे जूम ऐप पर राष्ट्रीय महिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई। महामंत्री शिखा मोदी ने सम्मेलन को सफल बनाने हेतु सभी से सक्रिय भागीदारी का अनुरोध किया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहीं अलका पवैया ने बताया कि सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में 12 से 17 जनवरी 2026 के बीच पंचकल्याणक महामहोत्सव आयोजित होगा, जिसमें शाखा की सामूहिक सहभागिता आवश्यक है। शाखा प्रमुख राखी भंडारी ने शीतकालीन वाचनाओं हेतु मुनि सुव्रत सागर महाराज के सानिध्य प्राप्त करने के प्रयासों पर जोर दिया। उपाध्यक्ष स्वाति भंडारी ने प्रत्येक चतुर्दशी को होने वाली महाआरती में प्रश्न मंच आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। संगठन मंत्री सोनम जैन ने शाखा विस्तार और क्षेत्रीय बैठकों में सक्रियता बढ़ाने की बात कही। संयुक्त मंत्री सौम्या जैन के नेतृत्व में दिमागी कसरत से जुड़े खेलों का आयोजन किया गया। बैठक में आकांक्षा जैन, सारिका जैन, जूली जैन, पिंकी जैन, रोशनी जैन, प्रियंका जैन, अमृता जैन, निधि जैन सहित अनेक सदस्य मौजूद रहीं। बैठक का संचालन शिखा जैन ने किया तथा आभार स्वाति जैन ने व्यक्त किया।

# पुलिस लाइन्स में वामा सारथी ने किया बेलनेस कैम्प का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** पुलिस फैमिली बेलफेयर एसोसिएशन उ.प्र. (वामा सारथी) के तत्वाधान में तथा पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में आयुष विभाग के सहयोग से वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर पर किया गया। उद्घाटन वरिष्ठ अधिकारियों एवं वामा सारथी की प्रतिनिधि टीम द्वारा किया गया। कैम्प का उद्देश्य पुलिस कर्मियों, महिला कार्मिकों तथा उनके परिवारों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु आयुष पद्धति आधारित उपचार, परामर्श एवं जागरूकता सेवाएं प्रदान करना रहा। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श, योग एवं प्राणायाम सत्र, तनाव-नियंत्रण एवं मानसिक स्वास्थ्य वर्कशॉप, नाड़ी परीक्षण एवं हर्बल मेडिसिन वितरण, पुलिस कर्मियों के लिए विशेष हेल्थ-चेकअप, महिलाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आदि सुविधाएं मुहैया करायी गयी थीं। शिविर में ललितपुर पुलिस के बड़ी संख्या में अधिकारी/कर्मचारीगण एवं उनके परिवारीजन द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। जिले की वामा सारथी की अध्यक्षा ललिता कुमारी ने वामा सारथी की इस पहल को पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वेलनेस कैम्प पुलिस बल के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाते हैं, और आगे भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे कि ललितपुर पुलिस के प्रत्येक पुलिस कर्मी व उसके परिवार को स्वस्थ, सशक्त, सुरक्षित किया जा सकें। इस दौरान वामा सारथी, आयुष विभाग, चिकित्सा विशेषज्ञों, पुलिस लाइन प्रशासन व प्रतिभागियों का आभार जताया।

# खेत से ट्रैक्टर निकालने से मना करने पर मारपीट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना तालबेहट के ग्राम खांदी अंतर्गत मजरा गनेशपुरा निवासी अरविन्द गिरी पुत्र मथुरा प्रसाद कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 6 दिसम्बर को सुबह करीब 7 बजे जब वह अपने खेत पर था। तभी गांव के वीरपाल यादव, शिशुपाल यादव व राजपाल यादव पुत्रगण श्रीराम यादव एकराय होकर उसके खेत से बजरा भरा ट्रैक्टर निकाल रहे थे। जब उसने ट्रैक्टर निकालने से मना किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर मौके पर आकर उसके परिजनों ने उसे बचाया, जिस पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पंचायत भवन निमार्ण कार्य अधूरा जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर ।** प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण सचिवालय (पंचायत भवन योजना ) अन्तर्गत लगभग पांच साल से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी जिम्मेदारों के उदासीनता के कारण अभी तमाम ऐसे पंचायत भवन हैं जो आधे अधूरे पड़े हुए हैं। और जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदकर बैठे हुए हैं। बताते चलें कि विकास खंड बांसी के ग्राम विशुनपुर में निर्माणाधीन पंचायत भवन पांच वर्ष पूरा होने को है जबकि पंचायत भवन का बाहर से देखने में पूरा तो जरूर लगता है लेकिन वास्तविक स्थिति वहां जाकर देखें तो न तो दरवाजे और खिडकियों में फाटक लगे हुए हैं। और न ही अंदर किचन, शौचालय के कमरों में मिट्टी ही पडी हुई है। कमरों में गंदगी, बरामदा में गाय का नाद रख कर बांधी जाती है। भवन के अंदर फर्श बनने की बात ही अलग है मिट्टी बराबर भी नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति मे ग्राम पंचायत के लिए क्रय किया गया कम्प्यूटर कैसे अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं । ऐसी स्थिति मे कम्प्यूटर या तो ग्राम प्रधान के घर की शोभा बढा रहे होंगे अथवा पंचायत सचिव के बैग मे धूल फांक रहे होंगे। ग्राम पंचायत सदस्य सिद्धेश्वर पांडेय ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेज कर पंचायत भवन के अधूरा निर्माण और मानक विहीन कार्य कराए जाने की जांच की मांग की हैं।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबन्ध में जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह का कहना है कि पंचायत भवन के अधूरे निमार्ण कार्य की जांच कराई जाएगी और किस कारण से अबतक निमार्ण कार्य पूरा नहीं कराया गया है। यदि निमार्ण कार्य के संपूर्ण धन की निकासी हो गई होगी और जांच के दौरान पंचायत भवन अधूरा पाया गया तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आठ अधिकारियों पर लटकी कार्यवाही की तलवार

**●दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत 14012 आवेदन लंबित**

**शत प्रतिशत आवेदन अग्रसारण हेतु डीएम ने दिया 2 दिन का अल्टीमेटम**

**बच्चों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं, अधिकारी पूरी गंभीरता से कराएं छात्रवृत्ति आवेदनों का अग्रसारण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में शैक्षिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन किये गए 14 हजार से अधिक आवेदन अब भी विभागों और शिक्षण संस्थाओं में लंबित पड़े हैं, जबकि राज्य सरकार द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार शिक्षण संस्थानों के स्तर से लंबित आवेदनों को अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर 2025 निर्धारित है। ऐसे में इस बड़ी लापरवाही का खुलासा तब हुआ जब जिलाधिकारी सी.एम. डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कर रहे थे। समीक्षा में पाया गया था कि सी.एम. डैशबोर्ड पर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 9-10 के 502, कक्षा 11-12 के 329 एवं पोस्ट मैट्रिक संस्थाओं के 13181, इस प्रकार (कुल 14012) आवेदन अभी तक शिक्षण संस्थाओं और विभागों में लंबित हैं, जिससे जिलाधिकारी भी हैरत में पड़ गए। और तो और इन लंबित आवेदनों में 13181 आवेदन पत्र ऐसे हैं जो उच्च शिक्षा स्तर पर लंबित है और प्राचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, नोडल अधिकारी, उच्च शिक्षा, प्राचार्य डॉयट, नोडल अधिकारी-प्राविधिक शिक्षा, नोडल अधिकारी, व्यवसायिक शिक्षा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक अधिकारी से संबंधित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति अत्यन्त आपत्तिजनक है एवं सम्बन्धित संस्था के उत्तरदायी अधिकारियों की शिथिलता का द्योतक है। शासन स्तर पर भी इस सम्बन्ध में असंतोष व्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और उक्त अधिकारियों व प्राचार्यों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदन पत्रों का शत-प्रतिशत निस्तारण 02 दिवस के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। यदि नियत समयावधि में कॉलेज/संस्था की शिथिलता के कारण आवेदन पत्र निस्तारित नहीं किये जाते हैं, तो सम्बन्धित कॉलेज, संस्था के उत्तरदायी प्राचार्यों, अधिकारियों के विरुद्ध निश्चित रूप से कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि उक्त संबंधित अधिकारी एवं प्राचार्य व्यक्तिगत रुचि लेकर युद्ध स्तर पर कार्य कराते हुये लंबित आवेदन पत्रों का शत-प्रतिशत निस्तरण सुनिश्चित करायें तथा प्रतिदिन की निस्तारण प्रगति से मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से अवगत करायें, यदि लापरवाही हुई तो इसके लिये अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि उनके द्वारा 09 दिसम्बर 2025 को अपरान्ह 04 बजे विकास भवन में प्रगति समीक्षा हेतु आवश्यक बैठक आहूत की है। संबंधित अधिकारीगण व कॉलेज/संस्था के ऐसे समस्त प्रधानाचार्य निस्तारण सूचना/विवरण के साथ उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे, जिनके स्तर पर आवेदन पत्र लंबित हैं।

## मदरसे में तालीम लेकर कलाम ए पाक पूरा करने वाले दस बच्चों की दस्तारबंदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिले के कस्बा मड़ावरा में शनिवार रात जामा मस्जिद के मदरसा में इजलास दस्तारबंदी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों की दस्तार बंदी की गई, जिन्होंने कलाम-ए-पाक मुकम्मल किया। कस्बा की जामा मस्जिद के मदरसे में इजलास दस्तारबंदी का कार्यक्रम हुआ। जिसमें मदरसे में तालीम हासिल करके कलाम-ए-पाक मुकम्मल करने वाले दस बच्चों की दस्तार बंदी हुई। जलसे का आगाज मौलाना अताउत समद साहब ने कलामे पाक की तिलावत से किया एवं फफूंद शरीफ से आए मौलाना अयाज साहब ने जलसे की सदारत फरमाई, निजामत मड़ावरा जामा मस्जिद इमाम मौलाना अताउत समद साहब ने की एवं उसके बाद मौलानाओं एबं बच्चों ने नात पेश की। कलाम ए पाक मुकम्मल करने वाले सभी बच्चों की गुलपोशी की गई, बच्चों प्रमाण पत्र एबं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। साथ में मदनी कायदा मुकम्मल करने वाले बच्चों की हौसला आफजाई की गई। वही एड. नूर निजाम मंसूरी द्वारा सभी बच्चों को गर्म शॉल, गिफ्ट एबं नगद राशि देकर हौसला आफजाई की गई। फफूंद शरीफ से आये मौलाना अयाज साहब ने मोबाईल के सही इस्तेमाल पर जोर दिया और रात को न जागने की नसीहत की। नमाज और अल्लाह का जिक्र करने की नसीहत करते हुए सभी से दीन के रास्ते पर चलने की अपील की। जलसे की सरपरस्ती मड़ावरा जामा मस्जिद इमाम मौलाना अताउत समद साहब एबं टोरिया स्थित सुन्नी मुनब्बरी मस्जिद इमाम आशिफ रजा साहब ने की। जलसे में दस बच्चे, बच्चियों की दस्तार बंदी हुई।इस अवसर पर आलिम जुनेद साहब, हाफिज समीउल कादरी साहब, हाफिज सादिक अली साहब, हाफिज इरशाद साहब समेत समाज के लोग मौजूद रहे।

# अंजनी मेला ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, महरौनी बनी चैंपियन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** अंजनी मेला ग्राउंड में आयोजित भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में महरौनी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरवांस को बड़े अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में कोरवांस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया, जो उनके लिए भारी साबित हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए महरौनी की टीम ने बेहतरीन पारी खेलते हुए निर्धारित ओवरों में 189 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता के बीच बेहतरीन तालमेल दिखाया और कोरवांस के गेंदबाजों को जमकर परखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरवांस की टीम महरौनी के धारदार गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं सकी और सिर्फ 83 रन पर सिमट गई। महरौनी के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखने और नियमित अंतराल पर विकेट झटकते रहे। फाइनल मुकाबले के समापन समारोह में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से देवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख महरौनी, हरिशंकर भौंडेले, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि खिरियाभारंजू, झल्लू राजा कोरवांस, इंद्रपाल सिंह उर्फ बल्लू राजा, लोकपाल सिंह, सलमान रज़ा, मनोज सेन पत्रकार, निखिल राजौरिया, सनत निरंजन, मनीष झा, सत्यम राजा रहे । इन सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया !

इस सफल आयोजन के पीछे ग्राम बारोन के युवा आयोजकों की अहम भूमिका रही। मुख्य आयोजकों में विजय राजा, रोहित राजा, शिवेंद्र राजा, शैलू राजा, जगदीश निरंजन, पवन पाल रहे।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ के थाना बड़ागांव अंतर्गत ग्राम ककरवाहा निवासी बृजेश पुत्र धनीराम यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 5 दिसम्बर को सुबह 11:55 बजे उसके मामा राकेश यादव पुत्र गुलझारी, नानी नन्ही बाई मोटर साइकिल संख्या एम.पी.36 यू 5694 से ककरवाहा से भौरसिल की ओर जा रहे थे। तभी एन.एच. 44 पर बंधा के पूंछा पर तेज गति व लापरवाही से ललितपुर की अंदर आने वाली रास्ते आ रही मोटर साइकिल यू.पी.94 एस 8678 आयी और उसके मामा की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उसकी नानी को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पल्सर सवार ने पैदल राहगीर को मारी टक्कर, झांसी रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला नेहरूनगर गुलझार गार्डन के पीछे रहने वाले राघवेन्द्र सिंह पुत्र शिवप्रसाद ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके साले थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम अमऊखेड़ा निवासी विस्सू राजा पुत्र धूपसिंह ललितपुर स्टेशन पैलेस के सामने 4 दिसम्बर को अपराह्न 1.17 बजे रोड किनारे फुटपाथ पर जा रहे थे, तभी अचानक से एक मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 जेड 4121 बजाज पल्सर काले रंग की जिसे चौबयाना पीली कोठी के पास निवासी अमन सोनी चला रहा था, उसके साथ एक व्यक्ति और भी बैठा हुआ था। उसने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके साले को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी। जिन्हें आसपास के लोगों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके सिर में गंभीर चोट होने के कारण झांसी रेफर कर दिया गया। मेडीकल कॉलेज झांसी में पहुंचने पर उनकी स्थिति देखी गयी तो डाक्टरों ने गंभीर बतायी। जिसके बाद उन्हें झांसी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, इसके बाद भी उन्हें होश नहीं आया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# संक्षिप्त खबरें

## सिद्धार्थनगर में 3 साल की अबोध बालिका की मौत



**शरीर पर चोटों के निशान, जताई जा रही हैं हत्या की आशंका**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौरा बनगवा (चकचई) में रविवार की सुबह तीन वर्षीय अबोध बालिका श्रेया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। के शरीर पर चोटों के साथ दांत काटने जैसे गहरे निशान मिले हैं। महेश अग्रहरी की पहली पत्नी खुशबू की तीन वर्ष पूर्व प्रसव के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसके बाद महेश अपनी बेटी श्रेया की अकेले देखभाल कर रहा था। अप्रैल 2025 में उसने पड़ोसी मुल्क नेपाल के बहादुर निवासी खुशी से दूसरा विवाह किया । रविवार की सुबह महेश व्यावसायिक कार्य से खलीलाबाद जा रहा था। बेंवा चौराहे पर पहुंचते ही खुशी ने फोन कर बताया कि श्रेया की तबीयत अचानक खराब हो गई है। महेश तत्काल घर लौटा तो बच्ची के शरीर पर चोट और दांत काटने के गहरे निशान दिखे। वह तत्काल उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंवा पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना पर भवानीगंज थानाध्यक्ष बृजेश सिंह और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बच्ची के शरीर पर मिले निशानों को देखते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश है। इस संबन्ध में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक फरिश्ता लिख गया संविधान को.....



**ललितपुर।** संविधान निर्माता डा.अंबेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ ने संविधान की निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस की मौके पर जिला बार भवन में एक गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें जिला बार के अधिवक्ताओं ने भारत रत्नसंविधान निर्माता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी एवं संचालन राम गोपाल अहिरवार एड. ने किया। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं शायर रामकृष्ण कुशवाहा ने कहा कि एक फरिश्ता लिख गया भारत के संविधान को आप पर ना ज बाबा सारी हिंदुस्तान को। इस दौरान रामगोपाल एड. ने कहा कि बाबा साहब दलित वंचित शेशित वर्गों के मसीहा थे, जिन्होंने भारत का संविधान लिखकर सभी वर्गों का मान सम्मान दिलाया है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता बृजेंद्र सिंह यादव, ओमप्रकाश घोष, निहाल सिंह लोधी, मुकेश कटारे, विजय गोस्वामी, हरिशंकर नामदेव, सुरेश सोनी, हरपाल सिंह, अभिषेक जैन, वृंदावन कुशवाहा, राजकिशोर गौतम, आसिफ खान, लोकेश निषाद, हीरालाल, दर्शन सिंह, चेतनराम निरंकारी, अजय विश्वकर्मा, बलराम सेन, अनिल यादव, कमलेश कुशवाहा, प्रकाश अहिरवार, गोपी प्रसाद, अभिलाषचंद्र रैकवार आदि उपस्थित रहे। अंत में जिला संयोजक रामगोपाल ने सभी का आभार जताया।

## मुकेश कट्प्पा ने फिर किया हमला

**ललितपुर।** पुलिस चौकी नई बस्ती अंतर्गत सिविल लाइन जैन मंदिर के पीछे रहने वाले विकास जैन पुत्र राकेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 5 दिसम्बर को अपराह्न करीब 1 बजे देवगढ़ रोड ओवर ब्रिज के पास था, तभी नेहरू नगर निवासी मुकेश कट्प्पा पुत्र ऊदल सिंह, विवेक उर्फ छोटू अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आये और उसके साथ गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# डीएम ने एसआईआर के सम्बंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में शनिवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार 04 नवम्बर से बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र का वितरण, संग्रह एवं डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है।जनपद के कुल 2525130 मतदाताओं के सापेक्ष 06 दिसम्बर तक 1947044 मतदाताओं के अर्थात् 77.11 प्रतिशत गणना प्रपत्र डिजिटाइज किये गये है। जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य 93.40 प्रतिशत हो चुका है। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभावार एसआईआर की प्रगति के बारे में अवगत कराया और उन्होंने बताया कि घर-घर सर्वे के दौरान जो मतदाता नहीं मिल रहे है, मृतक है, डुप्लीकेट हैं, पूर्ण रूप से स्थानातरित हो गये है या गणना प्रपत्रों को वापस देने से इंकार कर रहे है, ऐसे मतदाताओं को वेरीफाइ करते हुए सम्बंधित बीएलओ के द्वारा सूची बनायी जा रही है, जिसे राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त प्रतिनिधियों एवं बीएलए के साथ बूथवार साझा किया जा रहा है। उन्होने कहा कि यदि सूची में किसी मतदाता का गलत चिन्हांकन हो गया है तो उसकी आपत्ति सम्बंधित बीएलओ अथवा ईआरओ को उपलब्ध करा दें, जिससे सम्बंधित मतदाता का नाम रोलबैक कर दिया जाय। उन्होंने इस कार्य में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि अपने अपने बीएलए के माध्यम से लोगों को जागरूक करा दें कि 11 दिसम्बर अंतिम तिथि तक फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें। जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि एसआईआर का कार्य पूरी पारदर्शी प्रक्रिया के साथ सम्पन्न कराया जा रहा है। यदि आपकी कोई समस्या हो, तो उसके बारे में जानकारी दें।उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि अपने-अपने बीएलए को अपने स्तर से निर्देशित कर दें कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के फाइनल चार्ट को बीएलए द्वारा चेक करके उस पर हस्ताक्षर करेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसको निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाना है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों में भाजपा के राजेश सिंह, समाजवादी पार्टी के अब्दुल कादिर जिलानी, अपना दल एसके परमानन्द मिश्र, कांग्रेस से महेन्द्र शुक्ल, बसपा से प्रेम प्रकाश गौतम, आम आदमी पार्टी से दिनेश उपाध्याय व माकपा से जय प्रकाश सिंह व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## रास्ते में रोककर युवक से मारपीट

**गर्भवती पत्नी को भी पीटने का आरोप**

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम मिदरवाहा मजरा लक्ष्मनपुरा निवासी दिनेश पुत्र मठू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 30 नवम्बर को शाम करीब 7 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल नं. यू.पी.94 एन. 0341 से अपने घर जा रहा था। वह संदीप की दुकान के पास पहुंचा ही था कि तभी पहले से मौजूद छोटू पुत्र मनोहर लाल कुशवाहा, हेमन्त पुत्र रामफल, काशी पुत्र मुलु कुशवाहा, रचपाल पुत्र कुशवाहा गांव के हैं। छोटू बीच रास्ते में लाठी लिये खड़ा था, उससे अलग हटने को कहा तो उसने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और गालियां दीं। आरोप है कि इनमें से किसी ने गाड़ी की चाबी निकाल ली, जिसके बारे में पूछने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि हमले में उसकी गर्भवती पत्नी विद्या, भाभी रामकुंवर बचाने आयी तो उनके साथ भी मारपीट की गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## आदित्य शुक्ला उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में बने गवर्निंग काउंसिल सदस्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के निवासी पूर्व रणजी ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी खिलाड़ी आदित्य शुक्ला को इंडियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन की तरफ से उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में वर्ष 2025- 26 एक वर्ष के लिये गवर्निंग काउंसिल बीसीसीआई के सदस्य चुने गये हैं,जिसकी सूचना आदित्य शुक्ला को मेल के जरिए इंडियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन के सचिव वेंकट सुंदरम ने दी है। उन्होंने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन को निर्देशित किया है कि चुने सदस्यों के अधिकार और कर्तव्य तत्काल उन्हें सौंपा जाय।उनके इस उपलब्धि पर जनपद के क्रिकेट खिलाड़ियों में खुशी की लहर है, इसे जनपद में क्रिकेट के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।ज्ञात हो कि आदित्य शुक्ला जनपद के पहले रणजी ट्रॉफी व देवघर ट्रॉफी खिलाड़ी रहे है और अब इस क्षेत्र में भी जनपद के पहले व्यक्ति है जो बीसीसीआई की तरफ से उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की गवर्निंग काउंसिल के लिए चुने गए हैं, पेशे से अधिवक्ता वर्तमान में वकालत के साथ साथ स्पोर्ट्स स्टेडियम में बच्चों को क्रिकेट की बारीकियां सिखा रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज,उप खेल अधिकारी रंजीत यादव,जिला क्रिकेट संघ के सचिव मोहम्मद शफीक ,पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला,जिला क्रिकेट संघ के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी,वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी और जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी अनुज श्रीवास्तव, विनीत मिश्रा, ऋतिक श्रीवास्तव, मनीष मिश्र और स्टेडियम के सभी प्रशिक्षक खिलाड़ी के साथ ही जनपद के सभी खेल प्रेमी व शुभचिंतकों ने उनके इस मनोनयन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## यूपी बोर्ड : परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में 90 विद्यालयों ने की आपत्ति

**● ऑनलाइन 86, ऑफलाइन 4 आपत्तियां आई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की ओर से जारी 94 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित सूची पर विद्यालयों की ओर से बड़ी संख्या में आपत्तियां सामने आई हैं। निर्धारित समय सीमा चार दिसंबर तक कुल 86 ऑनलाइन और 4 ऑफलाइन आपत्तियां दर्ज की गई हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश आपत्तियां केंद्र परिवर्तन, केंद्र न बनाने या बनाए जाने, परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने, और केंद्र दूरी अधिक होने से जुड़ी रही हैं। कई विद्यालयों ने तर्क दिया है कि उनके यहां सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध होने के बावजूद सूची में उनका नाम शामिल नहीं किया गया है, जबकि पास के विद्यालयों में क्षमता कम होने के बावजूद उन्हें परीक्षा केंद्र बना दिया गया है। इन सभी दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी। समिति विद्यालयों की भौतिक स्थिति, क्षमता, परीक्षार्थियों की संख्या, दूरी, सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की सुविधा और बोर्ड मानकों को आधार बनाकर अंतिम निर्णय लेगी। निस्तारण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद संशोधित अंतिम सूची माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज को भेजी जाएगी, जिसके बाद परीक्षा केंद्रों को अंतिम स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि तय समय सीमा पर कुल 90 विद्यालयों ने आपत्तियां दर्ज कराई हैं जिसमें 86 ऑनलाइन और 4 ऑफलाइन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जो विद्यालय पात्रता मानकों को पूरा करते हैं और जिनकी आपत्तियां तथ्यात्मक रूप से सही होंगी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निर्णय में शामिल किया जाएगा। सभी आपत्तियों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से समीक्षा की जा रही है। अंतिम सूची जारी होने के बाद परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था, संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों की पहचान, सुरक्षा तैनाती व पर्यवेक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## रबी की बुआई के बाद सिंचाई की दरकार, नहरों की नहीं हुई सिल्ट सफाई

**●बजहा, मरथी, मझौली, सिसवा, शिवपति सागर से निकली 225 किलोमीटर लंबी नहरें सिल्ट और घास की झाड़ियां से भरे हुए हैं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



हरीश कुमार चौधरी

**सिद्धार्थनगर।** रबी की फसल गेहूं की बुआई के लिए किसान रात दिन एक कर बुआई कर चुके हैं।किसान अब सिंचाई के लिए नहरों का इंतजार कर रहे है। मगर सिंचाई विभाग की लापरवाही किसानों के अरमानों पर पानी फेरने का काम कर रही है। अधिकांश नहरों की विभाग ने सिल्ट सफाई नहीं कराई जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। पिछले दो माह से खाद के लिए परेशान किसानों ने रबी की बुआई कर दी है। पहले बुआई करने वाले किसानों के खेतों में फसल उग आई है। जिससे अब किसान सिंचाई के लिए नहरों के संचालन के इंतजार में है। जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए बोर की व्यवस्था है वह बोर से सिंचाई कर रहे है मगर अधिकांश किसान नहरों पर ही आश्रित है। मगर इन किसानों को सिंचाई के लिए परेशानी होगी। बजहा, मरथी मझौली, सिसवा, शिवपति आदि सागरों से निकली 225 किलोमीटर लंबी नहरों सैकड़ों गांवों की सिंचाई होती है। मगर उक्त सागरों से निकली नहर में सिल्ट जमा है। नोनहवा में नहर को लोगों ने कूड़ा डालकर पाट दिया है जिससे अब किसानों को परेशानी होगी। उक्त सागरों से निकली नहरों की भी दशा खराब है। सिंचाई विभाग के द्वारा नहरों की सिल्ट सफाई के नाम पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि नहरों की सिल्ट सफाई का विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। पूर्व में खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए गूल व्यवस्था लगभग समाप्त हो गई है। प्राचीन नहरों और गूल पर जगह-जगह लोगों ने कब्जा कर लिए है।उक्त सागरों से निकली नहरें सिल्ट सफाई नहीं हो पाई है। विभाग बजट न होने की बात कहकर किसानों से जुड़े मामले को नजरअंदाज कर रहा है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबन्ध में अधिशासी अभियंता कृपा शंकर भारती का कहना है कि नहरों के सिल्ट सफाई कराने के लिए टेंडर भी निकाले गए थे लेकिन धन उपलब्ध होने के कारण कार्य नहीं कराया जा सका। लेकिन धन उपलब्ध होते ही सिल्ट सफाई का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

## अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 बावरी मस्जिद विध्वंस 500 वर्ष का कलंक समाप्त

**●अयोध्या शौर्य दिवस 33 व वर्ष**

**विश्व विख्यात श्रीराम मंदिर का निर्माण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** श्रीगोशाला अखाड़ा तालाबपुरा में एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता शील चन्द सिंघई ने व संचालन फूलचन्द विश्वकर्मा ने किया। बैठक में श्रीहनुमानजी महाराज व प्रभु श्रीरामचन्द दरबार का पूजन किया गया। और श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आज से 33 वर्ष पूर्व विश्व के समस्त हिन्दू समाज ने मिलकर 500 वर्ष पूर्व मुस्लिम शासक औरंगजेब के द्वारा भारत हिन्दु मंदिर को तोड़ और मीर बाकी ने 16 वी सदी में अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर को तोड़कर बाबरी मस्जिद का निर्माण किया था उस कलंक का सम्पूर्ण हिन्दू समाज ने मिलकर बाबरी मस्जिद को तोड़कर 500 वर्ष का कलंक समाप्त किया और विश्व विख्यात प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण किया। दीए जलाए, पटका जलाए व प्रसाद वितरण किया। बैठक में आदर्श जैन, अविन्द संज्ञा, नरेश विदुआ, नरेन्द्र पाठक, अशीष तिवारी, पंकज रैकवार, रज्जन चतुर्वेदी, मुन्ना तिवारी, अनिल, रजनीश, रजत, रामरतन माली, मनीष पवैया, मुकेश जैन, प्रभु, कोमल, पूरन, रतन, प्रकाश, कामता, प्रताप कुशवाहा, अंकित शिवाजी, टोनी, संजय, प्रेम, जगदीश, कक्कू, कुंदन सेन, रोहित यादव, रामेश्वर साहू, बल्ली चौबे, आदि मौजूद रहे।

## छात्रवृत्ति के आवेदन पत्रों को 13 दिसम्बर तक आनलाइन सत्यापित व अग्रसारित किया जाय

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2025-26 में पूर्वदशम्/दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समस्त वर्गों के छात्रों के लिये संशोधित समय सारिणी निर्गत की गई है। उन्होने बताया है कि छात्रवृत्ति हेतु किये गये आनलाइन आवेदन को 07 दिसम्बर तक छात्र/छात्राओं द्वारा फाइनल प्रिन्टआउट किया जायेगा, 09 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्लकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा। उन्होने बताया है कि 13 दिसम्बर तक विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा। 28 दिसम्बर तक त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों/संस्था के स्तर से सही किया जायेगा। 29 दिसम्बर तक त्रुटियां संशोधन के पश्चात् छात्रों द्वारा सही आवेदन को विद्यालय में जमा किया जायेगा। 23 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित किया जायेगा।

# कानपुर को नए स्वरूप में स्थापित करने हेतु 'कानपुर वॉक' का सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर को एक नए स्वरूप में स्थापित करने और बेहतर कानपुर बनाने की दिशा में आज पहला महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। कानपुर सुपर 100 के तत्वावधान में आयोजित 'कानपुर वॉक' का शुभारंभ जिलाधिकारी कानपुर नगर श्री जितेंद्र प्रताप सिंह, बीजेपी कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाश पाल, तथा कानपुर सुपर 100 के संस्थापक डॉ. सुधांशु राय द्वारा किया गया। नाना राव पार्क से प्रारंभ होकर ग्रीन पार्क तक आयोजित इस वॉक में जिलाधिकारी और क्षेत्रीय अध्यक्ष ने पूर्ण सहभागिता की। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कानपुर की पहचान को नई दिशा देने हेतु यह एक सराहनीय पहल है, जिसमें शहर के विविध क्षेत्रों के स्थापित व्यक्तित्व एक मंच पर आए हैं। उन्होंने कहा कि कानपुर असीमित संभावनाओं वाला शहर है और इसे मॉडल सिटी के रूप में स्थापित करने का स्पष्ट विजन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कानपुर को खुशहाल स्वरूप देने हेतु हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें ऐसी सकारात्मक सोच विकसित करनी होगी जो लोगों को एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा दे। कानपुर सुपर 100 के संस्थापक डॉ. सुधांशु राय ने बताया कि इस समूह में 100 विशेषज्ञ शामिल हैं तथा हमारा लक्ष्य 2026 तक कानपुर के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार कर शहर को सौंपना है। इसी उद्देश्य से आगामी समय में 'कानपुर कॉन्क्लेव' का आयोजन भी प्रस्तावित है। कानपुर वॉक के संयोजक अनिल गुप्ता ने बताया कि यह वॉक कानपुर सुपर 100 के शुभारंभ का कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य आमजन में अपने शहर के प्रति सकारात्मक भावना को जागृत करना है।

# डीएम ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर किया गुप्त दान व स्मारिका का किया विमोचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर दिनेश कुमार मिश्र द्वारा झण्डा लगाकर झण्डा दिवस का शुभारम्भ किया। इस दौरान जिलाधिकारी सहित कैम्प कार्यालय के कर्मचारियों व अन्य सम्भ्रान्त लोगों ने दान पात्र में स्वैच्छिक रूप से गुप्त दान देकर सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। जिलाधिकारी ने निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, उ0प्र0 लखनऊ से प्राप्त पुस्तिका ''स्मारिका-2025'' का विमोचन भी किया। इसके उपरान्त हीरक जयन्ती भारत पाक युद्ध 1965 का स्मृति चिन्ह जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को भेंट किया गया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, शिक्षण संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों, व्यक्तियों और व्यापारी समुदाय से अपील करते हुए कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण हेतु अधिक से अधिक धनराशि संग्रहित की जाय ताकि प्रतापगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सके। उन्होंने बताया कि दान की गई राशि वीर जवानों एवं शहीद परिवारों के आर्थिक सहयोग में उपयोग की जाती है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों की बदौलत आज हम सभी लोग सुरक्षित हैं। हम सब देशवासियों की जिम्मेदारी है कि सेनाओं के साथ अपनी भावनाओं को जोड़कर रखें एवं देश के सैनिकों का सम्मान करें। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि धनराशि संग्रहित करने हेतु जनपद के सभी कार्यालयों/विभागाध्यक्षों व शिक्षण संस्थाओं को जिला सैनिक कार्यालय की ओर से प्रतीक चिन्ह व कार फ्लेग लिफाफे में भरकर प्रेषित किया जा चुका है। जनपदवासी स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग हेतु क्यूआर कोड स्कैन कर भी दान कर सकते हैं।

## जिलाधिकारी कानपुर के निर्देश पर जारी है सड़क सुरक्षा अभियान

**● 2 भारी वाहन सीज, 65 वाहनों पर 4.27 लाख रुपये का चालान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर नर्वल तहसील क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन को सख्ती से लागू करने हेतु प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया। उपजिलाधिकारी नरवल विवेक कुमार मिश्रा, एसीपी अभिषेक पांडेय और एआरटीओ प्रवर्तन टीम ने थाना महाराजपुर, नरवल और चकेरी की पुलिस के साथ नरवल मोड़ पर चेकिंग अभियान संचालित किया। अभियान में 02 भारी वाहन सीज किए गए और 65 वाहनों पर कुल 4.27 लाख रुपये के चालान किए गए। टीम ने ब्रेथ एनालाइज़र से चालकों की जांच भी की। प्रवर्तन मुख्यतः बिना नंबर प्लेट या छिपी नंबर प्लेट वाले वाहन, ओवरलोडेड वाहन, टैक्स बकाया, बिना तिरपाल खनिज ढुलाई, प्रदूषण प्रमाणपत्र न होने, शराब पीकर वाहन चलाने और डीएल न दिखाने जैसे मामलों पर केंद्रित रहा। हाल में बिना नंबर या धुंधले नंबर वाले वाहनों के कारण हिट-एंड-रन मामलों में वृद्धि दर्ज की गई थी, जिसके समाधान हेतु यह अभियान तेज किया गया है। एसडीएम विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी हर त्रुटि गंभीर परिणाम ला सकती है और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा हिट-एंड-रन मामलों में कमी लाने, प्रभावित व्यक्तियों को मुआवजा उपलब्ध कराने और कोहरे-धुंध जैसी परिस्थितियों में दुर्घटनाओं के न्यूनीकरण हेतु नियमित व प्रभावी प्रवर्तन के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमविरुद्ध वाहन संचालन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कानपुर सागर हाइवे पर ट्रकों की भिड़ंत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर सागर हाइवे पर एक सड़क हादसा हुआ,स्योदी गांव के पास दो ट्रकों की आमने सामने की टक्कर में एक ट्रक चालक केबिन में फंस गया, गंभीर रूप से घायल चालक को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सजेती थाना क्षेत्र के अमौली गांव निवासी संदीप सिंह अपने ट्रक से कानपुर की ओर जा रहे थे, घाटमपुर थाना क्षेत्र के स्योदी गांव के पास सामने से आ रहे एक ट्रक से उनकी ज़ोर दार टक्कर हो गई, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि संदीप का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, और वह अंदर फंस गया, ट्रक में मौजूद हेल्पर किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा,और उसने मोटर मालिक व पुलिस को घटना की सूचना दी।

दुघर्टना में संदीप का पैर दो जगह टूट गया है, हादसे के बाद वह वह लगभग 40 मिनट तक केबिन में फंसे रहे, सूचना मिलते ही पुलिस और एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम स्थानीय लोगों की मदद से मौके पर पहुंची,कटर और अन्य उपकरण की सहायता से करीब 40 मिनट की मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला गया, उन्हें तुरंत घाटमपुर सीएचसी ले जाया गया , जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया, घटना के बाद 108और एनएचएआई की एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई, ग्रामीणों का कहना था कि यदि एंबुलेंस समय पर पहुंच जाती तो चालक को जल्द इलाज मिल सकता था, और उसकी हालत इतनी गंभीर नहीं होती।

## खेत से मोटर साइकिल चोर कर ले गया बदमाश

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम सिरसी में रहने वाले आनन्द पुरी पुत्र कैलाश पुरी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 1 दिसम्बर को रात करीब 9 बजे वह अपने घर से मोटर साइकिल एच.एफ.डीलक्स नं. यू.पी.94 क्यू 3607 से अपने खेत पर पानी लगाने के लिए गया था। उसने अपनी मोटर साइकिल को नहर के पास लॉक करके खडी कर दी। रात करीब 11 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मोटरसाइकिल खेत से ही चोरी कर ली। आरोप है कि उसने अज्ञात व्यक्ति को उसकी बाइक ले जाते हुये देखा, उसने चिल्ला कर आवाज भी लगाई, लेकिन उक्त युवक भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## सजेती में इलाज के दौरान बुजुर्ग महिला की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती क्षेत्र में 06 दिन पहले कथित तौर पर हुई घायल बुजुर्ग महिला 90 वर्षीय की मौत के बाद ग्रामीणों ने देर रात हंगामा कर दिया, परिजनों और ग्रामीणों ने देर रात नारेबाजी करते रहे, और शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं ले जानें दिया। शनिवार रात 11, 30?बजे पुलिस परिजनों को समझानें में सफल रही, म्रतका के बेटे ने आरोप लगाया है कि 30 नवंबर की रात उनकी मां के साथ दुष्कर्म किया गया था, हालांकि पुलिस ने कथित तौर पर मारपीट की तहरीर लेकर हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था, बेटे का कहना है कि अब मेरी मां की मौत के बाद पुलिस मुकदमें में धाराएं बढ़ाएगी,सजेती थाना क्षेत्र के निवासी म्रतका के बेटे ने यह भी बताया कि मेडिकल रिपोर्ट में डाक्टरों ने दुष्कर्म की आंशका जताई थी, लेकिन पुलिस ने तब कोई कार्रवाई नहीं की, शनिवार को मेरी मां की मौत के बाद पुलिस हरकत में आई, और आरोपी को हिरासत में ले लिया है। परिजनों ने मांग की कि जब तक आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और हत्या का मामला दर्ज कर उसे जेल नहीं भेजा जाता,और दोषी पुलिस कर्मियों पर कारवाई नहीं होती,तब तक वे शव को नहीं उठने देंगे,देर रात परिवार पुलिस के आश्वासन पर राजी हुआ, पुलिस ने बताया कि मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ाई जा रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा, घाटमपुर एसीपी क्रष्ण कान्त यादव ने बताया कि डाक्टरो ने मेडिकल जांच में दुष्कर्म की संभावना जताई है, जांच के लिए स्लाइड बना कर रिपोर्ट एफएसएल भेजी गई है, उन्होंने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होंगी, और आधार पर मुकदमें में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई जाएगी,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### आईआईसीटी एलुमनाई मीट वापी चैप्टर में पूर्व छात्रों का मिलन

**भदोही।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कार्पेट टेक्नोलॉजी के पूर्व छात्र शनिवार को अतुल लिमिटेड में आयोजित एलुमनाई मीट में एकत्र हुए। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के निदेशक डॉ. आर.के. वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में किया गया। मीट में पूर्व छात्रों ने न केवल पुरानी यादों को ताज़ा किया, बल्कि अपने व्यावसायिक अनुभवों और उपलब्धियों को भी साझा किया। संबोधन में डॉ. वार्ष्णेय ने आईआइसीटी में हो रहे हालिया विकासों की जानकारी दी और एलुमनाई नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए नियमित रूप से ऐसे आयोजन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में 2008 से 2025 बैच के लगभग 50 पूर्व छात्र शामिल हुए। इस दौरान प्रदीप शुक्ला (2008), मुनेंद्र सिंह (2009), अनूप चौरसिया (2010), विशाल मिश्रा (2013), अभिषेक श्रीवास्तव और दीपक ने अपने सुझाव और अनुभव प्रस्तुत किए। पाँच पूर्व छात्र अपने परिवारों के साथ पहुँचे, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी आत्मीय हो गया। डॉ. वार्ष्णेय ने वेल्सपन लिविंग लिमिटेड और अतुल लिमिटेड का दौरा कर उद्योग शिक्षा सहयोग को मजबूत करने और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। एलुमनाई मीट के आयोजन में अभिषेक, निकेत और सुमित की अहम भूमिका रही। पूरे कार्यक्रम का समन्वय श्री बी.सी. रे के मार्गदर्शन में किया गया।

### यूपी में स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के पोल से नहीं कटेंगे कनेक्शन, ऑटोमैटिक होगा बदलाव




**लखनऊ।** स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं का कनेक्शन किसी भी स्थिति में पोल से नहीं काटा जाएगा। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक (तकनीकी) ने पोल से लाइन उतारने या कनेक्शन काटने पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्मार्ट मीटर से जुड़े सभी कनेक्शन ऑटोमैटिक ऑनलाइन प्रणाली से ही कटेंगे या जुड़ेंगे। उन्होंने अभियंताओं और फील्ड स्टाफ के लिए स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम पर विशेष प्रशिक्षण अनिवार्य करने के भी निर्देश दिए हैं। राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के अनुसार स्मार्ट प्रीपेड मीटर के बावजूद प्रदेश में 4702 उपभोक्ताओं के कनेक्शन पोल से काटे गए। यह वही पुरानी व्यवस्था है, जिसमें बिजली कर्मचारी सीढ़ी लेकर पोल पर चढ़कर कनेक्शन काटते थे। जब यह मामला विद्युत निगम के अधिकारियों के संज्ञान में आया तो उन्होंने सभी अभियंताओं और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर में किसी भी प्रकार का पोल से कनेक्शन काटना पूर्णतः अनुचित और गैरजरूरी है। प्रदेश में अब तक लगभग 53 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। यह मीटर ऑटोमैटिक हैं। इनमें उपभोक्ता के खाते में शेष राशि कम होने या बकाया होने पर बिजली आपूर्ति स्वतः ही रुक जाती है। रिचार्ज होने पर बिजली आपूर्ति शुरू भी हो जाती है, लेकिन कुछ खंडों में अभी भी अभियंता बकाए पर कनेक्शन सीढ़ी से काट रहे हैं।

### दिल्ली में सांस लेना मुश्किलः दिसंबर के पहले सप्ताह मे AQI रहा गंभीर, प्रदूषण पर हवा का भी नहीं पड़ा असर

नई दिल्ली। हवा चलने के बाद भी रविवार को दिल्ली की हवा बहुत खराब श्रेणी में रही। शनिवार की तुलना में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में कुछ कमी तो आई है, लेकिन अभी भी 300 के ऊपर है। पूरे सप्ताह राजधानी में एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार पांच नवंबर के बाद 1 दिसंबर को आइक्यूआइ 300 के नीचे आया था,लेकिन उसके अगले दिन से दोबारा बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया। सीपीसीबी के समीर एप के अनुसार, रविवार को बवाना में सबसे अधिक एक्यूआई 366 और मुंडका में 363 दर्ज किया गया। दिल्ली के 40 निगरानी केंद्रों में से 29 ने वायु गुणवत्ता को बहुत खराब श्रेणी में और 11 ने खराब श्रेणी में बताया। बहुत खराब वायु गुणवत्ता वाले स्टेशनों में पुसा (360), नेहरू नगर (354), रोहिणी (353), जहांगीरपुरी (348), विवेक विहार (348), वजीरपुर (346), आनंद विहार (344), आरके पुरम (336), पंजाबी बाग (328), अशोक विहार (327) और आइटीओ (321) भी शामिल हैं। आईजीआई एयोरपोर्ट पर सबसे कम प्रदूषण रहा। यहां का एक्यूआइ 222 दर्ज हुआ। आइआइटीएम-पुणे के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के अनुसार राजधानी के प्रदूषण में सबसे अधिक हिस्सेदारी वाहनों से होने वाले उत्सर्जन की है। पूरे सप्ताह यह लगभग 15% रहा। इसके बाद दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक इकाइयों का लगभग7%, आवासीय स्रोत का 3.5% और निर्माण का 2% रहा।

# दुष्कर्म के आरोपी ने कुछ ही घण्टों बाद फंदा लगाकर की आत्महत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** बिवांर थाना क्षेत्र के उमरी गांव निवासी युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के बाद फंदा लगाकर खुद मौत को गले लगा लिया। बीते शनिवार शाम लगभग आठ बजे थाना क्षेत्र के उमरी गांव ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। गांव की एक महिला ने पड़ोसी युवक पर अपनी दस साल की पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए बिवांर थाना में तहरीर दी।पुलिस ने आरोपी आलोक उर्फ सतीश प्रजापति(27)पुत्र रामआसरे के खिलाफ देर रात लगभग एक बजे किशोरी से दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।लेकिन घटना में उस समय नया मोड़ आ गया जब आरोपी को ढूंढ रही पुलिस को सुबह लगभग साढ़े सात बजे आरोपी का शव उमरी गांव के बाहर नहर पुलिया से कुछ दूर खेत पर खड़े नीम के पेड़ से आरोपी का शव लटका मिला।ग्रामप्रधान कपिल वर्मा ने बताया कि खेत गए लोगों ने देखकर उन्हें सूचना दी ,जिसपर प्रधान ने पुलिस को जानकारी दी।

घटना स्थल में मौदहा सीओ राजकुमार पांडेय ने भी जाकर निरीक्षण किया ,उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



पुलिस के मुताबिक ग्रामीणों से जानकारी मिली है कि आरोपी मृतक पहले भी छेड़छाड़ की घटना कर चुका था लेकिन मामले आपसी तौर पर निबटा लिए गए थे।

थाना प्रभारी नन्दराम ने बताया कि सूचना मिलने पर घटना स्थल जाकर देखा गया तो आरोपी का शव नीम के पेड़ से मजार आदि पर चढ़ाई जाने वाली नीले रंग की चादर से बंधा लटका मिला।कहा घटना में अगर कोई दूसरा एंगल मिला तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट हो सकेगा।बताया प्रथम दृष्टया युवक ने आत्मग्लानि और कानून के भय से यह कदम उठाया होगा।

**इनसेटः-** गांव के लोगों ने बताया कि आरोपी युवक पहले भी ऐसी तीन वारदात कर चुका था।वहीं पीड़ित किशोरी के पिता ने बताया कि शाम लगभग साढ़े सात बजे आरोपी युवक





ने उसकी पुत्री को घर जाकर लोटा देने के लिए कहा और खुद पीछे-पीछे है पहुंचा। बताया कि बच्ची को उठाकर गांव के बाहर खेतों पर ले गया और उसके साथ कुकर्म कर डाला। दूर खेतों में किसानों ने आवाज सुनकर टॉर्च लगाई तो वह भाग गया।बच्ची ने रोते-बिलखते सब कुछ बताया।वहीं बच्ची को ढूंढते-ढूंढते परिजन भी वहां पहुंच गए और बिवांर थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

## कप्तानगंज थाने पर शव को रखकर परिजनों ने किया प्रदर्शनकर स्कूल बहन के खिलाफ दर्ज हो मुकदमा

### ● पीड़ित परिजनों ने स्कूल वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कर रहे थे मांगस्कूल वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग व्यक्ति की हुई थी मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाने पर शव को रखकर पीड़ित परिजनों ने धरना प्रदर्शन किया । पीड़ित परिजनों का आरोप था कि स्कूल वाहन चालक के खिलाफ सन्तोषजनक कार्यवाही नही की गई है सन्तोषजनक कार्यवाही करने की मांग पर पीड़ित परिजन डटे रहे । मामला तूल पकड़ता देख प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार श्रीवास्तव ने पीड़ित परिजनों को समझा बुझाकर धरना प्रदर्शन खत्म कराया और निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

आपको बता दें कि कप्तानगंज थाना के सामने थाना रोड पर डाक घर के पास तेज रफ्तार स्कूल वाहन ने घर जा रहे बुजुर्ग को



मारी ठोकर मार दी हादसे में कप्तानगंज थाना क्षेत्र के जसईपुर गांव निवासी रामफेर (50) पुत्र गौरी शंकर की मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई थी। पीड़ित परिजन आज पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को लेकर थाने पर पहुंच कर हंगामा किया था। पीड़ित परिवार ने बताया कि जब वाहन को कप्तानगंज पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है तो क्यों अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अज्ञात वाहन के बजाए ज्ञात वाहन के नाम मुकदमा दर्ज किया जाएं। उक्त प्रकरण में सी ओ कलवारी से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो सी ओ कलवारी का फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर निकला।

## 'प्रदूषण की समस्या के लिए पूर्व की सरकारों को दोषी ठहराना अनुचित', रेखा गुप्ता पर भड़के कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का प्रदूषण की समस्या के लिए पूर्व की सरकारों को दोषी ठहराना अनुचित है। वह अपनी जिम्मेदारी से भाग रही हैं। पिछले 10 महीनों में प्रदूषण रोकथाम के लिए भाजपा सरकार द्वारा किए गए काम सिर्फ दिखावा है। उन्होंने कहा कि 2014 से केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार है। वर्ष 2007 से 2022 तक दिल्ली नगर निगम में भी भाजपा का शासन था। पिछले 10 महीनों से दिल्ली सरकार और आठ माह से निगम में भाजपा है। इसके बावजूद प्रदूषण की समस्या कम नहीं हुई। दिल्ली में कई काम केंद्र के नियंत्रण में है। धूल व गंदगी हटाने का काम निगम है। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री यह कह रही हैं कि उन्हें दिल्ली में प्रदूषण की समस्या विरासत में मिली है तो यह भाजपा की भी विफलता है, क्योंकि केंद्र व निगम ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। भाजपा ने सत्ता में आने पर प्रदूषण की समस्या हल करने का वादा किया था। अब मुख्यमंत्री असंवेदनशील बयान देकर अपनी जिम्मेदारी से भाग रही हैं।

## धर्मनगरी में संचालित होटलों में पर्यटकों को मिलें अच्छी सुविधाएं- डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूटः** जनपद में संचालित होटलों में मिलेट्स से सम्बन्धी खाद्य उत्पाद, अग्निशमन संबंधी व्यवस्थाएं, स्वीकृत मानचित्र के अनुसार निर्माण के सम्बन्ध में रविवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यहां पर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जनपद में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। जनपद में संचालित होटल में यदि मूलभूत सुविधायें जैसे साफ-सफाई, पीने का पानी पार्किंग आदि की व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जायें तो न केवल जनपद की अलग पहचान बनायी जा सकती है बल्कि होटल व्यवसायी के रूप में अपनी आय को भी बढ़ाया जा सकता है। डीएम ने होटल व्यवसायियों के समक्ष प्रमुख रूप से बुन्देलखण्डी उत्पाद को बढ़ावा देने तथा पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण जनपद चित्रकूट में एकरूपता लाने पर बल दिया। कहा कि अपने शहर की समृद्धि के लिये कार्य करें तथा प्रमुखता से अपने होटल की साफ-सफाई की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। होटलों में प्लास्टिक की बोतलें रखना बंद करें, उनकी जगह काँच की बोतलों का प्रयोग करें। साफ-सफाई की स्थिति में सुधार लाया जाना अतिआवश्यक है। होटल परिसर में पार्क झूले आदि लगवाकर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता हैं। कहा कि प्लॉस्टिक उत्पादों के प्रयोग को हतोत्साहित करें तथा होटल में उपलब्ध कराये जाने वाली सामग्री जैसे टूथपेस्ट, साबुन आदि के लिये कागज की बनी थैलियों का प्रयोग करें। कहा कि समस्त होटल व्यवसायी नगर पालिका से समन्वय रखते हुये सूखा एवं गीला कूड़ा नियमित रूप से डिस्पोज करें। गीले कूडे के सम्बन्ध में कहा कि उसकी खाद बनाकर खेतों या पार्क में प्रयोग करें अथवा बिक्री कर मुनाफा कमा सकते हैं। कहा कि कोई भी कूड़ा अपने आस-पास की खुली जगह, मार्गो अथवा सड़को पर नहीं फेंकें।

कहा कि चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत स्थित समस्त होटल स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही होटल का संचालन करेंगें। कोई भी होटल अथवा व्यवसायिक प्रतिष्ठान यदि आवासीय



मानचित्र स्वीकृत कराकर व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालित कर रहा है, तो उसे दो माह का समय प्रदान किया जा रहा है कि वह अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान के अनुरूप नियमानुसार मानचित्र संशोधित करा ले, अन्यथा की दशा में उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि समस्त मानचित्र स्वीकृत की कार्यवाही अभियान चलाकर पूर्ण की जाये। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त होटलों में आग से बचाव से सम्बन्धित उपकरण अनिवार्य रूप से लगे होने चाहिये, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। निर्देशित किया कि समय-समय पर अग्निशमन संयंत्रों का निरीक्षण कर होटल व्यवसायियों को फायर इक्विपमेंट्स चलाने तथा मॉक ड्रिल आदि कराएं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त होटल में खाद्य सुरक्षा के मानक के अनुरूप ही खाद्य पदार्थ उपलब्ध हों, इसका समय-समय पर निरीक्षण कर व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें तथा मिलेट्स उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए अपने स्तर से प्रभावी कार्यवाही के लिए कार्ययोजना तैयार करें। चित्रकूट क्षेत्र विकास प्राधिकरण के सचिव को निर्देशित किया गया कि समस्त होटल संचालकों का एक व्हाट्सऐप्प ग्रुप बनाएं। जिससे समय-समय पर शासन के निर्देशों को उन तक पहुँचाने तथा होटल व्यवसायियों के सुझावों का ससमय संज्ञान लिया जा सके।

सभी होटल व्यवसायिकों से कहा कि जनपद की अपनी एक अलग पहचान होनी चाहिये। इस परम्परा को अपनाते हुये सभी होटल परिसर में स्थानीय कलाकृतियों को प्रदर्शित करें। सम्पूर्ण रामघाट में स्थित होटल व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के निर्माण में एकरूपता बनायी जाये, जिससे जनपद चित्रकूट की एक अलग पहचान बन सके। विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण सचिव को निर्देशित किया कि रामघाट पर शीशे से निर्मित होटल को नोटिस जारी करते हुये नियमानुसार कार्यवाही कराएं। होटल व प्रतिष्ठान संचालकों से कहा कि बुन्देलखण्ड कृषि से सम्बन्धित मिलेट्स उत्पाद (ज्वार, बाजरा, साँवा, रागी, कोदौं आदि) को प्रोत्साहित करें, इससे जनपद के स्थानीय किसानों की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। कहा कि समस्त होटल व्यवसायी अपने मीनू में भी मिलेट्स संबंधी उत्पाद अनिवार्य रूप से शामिल करें। इसके साथ ही एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत सभी व्यवसायी अपने रिसेप्शन पर जनपद की बनी हुयी वस्तु रखें। कहा कि समस्त शासकीय कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि को उपहार स्वरूप ओडीओपी से सम्बन्धी उत्पाद ही भेंट किये जायेंगें। बताया कि जनपद में आगामी दिवसों में मिलेट्स महोत्सव कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसमें होटल व्यवसायियों के मीनू को लॉंच किया जायेगा। सभी होटल व्यवसायी अपने प्रतिष्ठानों में क्यू आर कोड का डिस्प्ले अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। बताया कि आगामी दिवसों में जनपद में संचालित होटल व्यवसायियों के मध्य स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा तथा स्वच्छता मानक को पूर्ण करने वाले प्रथम तीन होटल प्रतिष्ठानों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। इस मौके पर सचिव विशेष क्षेत्र प्राधिकरण अजय यादव, कृषि उप निदेशक राजकुमार सहित होटल व्यवसायी आदि मौजूद रहे।

## गोवा त्रासदी का असरः दिल्ली में रेस्टोरेंट्स एवं क्लब पर फायर सेफ्टी को लेकर सख्त निगरानी, एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली।** गोवा में एक नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की दर्दनाक मौत के बाद दिल्ली के रेस्तरां संचालकों को एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें उन्हें अग्निशमन यंत्रों की जांच व इंतजाम के साथ ही निकासी व प्रवेश के द्वारा अलग-अलग करने जैसे ऐहतियात शामिल हैं। खासकर तब जब क्रिसमस और न्यू ईयर पार्टियों का दौर बस आने वाला ही है। उन दिनों व उसके आस-पास खासकर डिस्को बार व पब में काफी लोग रहते हैं। इसी तरह, कई जगह पार्टियों का आयोजन होता है। नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के दिल्ली चैप्टर के अध्यक्ष संदीप आनन्द गोयल ने कहा कि यह काफी भयावह दुर्घटना है, जिससे यहां के रेस्तरां संचालकों को भी चिंता में डाला है। उनके अनुसार, वैसे, गोवा की तुलना में दिल्ली में सख्ती अधिक है। यहां बिना अग्निशमन सेवा के एनओसी के रेस्तरां, बार का लाइसेंस नहीं मिलता है। फिर भी उन्हें सचेत रहने को कहा गया है।

## क्षेत्रीय युवाओं को एवं बेरोजगारों को जल्द से जल्द रोजगार मुहैया कराए आर.के.टी.सी. कंपनी- देवी सिंह सेंगर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शहडोल** श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश मंत्री देवी सिंह सेंगर और समस्त पदाधिकारियों ने आर के टी सी बिल्डिंग इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के जी एम विवेक पाठक से शिष्टाचार भेंट कर इस ई सी एल क्षेत्र से लगे गांवों की समस्या को कंपनी के समक्ष रखा साथ ही बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने की बात कही, आपको बता दें कि श्री राजपूत करणी सेना हमेशा से ही क्षेत्र के युवाओं को एवं बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए इस ई सी एल कोयलांचल क्षेत्र में काम कर रही समस्त कंपनियों से यह बात कहते आ रहे हैं कि आप हमारे क्षेत्र में हमारी हमारे प्रकृति के भंडारण का व्यवसाय कर रहे हैं जिस कारण से क्षेत्र के लोगों का पहला अधिकार बनता है कि उन्हें रोजगार मुहैया कराया जाए और इस ई सी आर मद से आसपास के गांवो का भी विकास किया जाए।

जन सरोकार की भावना को ध्यान में रखते हुए गरीबों की आजीविका के साधन मुहैया कराना ,स्वच्छता का ध्यान रखना,



मेडिकल संबंधी सहायता प्रदान करना, पर्यावरण नियंत्रण बनाए रखने का प्रयास भी उक्त क्षेत्र में कार्य करने वाली सभी कंपनियों को करना होगा आपको बता दें कि इसके पहले भी एसईसीएल कोयलांचल क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनियों के द्वारा स्थानीय लोगों की एवं बेरोजगारों की अनदेखी करने पर श्री राजपूत करणी सेना के द्वारा वृहद आंदोलन किए गए हैं और काम करने वाली बड़ी-बड़ी कंपनियों को भी इनकी बात मानना पड़ा है। हालांकि आर के टी सी बिल्डिंग इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के जीएम विवेक पाठक ने हर संभव मदद करने की बात कही है।

## शहीद महोत्सव मेला 2025 में झूमी बुंदेली लोक-संध्या, राई नृत्य ने बांधा समां

### ● सुप्रसिद्ध कलाकारों की धमाकेदार प्रस्तुतियों से महरौनी में गूँजी बुंदेली लोक धुनें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** अमर शहीद राजेंद्र शुक्ल की स्मृति में आयोजित शहीद महोत्सव मेला 2025 के द्वितीय दिवस पर पारंपरिक लोक संध्या एवं राई नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने मां सरस्वती तथा शहीद शुक्ल के चित्र पर दीप प्र'वलन एवं फीता काटकर उत्सव का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में बतौर मु य अतिथि उपजिलाधिकारी महरौनी रजनीश कुमार बाजपेई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह, विवेक प्रकाश सोनी (बंटी भैया), श्रीप्रकाश दुबे (नन्ने महाराज), युवराज सिंह, हकीम सिंह (प्रधान किसरदा), सोनू कुशवाहा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। लोक संध्या में बुंदेलखंड के वि यात




कलाकार अरविंद कुशवाहा, राकेश कमाल ठाकुर, रोशनी राजपूत, दीक्षा भारती एंड ग्रुप ने बुंदेलखंड की सांस्कृतिक सुगंध बिखेरते हुए शानदार लोकगीत, राई नृत्य और अन्य पारंपरिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। राई नृत्य की लय, ताल और ऊर्जा ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्मृति समारोह सद्भावना समिति के पदाधिकारियों में ठाकुर धीरज सिंह सिकरवार, प्रदीप पाठक, राजेश श्रीवास्तव, कैलाश नारायण तिवारी, ठाकुर सूर्य प्रताप सिंह, बृजेश रिछारिया, दीपक तिवारी, संजय भौड़ेले, सचिन सोनी, जय हिन्द सिंघई, सतीश सिंघई, सुमित मिठ्या, पवन पटैरिया, बृजेश नायक, श्रीराम रैकवार, उमेश कुशवाहा, भरत कुशवाहा, राजू पेंटर आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन पीयूष शुक्ला गोलू द्वारा किया गया।

## सुंदर, सुडौल और शक्तिशाली घुटनों के लिए करें जानू शक्ति विकासक क्रिया- रमेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूटः** जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने पैरों के घुटनों को निरोगी और शक्तिशाली बनाने वाले सूक्ष्म योग जानू शक्ति विकासक क्रिया का अभ्यास कराते हुए बताया कि जानू का मतलब घुटना होता है। बताया कि घुटनों में दर्द होने से चलना-फिरना, उठना-बैठना, चढ़ना-उतरना मुश्किल हो जाता है। जिससे राहत पाने में जानू शक्ति विकासक क्रिया का नियमित अभ्यास करना चाहिए। योगाचार्य ने बताया कि पैर के घुटने तीन मुख्य हड्डियों को मिलाने वाला जोड़ है, जिसमें जांघ की हड्डी (फीमर), पिंडली की हड्डी (टिबिया) तथा पटेला (टोपी), स्नायु बंधन (लिगामेंटस), उपास्थि (कार्टिलेज), टेंडन और मांसपेशियों से एक साथ जुड़ी होती हैं। लिगामेंटस जोड़ को स्थिरता प्रदान करते हैं तथा कार्टिलेज चिकनी फिसलनदार उपास्थि हड्डियों के सिरों को ढकती है, जिससे घर्षण कम होता है और जोड़ को चिकनाई मिलती है। टेंडन और मांसपेशियां घुटनों को गति प्रदान करते हैं। घुटना एक सायनोवियल जोड़ है, जिसमें एक तरल पदार्थ जोड़ को चिकनाई और पोषण देता है। घुटनों में दर्द के अनेक कारण हो सकते हैं। चोट, गठिया और बढ़ती उम्र के साथ बढ़ता शारीरिक वजन। घुटनों के दर्द से मुक्ति पाने के लिए बॉडी वेट नियंत्रण, उचित योग व्यायाम,



पोषण युक्त भोजन और शारीरिक आराम के प्रति जागरूक होना चाहिए। सूक्ष्म योग व्यायाम में जानू शक्ति विकासक योग एक सार्थक और रामबाण उपाय है, जो घुटनों को मजबूती व सुरक्षा देता है। साथ ही जोड़ों के दर्द गठिया में सुधार लाता है। खिलाड़ियों के लिए यह योग बहुत ही उपयोगी है, इसके अभ्यास से घुटने सुंदर, सुडौल और शक्तिशाली बनते हैं। बताया कि इसे करने के लिए साम्यावस्था में खड़े होते हैं तथा श्वास खींचते हुए बाएं पैर की एड़ी को ऊपर उठाकर नितंब से स्पर्श कराते हैं और श्वास छोड़ते हुए पैर को जैसे फुटबॉल में किक मारते हैं ठीक वैसे ही सामने की ओर फेंकते हैं। इसी विधि को दाहिने पैर से भी इसे करते हैं। यह क्रिया 10 बार दोहराते हैं। सावधानी के तौर पर घुटनों में चोट की दशा में चिकित्सक से परामर्श आवश्यक है।

## इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मातम, बुजुर्ग माता-पिता का छिना बुढ़ापे का सहारा

**बाहरी दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी में डीटीसी बस ड्राइवर विकास की हत्या के बाद से परिवार में मातम का माहौल है। बुजुर्ग माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। किसी को समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर यह कैसे हुआ। हादसे के कुछ देर पहले ही विकास ने अपने परिवार के सदस्यों से फोन पर बात की थी। रविवार को वह अपने परिवार के कुछ सदस्यों से मिलने की बात भी कही थी। विकास के चाचा कृष्ण ने बताया कि वह अपने परिवार का इकलौता बेटा था। विकास अपने पिता अशोक के साथ हरियाणा के बहादुरगढ़ स्थित जसौर खेड़ी गांव में रहता था। परिवार में उसकी एक बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है। वह काफी समय से नौकरी की तलाश में था। दो वर्ष पूर्व ही वह डीटीसी में बतौर चालक भर्ती हुआ था। उनकी तैनाती रोहिणी सेक्टर 37 स्थित डिपो में थी। उसके पिता अशोक गांव में खेतीबाड़ी करते हैं। कृष्ण ने बताया कि देर रात उन्हें अस्पताल से विकास के बारे में जानकारी मिली। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत के बाद उसके पिता गम में डूब गए हैं। बस एक ही बात कह रहे हैं, विकास ही उनके बुढ़ापे का एक सहारा था। वह भी अब नहीं रहा। पीड़ित परिवार ने मांग की है कि बिना किसी देरी सभी आरोपित पकड़े जाएं, उन्हें सख्त से सख्त सजा मिले, ताकि फिर किसी के साथ ऐसा न हो।

## यूपी में निजीकरण के विरोध में एक जनवरी से बिजली कर्मी करेंगे प्रदर्शन, लखनऊ में होगी रैली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध और आंदोलन के बाद किए गए उत्पीड़न की कार्रवाई को समाप्त कराने के लिए एक जनवरी से आंदोलन करेगी। एक से आठ जनवरी तक ड्यूटी के दौरान बिजली कर्मी काली पट्टी बांधेंगे। आठ जनवरी को सभी डिस्काम मुख्यालयों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 21 जनवरी को लखनऊ में बिजली कर्मियों की रैली होगी।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि रविवार को सभी जिला संयोजक, सह संयोजक, श्रम संघों और सेवा संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बिजली कर्मियों के उत्पीड़न पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि निजीकरण के विरोध के चलते पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने एक वर्ष में मनमाने ढंग से अल्प वेतन भोगी हजारों संविदा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

हजारों बिजली कर्मचारियों का प्रशासनिक आधार पर दूरस्थ स्थानों पर तबादला किया गया है। जिसमें महिला कर्मी भी शामिल हैं। फेशियल अटेंडेंस के नाम पर महीनों तक बिजली कर्मियों का वेतन रोक कर रखा गया है। कार्यालय समय के बाद वीडियो कांफ्रेंसिंग से अलग हटने वाले 87 अधिशासी अभियंताओं को चार्जशीट देकर उनकी पदोन्नति और अन्य देय रोक दिए गए हैं।

यही नहीं बिजली कर्मियों को एक्ट के तहत मिल रही रियायती बिजली की सुविधा समाप्त करने के लिए उनके घरों पर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।



संघर्ष समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में झूठी एफआईआर दर्ज की गई हैं।

इन सबके विरोध में आठ जनवरी से ड्यूटी के बाद बिजली कर्मी आपूर्ति के अलावा कोई अन्य कार्य नहीं करेंगे। उपभोक्ताओं और किसानों की समस्याएं प्राथमिकता पर दूर की जाएंगी। सरकार की बिजली बिल राहत योजना में सहयोग किया जाएगा। रैली में बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और अभियंताओं के आंदोलन के अगले कार्यक्रम घोषित किए जाएंगे।